CMYK

# जागरूक टाइम्स

सिरोही, शनिवार, 29 मार्च 2025 ◆ वर्ष : 18 ◆ अंक : 69 ◆ पृष्ठ : 12 ◆ मूल्य : 2.50 रू.



सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव

## मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन

गरिमामयी उपस्थिति

**श्री ओम बिरला**
माननीय लोकसभा अध्यक्ष

**श्री भजनलाल शर्मा**
माननीय मुख्यमंत्री

**7800 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्रों का वितरण**

29 मार्च, 2025 | अपराह्न 12:00 बजे

स्थान : दशहरा मैदान, कोटा

### राशि हस्तांतरण / शुभारंभ / विमोचन

- स्कूल के विद्यार्थियों को 300 करोड़ रुपए से अधिक की राशि हस्तान्तरण का शुभारम्भ
- मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान
- जिला मुख्यालयों पर रोजगार मेलों का आयोजन
- स्किल नीति का विमोचन
- युवा नीति का विमोचन

### योजनाओं के दिशा निर्देश

- अटल ज्ञान केंद्र
- नई किरण नशा मुक्ति केंद्र
- निजी क्षेत्र में रोजगार पर वित्तीय सहायता
- द्रोणाचार्य अवॉर्डियों को भूमि आवंटन

**रन फॉर फिट राजस्थान का शुभारम्भ**
29 मार्च, 2025 | प्रात: 7:00 बजे | अमर जवान ज्योति, जनपथ, जयपुर

युवा कल्याण - बढ़ता राजस्थान

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

राजस्थान संवाद


CMYK

राजस्थान दिवस महोत्सव

# हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिलेगा: मुख्य सचेतक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जालोर क्लब में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि सुशासन एवं ई-गवर्नेंस राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में संवेदनशील, पारदर्शी एवं जवाबदेही सरकार विकसित राजस्थान के संकल्प के साथ विकास के पथ पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभान्वितों को बधाई देते हुए कहा कि पात्र व्यक्ति को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलवाना सरकार की प्राथमिकता है। समारोह के दौरान मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप. के गावंडे व मंजू सोलंकी ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत लाभार्थियों को किस्त के चैक, मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना के तहत 100 दिन का रोजगार वाले श्रमिकों एवं स्ट्रीट वेण्डर्स को वि' य प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्य' म का संचालन अम्बिका प्रसाद तिवारी ने किया।



## विकास में भागीदार बनने की ली शपथ

राजस्थान दिवस पर 30 मार्च को राजपत्रित अवकाश होने के कारण जिले के सभी राजकीय कार्यालयों, शिक्षण संस्थाओं में 28 मार्च को शपथ समारोह का आयोजन हुआ। राजस्थान दिवस के गौरवमयी अवसर पर शु' वार को सभी विभागाध्यक्षों ने अपने-अपने कार्यालयों में उपस्थित अधिकारियों एवं कार्मिकों को प्रदेश के विकास, खुशहाली, आत्मनिर्भरता और समृद्धि के लिए सि' य भूमिका निभाने की शपथ दिलाई। शपथ समारोह में विभाग के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों ने उपस्थित होकर विरासत भी और विकास भी की भावना को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के विकास के प्रति निष्ठा के लिए संकल्पबद्ध रहकर काम करने की शपथ ली।

## पंच गौरव पुस्तिका का हुआ विमोचन

जिला स्तरीय समारोह में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे व मंजू सोलंकी, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजौरा व नगर परिषद आयुक्त अनिता पहाड़िया द्वारा जालोर जिले की पंच गौरव पुस्तिका का विमोचन किया गया। पुस्तिका में जालोर जिले के पंच गौरव एक जिला एक गंतव्य 'सुंधा माता', एक जिला एक उत्पाद 'ग्रेनाइट', एक जिला एक उपज 'अनार', एक जिला एक खेल 'बॉक्सिंग' एवं एक जिला एक प्रजाति 'जाल वृक्ष' के संबंध में विस्तृत जानकारी का समावेश किया गया है। समारोह में आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के सहायक निदेशक धनसिंह राजपुरोहित, नगर परिषद के अधिशासी अभियंता दिलीप माथुर, डीपीएम नरेन्द्र कुमार, डीओआईटी के संयुक्त निदेशक कपिल लुणा, डिस्कॉम के अधिशासी अभियंता नारायणलाल सुथार, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भजनलाल विश्नोई सहित विभागीय अधिकारी-कार्मिक एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।



# हिन्दू नववर्ष पर आधारित पॉकेट पंचांग का किया विमोचन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सायला।** हिन्दू नववर्ष पर आधारित महालक्ष्मी पॉकेट पंचांग विक्रम संवत 2082, ईस्वी सन् 2025-26 का विमोचन निजी विद्यालय संघ, जालोर एवं नागरिकों की उपस्थिति में किया गया। पॉकेट पंचांग के निर्माता आचार्य डॉ. पुष्पदत्त दवे ने बताया कि इस पंचांग में हिन्दू चैत्र मास से बारह मास तक के तिथि, वार, नक्षत्र, पर्व, त्यौहार, उत्सव आदि का सरलता से वर्णन किया गया है। यह पंचांग भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म की परंपराओं से जुड़ा है। इसमें हमारी धार्मिक और संस्कृति के धरोहरों को संजोया है। पंचांग के अनुसार सनातन धर्म के विशेष पर्व, उत्सव, त्यौहार, पंचक, बिछुड़ा, पुष्य नक्षत्र, नवरात्रि, दीपावली पूजन, श्राद्ध पक्ष, ग्रहण, शनि पनौती, वार्षिक राशिफल एवं प्रतिदिन की तिथियां का बोध करवाता है। इस दौरान निजी विद्यालयों के संचालकों समेत अन्य नागरिक मौजूद थे।

# प्लेसमेन्ट शिविर में 37 आशार्थियों का हुआ चयन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिला प्रशासन एवं रोजगार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेन्ट शिविर का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय परिसर में हुआ। शिविर में जिला रोजगार अधिकारी राजीव कुमार सुथार ने उपस्थित आशार्थियों को विभागीय योजना व रोजगार पंजीयन के संबंध में जानकारी प्रदान की। शिविर में निजी संस्थान स्वतंत्र माइ' ोफिन प्रा.लि. सिरोही, एस.बी.आई. लाईफ इंश्योरेंस जालोर व बड़वे ऑटोटेक प्रा.लि. अहमदाबाद द्वारा उपस्थित आशार्थियों के साक्षात्कार के उपरांत कुल 37 आशार्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया। इस अवसर पर रोजगार विभाग के कार्मिक भजनलाल, किरणसिंह, मनोज कुमार व राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जालोर के समूह अनुदेशक उम्मेदसिंह सहित बड़ी संख्या आशार्थी उपस्थित रहे।

# रानीवाड़ा को पुन: ग्राम पंचायत बनाने पर पूर्व विधायक का आभार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** राजस्थान सरकार के स्वायत्त शासन विभाग की ओर से जारी आदेश से रानीवाड़ा नगरपालिका को पुनः ग्राम पंचायत बनाए जाने पर रानीवाडा के स्थानीय निवासियों एवं व्यापारी बंधुओं ने राज्य सरकार एवं पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल का आभार जताया। स्थानीय निवासी रिडमलसिंह डाभी ने बताया कि पूर्व में रानीवाड़ा के व्यपारियों एवं आमजन ने मिलकर रानीवाड़ा के पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल को राजस्थान सरकार के नाम ज्ञापन देकर रानीवाड़ा नगरपालिका को पुनः ग्राम पंचायत में तब्दील करने की मांग की थी। रानीवाड़ा को नगरपालिका बनाए जाने से शहरी क्षेत्र घोषित के कारण रानीवाड़ा के स्थानीय निवासियों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था साथ की कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। सरकार की ओर से पुनः ग्राम पंचासत बनाएं जाने पर स्थानीय निवासियों में खुशी का माहौल है एवं लोग राज-स्थान की भाजपा सरकार की भूरी-भूरी प्रशंसा कर रहे है।

# जालोर की बेटी ने जीता गोल्ड मेडल, किया स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 23 मार्च को आयोजित खेलो इंडिया पैरा गेम्स में 200 मीटर रनिंग में जालोर की बेटी ललिता गर्ग ने गोल्ड मेडल जीता है। शुक्रवार को गर्ग जालोर आने पर जालोर गर्ग समाज व मुख्य सचेतक ने स्वागत किया। गर्ग समाज के नगर महामंत्री जितेंद्र गर्ग में बताया कि सायला उपखण्ड के बोरवाडा निवासी ललीता कुमारी पुत्र मोहनलाल ने गोल्ड मेडल जीत कर जालोर का नाम रोशन किया। जालोर आने पर गर्ग समाज, विधानसभा मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग व जालोर वासियों ने एथलेटिक्स प्रतियोगिता विजेता खिलाड़ी का जगह-जगह माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। विधानसभा मुख्य सचेतक ने अपने घर पर स्वागत किया। गर्ग ने ममता को आगामी प्रतियोगिता के लिए तैयारी करने के लिए बोला, और हर वक्त सहयोग करने की बात की। भीनमाल रोड पर आयोजित गर्ग आश्रम में गर्ग समाज के लोगों ने स्वागम किया। सेवानिवृत्त प्राचार्य मिश्रीलाल बागरेचा ने कहा कि ललिता के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतना जालोर एवं गर्ग समाज के लिए बड़ी उपलब्धि है। भंवरलाल गर्ग, वेदाराम गर्ग, नगर अध्यक्ष भागीरथ गर्ग, गोपीलाल, जितेन्द्र गर्ग, ओम प्रकाश गर्ग, प्रताप गर्ग, भंवरलाललाल पोल, नैनाराम गर्ग, रमेश गर्ग, मांगीलाल, मोहनलाल , रामेश्वरलाल, पारसमल, सुरेश गर्ग, राजू गर्ग, जगजीवन गर्ग, भूराराम, अमराराम, तगाराम चौधरी, रमेश चौधरी, जोइताराम राणा, ओमप्रकाश सायला, हड़मत गर्ग सायला सहित समाजबंधु उपस्थित थे।



# भाजपा दुर्भावना से कर रही परिसीमन और पुनर्गठन का काम: मेघवाल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिला कांग्रेस कमेटी जालोर की बैठक शक्रवार जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल की अध्यक्षता में राजीव गांधी भवन में आयोजित हुई। जिलाध्यक्ष मेघवाल ने कहा कि राजस्थान की भाजपा सरकार द्वारा नगर निकायों की सीमावृद्धि,वार्डो का परिसीमन,पुनर्गठन तथा पंचायत राज संस्थाओं में पुनर्सीमांकन जनभावना के विपरीत तथा नियम विरूद्ध एवं राजनैतिक दुर्भावना से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मनमाने तरीके से नगर निकायों एवं पचांयती राज संस्थाओं में किए जा रहे परिसीमन/पुनर्गठन के विरूद्ध हम समस्त कांग्रेसजन को आवाज उठानी चाहिए। सभी को परिसीमन, पुनर्गठन हेतु समयसीमा अनुसार दावे आपत्ति दर्ज करवानी चाहिए। प्रदेश महासचिव नैनसिंह राजपुरोहित, आहोर कांग्रेस प्रत्याशी सरोज चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेसी सवाराम पटेल, जिला प्रवक्ता योगेंद्रसिंह कुम्पावत, संगठन महासचिव वीरेंद्र जोशी, पूर्व प्रधान पदमाराम सरगरा ने भी संबोधित किया। ईशराराम विश्नोई, सायला ब्लॉक अध्यक्ष सवाईसिंह चम्पावत, मांगीलाल प्रजापत, मंडल अध्यक्ष रमेश सोलंकी, लक्ष्मण सांखला, जवानाराम परिहार, मदनलाल दहिया, सोनाराम मेघवाल, खुशाल सिंह राजपुरोहित, लालसिंह राजपुरोहित, चतराराम सुथार, अनिल पंडत, इंदु परिहार, गीताश्री, शीला चौधरी, जुबेदा नागोरी, खसराम मेघवाल, देवाराम सांखला, प्रेमसिंह मिठडी, जीवाराम परमार, सुरेश मेघवाल, बाबू बस्तीमल चौहान, तरुण सोलंकी, महेंद्र सोनगरा, मांगीलाल गर्ग, आलम खान खेतलवास, फूसाराम माली, जोगाराम सरगरा, उम्मेदसिंह चारण, वगताराम चौधरी, कमल सिंह बालावत, वाहिद मेहर, ओमप्रकाश चौधरी, शेरसिंह, कपूराराम परिहार, करणवीर मेघवाल, हरीश कुमार, इरफान खान आदि मौजूद थे।

# रमजान के पर्व पर शब ए कद्र की रात पर कार्यक्रम आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** जामा मस्जिद मे शब ए कद्र की रात पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमे मस्जिद को दुल्हन की तरह सजाया गया एंव गुरूवार देर रात तक खुदा की ईबादत की गई। अध्यक्ष मिस्त्री आबाद खान ने बताया कि शब ए कद्र की रात सबसे बड़ी रात है। इस रात पर मस्जिद के पेश ईमाम हारून रिजवी ने मुसलमानों को इस रात की जानकारी दी 27वीं रात यानि की शब ए कद्र की रात इस रात में कुरान नाजिल हुआ। रात में इबादत जकात फितरा के बारे में जानकारी दी। वही पर सभी मुस्लिमों ने देश में अमन चैन की दुआ मांगी। एंव रात भर इबादत की गई मस्जिदों को रोशनी से सजाया गया। साथ ही खाने पानी व नियाज कि कमेटी के द्वारा व्यवस्था की गई। पूरी रात मुस्लिम भाई खुदा की बारगाह मे ईबादत करते हुए नजर आए एंव कुराने पाक की तिलावत भी की गई।

इस दौरान छोटू मिस्त्री, ईदू, पपन, अमजद, इकबाल, सुब्हान खां, फिरोज खां, रफीक खां, सोकत खां मिरासी, अनवर खां,नासिर खां,मुस्ताक खां सेवाडा सहित सभी मुस्लिम मौजूद रहे।

# काश्तकारों ने रिलायंस कंपनी के कार्मिकों का किया घेराव

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** विगत दिनों तेज हवा के कारण किसानों की फसलें उड़ने के कारण हुए नुकसान को लेकर किसानों ने रिलायंस कंपनी के टोल फ्री नंबर पर शिकायतें दर्ज करवाई थी। जिसकी जांच के लिए रिलायंस कंपनी के कार्मिक विकास कुमार और उनकी टीम सर्वे के लिए अरणाय गांव में पहुंचे, अरणाय ग्राम इकाई के अध्यक्ष एवं पूर्व सरपंच महेंद्र सिंह चौहान और सचिव राजूराम कुराडा ने बताया कि जब किसानों ने रिलायंस कंपनी के कार्मिकों से सर्वे करने के पश्चात एक प्रति मांगी तो रिलायंस के कार्मिकों ने यह कह कर मना कर दिया कि उनके ऊपर के अधिकारियों ने किसानों को कॉपी देने से मना किया है। जबकि सर्वे प्रपत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेखित है कि संबंधित काश्तकार के हस्ताक्षर उनके मोबाइल नंबर और एक प्रति काश्तकार को देने का प्रावधान है , फिर भी कंपनी की मनमानी के चलते किसानों के साथ धोखाधड़ी की जा रही है।




## किसानों को धोखे में रखने का आरोप

संयुक्त किसान मोर्चा के जिला मंत्री मकाराम चौधरी ने बताया कि कंपनी के कार्मिकों द्वारा सर्वे रिपोर्ट में आधी अधूरी जानकारी भरकर किसानों से हस्ताक्षर करवा लिए जाते हैं और मौके पर फसल खराबे का प्रतिशत भी नहीं भरते हैं। जिससे किसान बीमा क्लेम से वंचित रह जाते हैं। अरणाय में सर्वे के लिए आए रिलायंस के कार्मिक से फोन से बातचीत करने पर सर्वेयर ने बताया कि हमारे ऊपर के अधिकारी सर्वे की एक प्रति किसानों को देने से मना करते हैं, इस बात को लेकर अरणाय में मौके काफी किसान पहुंच गए।

## नारेबाजी की, घेराव किया

आक्रोशित किसानों ने रिलायंस कंपनी के कार्मिकों का घेराव करते हुए नारेबाजी करने लगे, साथ ही इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों को भेजने की बात कही, मोर्चा के जिला अध्यक्ष ईशराराम बिश्नोई ने चेतावनी देते हुए बताया कि यदि इस तरह क्षेत्र में रिलायंस कंपनी को के द्वारा किसानों के साथ बेईमानी बंद नहीं की तो इसके परिणाम कंपनी को भूगतने पड़ेंगे राजस्थान किसान सभा के जिला अध्यक्ष विरद सिंह चौहान ने बताया कि क्षेत्र में रिलायंस कंपनी के कार्मिक सर्वे में यदि फ्रोडिंग करते हैं तो उनका घेराव कर संयुक्त किसान मोर्चा की टीम को तुरंत अवगत करें, उन्होंने जिला कलेक्टर जालौर से मांग की है कि धोखाधड़ी करने वाले कंपनी कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर किसानों को न्याय दिलावें। अध्यक्ष महेंद्र सिंह चौहान ने जानकारी दी कि कंपनी के कार्मिकों ने सर्वे की प्रति मौके पर उपलब्ध करवाने के बाद ही घेराव बंद किया। मोके पर महेंद्र सिंह चौहान,राजूराम कुराडा, रघुनाथ,अनिल कुमार,ऊकाराम सहित कई किसान मौजूद थे।

# दादी जानकी की पांचवीं पुण्य स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** ब्रह्माकुमारीज की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी जानकी की पांचवीं पुण्य स्मृति दिवस के अवसर पर सेवा केंद्र में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर दादी के महान योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर सिणधरी से विनती बहन, इंजीनियर बी एल सुधार, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, एग्जिक्यूटिव इंजीनियर बिजली विभाग से गोपाल, ग्लोबल आई हॉस्पिटल से डॉक्टर धनेश्वर भाई, डॉ. डी सी पुंसल, डॉ. संजय चौधरी, ललित सुथार, विकास कुमार, अश्विनी कुमार, समर्थराम माली, वालाराम, मंसाराम, हस्तीमल सुथार, आशा माता, नीतू बहन, नीतू सुथार, सूरज देवी, मंजू बेन, सागर बहन सहित कई माताएं और भाई उपस्थित थे।

# जिला बचाओ संघर्ष समिति का धरने को तीन माह पूरे, जारी रहेगा आंदोलन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** राज्य सरकार द्वारा सांचौर जिले को खत्म करने के विरोध में सांचौर सांचौर संघर्ष समिति के धरने को शुक्रवार को तीन माह पूरे हो गए। जिसको स्थानीय ग्रामीणो का लगातार समर्थन मिल रहा है। जिसमें राज्य सरकार से जिले की बाहली की मांग की जा रही है। जिला बाहली को लेकर एडीएम को मुखयमंत्री के नाम ज्ञापन सोंपा।

# करीब दो लाख किसानों ने करवाया रजिस्ट्रेशन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** एग्रीस्टैक योजना के तहत किसानों को सशक्त करने के उद्देश्य से जालोर जिले में ग्राम पंचायतवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 198925 किसान अपना पंजीकरण करवा चुके हैं। अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा ने बताया कि एग्रीस्टैक योजना के तहत आहोर तहसील में 29 मार्च को भंवरानी, बादनवाड़ी, सामुजा, वेडिया, देच्छू, देबावास, ओडवाड़ा, पावटा, सेदरिया बालोतान, थांवला व अगवरी, जालोर तहसील में 29 मार्च तक आकोली, बाकरा, उम्मेदाबाद व बिशनगढ एवं 29 से 31 मार्च तक पंचायत समिति जालोर, सांचौर तहसील में 29 मार्च को सांकड़, हाडेतर, हरियाली, नैनोल, जैलातरा, पालड़ी सोलंकियान, पांचला, प्रतापपुरा, किलवा व बिजरोल खेड़ा, 29 से 31 मार्च तक सांचौर तथा रानीवाड़ा तहसील में 29 व 30 मार्च तक जोड़वास, कोटड़ा, डूंगरी, भाटीप, चितरोड़ी, सुरजवाड़ा, वणधर, तावीदर, बड़गांव, आजोदर व रानीवाड़ा कलां में शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं।

# कांस्टेबलों पर व्यापारी से मारपीट का आरोप, वीडियो वायरल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** अरणाय में एक मिठाई की दुकान पर पुलिस कांस्टेबलों द्वारा व्यापारी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। पीड़ित दुकानदार ने सोयिल मीडिया पर वायरल हो विडियो में आरोप लगाया कि करड़ा पुलिस के कुछ कांस्टेबल नियमित रूप से उससे अवैध वसूली की मांग कर रहे थे। जब उसने इस बार पैसे देने से इनकार कर दिया। तो पुलिसकर्मी रात में उसकी दुकान पर पहुंचे और उसके साथ मारपीट की। इसके बाद उसे जबरन थाने ले जाया गया। इस मामले में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अरणाय में दुकान संचालित करने वाला व्यक्ति अपनी धौंश जमाने के लिए जानबूझकर देर रात्रि तक बिना अनुमति दुकान चालू रखता है। जिस पर बदमाश प्रवृति के लोगो का जमावड़ रहता है। जिसको लेकर उसको समझाईश की गई। दूकान को रात्रि को 12 बजे के बाद चालू नहीं रखने की बात कही थी, जिस पर आरोपी ने पुलिस के साथ गाली गलौज की ओर अपने राजनैतिक प्रभाव को बताते हुए धमकी देने लगा, जिस पर पुलिस आरोपी को पुलिस थाने लेकर गई ।

## देर रात को लगा रहता है जमावड़ा

करड़ा थानाधिकारी कमलेश गहलोत ने बताया कि थाना क्षेत्र में रात्रिकालीन में अपराधिक प्रवृति लोगों के घूमने व खुली दुकानों पर देर रात्रि तक बैठे रहने की शिकायते मिलने पर पुलिस नियमित रूप से गश्त करती है। अरणाय में एक दुकानदार देर रात्रि 12 बजे बाद भी दुकान चालू रखता है। जहां पर बदमाश प्रवृति के लोगो का जमावड़ा रहता है। जिसको लेकर समझाईश करने पर उसने पुलिस के साथ अभ्रदता का व्यवहार किया। सोशल मीडिया पर बना वीड़िया वायरल करके पुलिस पर दबाव बनाने का प्रयास किया है।

CMYK CMYK

जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें


# जागरूक टाइम्स

सिरोही, शनिवार, 29 मार्च 2025 ◆ वर्ष : 18 ◆ अंक : 69 ◆ पृष्ठ : 12 ◆ मूल्य : 2.50 रु.




खतरों के खिलाड़ी में गोविंदा की भांजी...

पेज -09

## वर्ष प्रतिपदा एवं राजस्थान दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री की शुभकामनाएं

## राजस्थान दिवस चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को मनाने की ऐतिहासिक पहल, सीएम शर्मा बोले...

# सशक्त, समर्थ, समृद्ध एवं अग्रणी राजस्थान के लिए कार्य करें

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को वर्ष प्रतिपदा एवं राजस्थान दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनसे सशक्त, समर्थ, समृद्ध एवं अग्रणी राजस्थान बनाने के लिए संकल्पित होकर कार्य करने का आह्वान किया है।

मुख्यमंत्री ने इस पवित्र अवसर से पूर्व जारी अपने संदेश में कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा संवत् 2006 (30 मार्च 1949) को लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने वृहद् राजस्थान का उद्घाटन किया था। उन्होंने कहा कि नव संवत्सर धार्मिक और आध्यात्मिक रूप से भी बहुत महत्वपूर्ण है। सृष्टि की रचना का आरंभ इसी दिन हुआ था। यह दिन भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक और महान सम्राट विक्रमादित्य की विजय का प्रतीक है। मां दुर्गा के नव रूपों की आराधना के पर्व चैत्र नवरात्रि का भी यह पहला दिन होता है।

उन्होंने कहा कि अब राज्य सरकार ने सरदार पटेल की भावनाओं के अनुरूप राजस्थान दिवस चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नव संवत्सर को मनाने की ऐतिहासिक पहल की है। शर्मा ने इस अवसर पर प्रदेश के महान शूरवीरों, तपस्वियों, साधु-संतों, और मनीषियों को स्मरण करते हुए कहा कि श्रीगंगानगर से बांसवाड़ा और जैसलमेर से धौलपुर तक फैला देश का सबसे बड़ा प्रदेश राजस्थान अनेक विविधताओं के बाद भी अपनी साझी संस्कृति एवं विरासत के लिए जाना जाता है।

उन्होंने कहा कि 8 करोड़ राजस्थानवासियों एवं प्रवासी राजस्थानियों के मन में राजस्थानी होने का एक ही भाव समाया हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी प्रदेशवासी अपने-अपने घरों के बाहर दीपक जलाकर, द्वार पर बांधनवार लगाकर साज-सज्जा एवं रोशनी करें और परिजनों एवं नई पीढ़ी को शामिल करते हुए इस शुभ अवसर को हर्षोल्लास के साथ मनाएं।



### विकसित राजस्थान के निर्माण में योगदान देने की युवा शक्ति से अपील

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश की युवा शक्ति से अपील की है कि वे ज्ञान, शक्ति और भक्ति का अर्जन करते हुए विकसित राजस्थान के निर्माण में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम विकसित राजस्थान-2047 के मिशन की ओर आगे बढ़ चुके हैं और विकसित भारत-2047 के संकल्प को पूरा करने में हमारे प्रदेश की अहम भूमिका होगी।

**उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम विकसित राजस्थान-2047 के मिशन की ओर आगे बढ़ चुके हैं**

## न्यूज ब्रीफ

### सबसे बड़े रक्षा सौदे को मंजूरी, 156 प्रचंड हेलीकॉप्टर मिलेंगे

**नई दिल्ली।** रक्षा के क्षेत्र में भारत लगातार मजबूत हो रहा है। इस बीच केंद्र सरकार ने एक और सबसे बड़े रक्षा सौदे को मंजूरी दी है। दरअसल, भारत ने 156 मेड इन इंडिया एलसीएच प्रचंड हेलीकॉप्टर खरीदने के लिए अब तक के सबसे बड़े रक्षा सौदे को मंजूरी दे दी है। रक्षा अधिकारियों द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की आज हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। रक्षा मंत्रालय ने इस वित्त वर्ष में 2.09 लाख करोड़ रुपये से अधिक के अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं।

### दिल्ली में एटीएम ही उखाड़ ले गए

**नई दिल्ली ।** साउथ-ईस्ट दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके में आज सुबह एक सनसनीखेज वारदात हुई है। यहां एक प्राइवेट बैंक का एटीएम ही उखाड़ कर बदमाश ले गए। पुलिस को मामले की सूचना गुरुवार सुबह 6 बजे के आसपास मिली थी। जानकारी मिलते ही पीसीआर, थाना और कई पुलिस अधिकारी भी जांच के लिए पहुंच गए और छानबीन शुरू की गई है।

# म्यांमार-थाईलैंड में भूकंप से भारी तबाही, सैकड़ों लापता



**मस्जिद जमींदोज तो बिल्डिंग बनी मलबे का ढेर**

**बैंकॉक में इमारत गिरने से 80 लोग लापता**

**भारत समेत 5 देशों से ज्यादा देशों में झटके**

**नेपीदा।** म्यांमार में शुक्रवार सुबह 11.50 बजे 7.7 तीव्रता का भूकंप आया। इसके झटके भारत, थाईलैंड, बांग्लादेश और चीन समेत 5 पांच देशों में महसूस किए गए। म्यांमार और थाईलैंड में करीब 150 लोगों की जान गई है। अकेले म्यांमार में 144 लोगों की मौत हुई है, जबकि यहां 732 लोग घायल हैं। वहीं, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में अंडर कंस्ट्रक्शन 30 मंजिला इमारत गिर गई। इस साइट पर 400 लोग काम



कर रहे थे। इनमें से 8 0 लोग लापता हैं, जबकि 3 लोगों की मौत हुई है।

इन 5 देशों के अलग-अलग इलाकों में सैकड़ों लोग घबराकर घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। भारी तबाही के चलते थाईलैंड की प्रधानमंत्री पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा ने इमरजेंसी घोषित कर दी है।

▶▶ शेष पृष्ठ 5 पर

## केंद्रीय कर्मचारियों को तोहफा

# मोदी सरकार ने 2 फीसदी बढ़ाया महंगाई भत्ता

**1 जनवरी, 2025 से लागू होगा महंगाई भत्ता**

**1.15 करोड़ कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को होगा फायदा**

**48.66 लाख केंद्रीय कर्मचारी होंगे लाभान्वित**

**66.55 लाख पेंशनभोगियों को मिलेगा फायदा**



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को सरकारी कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते (डीए) में 2 प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दे दी है। इस संशोधन के साथ डीए 53 प्रतिशत से बढ़कर 55 प्रतिशत हो जाएगा।

हालांकि, भत्ते में यह बढ़ोतरी बीते कुछ छमाही में सबसे कम है। काफी समय से ये सुर्खियों थी सरकार केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ता को लेकर फैसला ले सकती है। केंद्रीय कर्मचारियों को मिलने वाला महंगाई भत्ता अब 55 फीसदी हो चुका है। इससे पहले सभी कर्मचारियों को 53 फीसदी तक महंगाई भत्ता मिलता था। सरकार ने इससे पहले जुलाई 2024 के दौरान महंगाई भत्ते में इजाफा किया था।

उस समय महंगाई भत्ते को 50 फीसदी से बढ़ाकर 53 फीसदी तक किया गया था। महंगाई भत्ते में हुए इजाफे से 1 करोड़ से अधिक केन्द्रीय कर्मचारियों को फायदा मिलने वाला है। केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों की लंबे समय से ये मांग रही है कि उन्हें मिलने वाले महंगाई भत्ते में 3 फीसदी का इजाफा किया जाए। हालांकि पहले से ही ये अनुमान लगाया जा रहा था कि महंगाई भत्ते में 2 फीसदी तक इजाफा किया जाएगा।

### केंद्रीय रेलवे मंत्री ने किया ऐलान

केंद्रीय रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस बात की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 2 फीसदी का इजाफा किया है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि ये उनकी सैलरी में 1 जनवरी से प्रभावित होना शुरू हो जाएगा।

## राजस्थान दिवस कार्यक्रम

## सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास सुशासन का मंत्र

## भीलवाड़ा में राज्यस्तरीय विकास एवं सुशासन उत्सव, सीएम भजनलाल शर्मा बोले...

# प्रदेश को समृद्ध और विकसित बनाने के लिए हम कृतसंकल्पित

**10 हजार करोड़ के विकास कार्यों का किया शिलान्यास एवं लोकार्पण**

**विभिन्न विभागों की अनेक योजनाओं के दिशा-निर्देश जारी**

**पत्रकारों के लिए 'राजस्थान पत्रकार स्वास्थ्य योजना' का शुभारंभ**





जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीलवाड़ा/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास हमारे लिए सुशासन का मंत्र है। विकास और सुशासन के इस संकल्प में जनता का साथ हमारी ताकत है। उन्होंने कहा कि हम राजस्थान को एक समृद्ध और विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए पूरी तरह समर्पित हैं। शर्मा शुक्रवार को भीलवाड़ा में राजस्थान दिवस कार्यक्रम के तहत आयोजित



विकास एवं सुशासन उत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राजस्थान के एकीकरण में अपना अमूल्य योगदान देने वाली महान विभूतियों को, विशेष रूप से लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी को नमन करते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों के कारण ही राजपूताना की रियासतों का एकीकरण संभव हो सका। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अब से हर साल चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर ही राजस्थान दिवस मनाने का निर्णय किया है।

▶▶ शेष पृष्ठ 5 पर

## काठमांडू में पुलिस से भिड़े, किंग ज्ञानेंद्र को सत्ता सौंपने की मांग

# पाल में राजशाही समर्थकों का हिंसक प्रदर्शन



**काठमांडू।** नेपाल में राजशाही की मांग को लेकर शुक्रवार को हिंसक प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शनकारियों ने काठमांडू के तिनकुने में एक इमारत में तोड़फोड़ की और उसे आग के हवाले कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर भी फेंके, जिसके जवाब में सुरक्षाकर्मियों को आंसू गैस के गोले दागने पड़े।

इस घटना में एक युवक के घायल होने की भी खबर है। इस आंदोलन में 40 से ज्यादा नेपाली संगठन शामिल हुए। प्रदर्शनकारी राजा आओ देश बचाओ, भ्रष्ट सरकार मुर्दाबाद और हमें राजशाही वापस चाहिए, जैसे नारे लगा रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने सरकार को एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया है। उनका कहना है कि अगर उनकी मांगों पर एक्शन नहीं लिया गया तो और ज्यादा उग्र विरोध प्रदर्शन होगा। नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र ने 19 फरवरी को प्रजातंत्र दिवस के अवसर पर लोगों से समर्थन मांगा था। इसके बाद से ही देश में 'राजा लाओ, देश बचाओ' आंदोलन को लेकर तैयारियां चल रही थीं। नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह पर 1 जून, 2001 को हुए नारायणहिति हत्याकांड में अपने परिवार के सदस्यों की हत्या का आरोप लगा है।

CMYK CMYK

# विकास एवं सुशासन उत्सव का जिलास्तरीय आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राजस्थान दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रमों के तहत विकास एवं सुशासन उत्सव का जिलास्तरीय कार्यं म शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय के विज्ञान भवन में आयोजित किया गया। इस दौरान राज्य स्तरीय कार्यं म का लाइव प्रसारण किया गया। उप स्वास्थ्य केन्द्र कानाकोलर, उप स्वास्थ्य केन्द्र धांधपुर, उप स्वास्थ्य केन्द्र जमोतरा, ब्लॉक पब्लिक हैल्थ यूनिट रोहिडा, ब्लॉक पब्लिक हैल्थ यूनिट आबूरोड, कार्यशाला मरम्मत एवं अनुरक्षण विकास कार्य आबूरोड, कार्यशाला मरम्मत एवं अनुरक्षण विकास कार्य सिरोही, बस स्टैण्ड मरम्मत अनुरक्षण व जनसुविधा विकास कार्य आबूरोड, बस स्टैंड मरम्मत अनुरक्षण व जनुसविधा विकास कार्य माउंट आबू तथा बस स्टैंड मरम्मत अनुरक्षण व जनसुविधा विकास कार्य सिरोही का शिलान्यास किया गया। प्रधानमंत्री कुसुम योजना सी के तहत 2.52 मेगावाट सोलर संयत्र स्थापना 33/11 केवी सबस्टेशन झाड़ोली के पास, प्रधानमंत्री कुसुम योजना सी के तहत 1.28 मेगावाट सोलर संयत्र स्थापना 33/11 केवी सब स्टेशन वेलांगरी के पास, प्रधानमंत्री कुसुम योजना सी के तहत 2.52 मेगावाट सोलर संयंत्र स्थापना 33/11 केवी सबस्टेशन नांदिया के पास, प्रधानमंत्री कुसुम योजना सी के तहत 2.52 मेगावाट सोलर संयंत्र स्थापना 33/11 केवी सब स्टेशन काछोली के पास, प्रधानमंत्री कुसुम योजना सी के तहत 2.52 मेगावाट सोलर संयंत्र स्थापना 33/11 केवी सब स्टेशन अन्दोर के पास, प्रधानमंत्री कुसुम योजना सी के तहत 2.52 मेगावाट सोलर संयंत्र स्थापना 33/11 केवी सब स्टेशन अन्दोर के पास, प्रधानमंत्री कुसुम योजना सी के तहत 2.52 मेगावाट सोलर संयंत्र स्थापना 33/11 केवी सब स्टेशन डोडुआ के पास, प्रधानमंत्री कुसुम योजना ए के तहत 1.00 मेगावाट सोलर संयंत्र स्थापना 33/11 केवी सबस्टेशन जोगापुरा के पास तथा माउंट आबू से अंबाजी सडक मार्ग नवीनीकरण सुधारीकरण मय पुलिया निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया। कार्यं म के दौरान अतिथियों ने जिले के पंचगौरव से सम्बन्धित पुस्तिका का विमोचन भी किया। जिला कलक्टर अल्पा चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ दिनेश राय सापेला, पीडब्ल्यूडी एसई आरसी बराडा, डीओआईटी एसीपी वेणीगोपाल, प्रोग्रामर नेहा राठौड, सांख्यिकी विभाग के उपनिदेशक सियाराम मीणा, नगर परिषद आयुक्त शिवपालसिंह राजपुरोहित, सीपीओ राजेश वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।



## शपथ का आयोजन

जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारियों कर्मचारियों ने राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में शपथ ली। सभी ने राजस्थान दिवस के गौरवमयी अवसर पर राजस्थान की महान परंपराओं का सम्मान एवं निर्वहन करते हुए राज्य के विकास एवं खुशहाली में सिं य भागीदार बनने की शपथ ली। माउंट आबू उपखंड अधिकारी अंशुप्रिया, सिरोही उपखंड अधिकारी हरिसिंह देवल, प्रशिक्षु (आरएएस) नरेंद्र जांगिड़, प्रशासनिक अधिकारी धीरेन्द्रसिंह, विभिन्न अनुभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।







**इसी क्रम में** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में राजस्थान दिवस के तीन दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन राज्य के विकास की शपथ दिलाई। प्रधानाचार्य श्रीमती हीरा खत्री व उत्सव जयंती प्रभारी गोपालसिंह राव के अनुसार राजस्थान दिवस के गौरवमयी अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया। बालिकाओं को राज्य की खुशहाली, समृद्धि, स्वच्छ,स्वच्छ, हरित,आत्म निर्भर बनाने। महिलाओं, युवाओं, किसानों, वंचित वर्गों के सम्मान अधिकारों और सशक्तिकरण विरासत, विकास में योगदान की शपथ दिलाई। प्रधानाचार्य नरेन्द्रसिंह आढ़ा, अनीता चौहान,वर्षा त्रिवेदी, पारस राजपुरोहित, कुसुम परमार, कल्पना चौहान,ममता कोठारी, दिनेश कुमार सुथार, पुखराज शवंसा,कामिनी रावल, कीर्ति सोलंकी आदि मौजूद थे।



**पिण्डवाड़ा।** माधव विवि में शुक्रवार को राजस्थान दिवस सप्ताहांत कार्यक्रम के तहत शपथ समारोह का आयोजन किया गया। सभी उपस्थित कर्मचारियों, शिक्षकों और छात्रों को राजस्थान के गौरवशाली इतिहास और संस्कृति की रक्षा करने की शपथ दिलाई गई। स्केटर्स डॉ. भावेश कुमावत ने कहा कि हर साल 30 मार्च को मनाए जाने वाला दिन राज्य के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा गया है। उन्होंने बताया कि इस बार अवकाश होने के कारण विश्वविद्यालय में यह उत्सव 28 मार्च को आयोजित किया गया। परीक्षा नियंत्रक डॉ. मुकेश महावर, गायक अधिष्ठाता डॉ. महेंद्रसिंह ने शपथ दिलाई। उप सचिव डोंगरसिंह, सचिव के संयोजक भंडारीसिंह गुर्जर सहित कई सचिव लोग उपस्थित रहे।



**तलहटी।** भाखर मण्डल अध्यक्ष पद पर दशरथसिंह राव कारोली की घोषणा की गई। जिससे भाखर सहित ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में एक नये जोश का संचार हुआ हैं। जगह जगह नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश कोठारी, पूर्व पालिकाध्यक्ष सुरेश सिंदल, संयम उपाध्याय की उपस्थिति में स्वागत किया। उधर, गिरवर



मण्डल अध्यक्ष गणेश बंजारा का भी क्षेत्रवासियों ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

**आबूरोड।** आबूरोड ग्रामीण गिरवर मण्डल में गणेश बंजारा की दोबारा नियुक्ति की गई। बंजारा की नियुक्ति से कार्यकर्ताओ व क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। कार्यकर्ताओ ने संगठन का आभार जताते हुए कहा कि बंजारा द्वारा संगठन में किए गए कार्य व समर्पण का परिणाम है, जिससे फिर से नियुक्ति हुई है। बंजारा ने जिलाध्यक्ष, जिला नेतृत्व व प्रदेश नेतृत्व सभी आभार जताया। वहीं भाखर मंडल अध्यक्ष पद पर दशरथ सिंह राव की नियुक्ति की गई। भाजपा के वरिष्ठ पार्षद अर्जुनसिंह, पार्षद अमर सिंह भाटी, भाजपा के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी सतीश अग्रवाल ने सम्मान किया।



## न्यूज ब्रीफ

### अवैध बजरी खनन व परिवहन पर नहीं लग पा रही लगाम

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालंद्री।** कालंद्री उप तहसील क्षेत्र में खुले आम अवैध बजरी का खनन व परिवहन जारी है । क्षेत्र में लगातार अवैध रूप से बजरी का खनन कर उसका परिवहन किया जा रहा है। क्षेत्र की गुडा नदी, आकूना नदी, वराल, वलदरा, सरतरा, सिलोईया, तवरी, मोहब्बत नगर सहित पूरे उप तहसील क्षेत्र में अवैध बजरी का खनन व परिवहन जारी है। अवैध बजरी खनन व परिवहनकर्ता लगातार पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। शुक्रवार सुबह दस बजे गुड़ा नदी से अवैध बजरी से भरे दो ट्रैक्टर ट्राली बावली के कच्चे रास्ते से पुलिस से बचने के लिए कस्बे के सार्वजनिक तालाब के कच्चे रास्ते होते हुए कस्बे में परिवहन करते कैमरे में कैद हुआ।



### विंग्स ऑफ विजडम का विमोचन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** रॉयल राजस्थान पब्लिक स्कूल में किंडरगार्टन ग्रेजुएशन समारोह के दौरान वार्षिक स्कूल पत्रिका वाउ (विंग्स ऑफविजडम) का विमोचन अध्यक्ष दीपक पाठक, प्रिंसिपल जनकप्रतापसिंह राठौड़, स्कूल के शैक्षिक प्रभारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नन्हे.मुन्नों व उनके माता.पिता का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण स्नातक समारोह रहा। प्रत्येक बच्चे को स्नातक की उपाधि व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह अगली शैक्षणिक यात्रा के लिए उनके सहज संक्रमण का प्रतीक था। अध्यक्ष पाठक ने पत्रिका की संपादकीय टीम को भी बधाई दी।

### राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** प्रदेश में नवरात्रि के दौरान मांस बिक्री पर रोक लगाने की मांग उठने पर राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मांग की। उन्होंने लिखा कि 30 मार्च से चेत्र नवरात्र शुरू हो रहे हैं। जिसे हिंदू समाज उपासना के साथ-साथ नौ दिन का उपवास रखकर बड़ी श्रद्धा से मनाता है। भारतीय सनातन परंपरा अनुसार उसी दिन से हिंदू नववर्ष की शुरुआत होती है। ये सनातनियों के सबसे पवित्र दिन होते हैं, आमजन की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए नवरात्रा में मांस की बिक्री पर पूरे राजस्थान में रोक लगाई जाए। उन्होंने मांस की दुकान खोलने व बिं ी नहीं करने की अपील आमजन से की है। राज्यमंत्री देवासी ने कहा कि 6 अप्रैल को संपूर्ण सनातनियों के आराध्य भगवान राम का जन्मोत्सव है। जो चेत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है। ऐसे में नवरात्र में पूरे राजस्थान क्षेत्र की संपूर्ण राजस्थान में मांस की दुकानें न खुलें, जीव हत्या न हो और नवरात्रि के पावन पर्व की धार्मिकता व पवित्रता भी बनी रहे।

### विश्व नवकार महामंत्र कलश यात्रा का किया स्वागत

**9 को विश्व के लोग जुड़ेंगे इस नवकार मंत्र जाप में**



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** विश्व नवकार महामंत्र कलश यात्रा शुक्रवार को सिरोही पहुंची। यहां जैन समाज की ओर से स्वागत किया गया। जैन विसी से सकल संघ के साथ 12 नवकार मंत्र के जाप करवाने बाद कलश यात्रा पैलेस रोड के राजमहल समेत अन्य रास्तों से होते हुए फिर से बग्गी खाना पहुंची। रमेश सिंघी ने सभी को 9 अप्रैल को ज्यादा से ज्यादा सपरिवार नवकार मंत्र जाप करने के लिए कहा गया। कलश यात्रा में ट्रस्ट मंडल के अध्यक्ष जयंती भाई, मोहन बोबावत, रजनीकांत सोलंकी, आशुतोष पटनी, योगेश बोबावत, अश्विन शाह, नितेश सिंघवी एवं जय विक्रम हरण आदि मौजूद थे। यह यात्रा पिण्डवाड़ा होते हुए आबूरोड जाएंगी।

### माली को मिली एमबीबीएस की डिग्री

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**पोसालिया।** खंदरा के संजय माली ने अहमदाबाद के बीजे मेडिकल कॉलेज सिविल हॉस्पिटल से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की। संजय के पिता विशालचंद माली ने बताया कि संजय ने दसवीं और बारहवीं में 90 फीसदी से अधिक अंक हासिल किए। बारहवीं में 92 फीसदी अंक लाने के बाद उसने नीट परीक्षा पास की। इसके बाद उसे सीधे अहमदाबाद के बीजे मेडिकल कॉलेज में दाखिला मिला। विशालचंद और शारदा देवी माली ने बेटे की सफलता को समाज के लिए भी गर्व की बात बताया।

## शिविर में 210 मरीजों की जांच



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिलदर।** रामरसोड़ा में शुक्रवार को तारा संस्थान उदयपुर व एसबीआई फाउंडेशन के सयुंक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। नटवरसिंह ने बताया की 210 मरीजों की जांच कर 9 मरीजों का ऑपरेशन के लिए चयन कर उदयपुर भेजा गया। नेत्र विशेषज्ञ डिपंल वैष्णव मरीजों की जांच कर आंखों की सुरक्षा की जानकारी दी। स्वास्थ्य कर्मी कमलेश कुमार व पंकज कुमार ने दवा एवं चश्में वितरित किए। व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेश माली ने बताया की निजी अस्पतालों में हजारों खर्च करके भी सही से ईलाज नहीं होता है। जबकी तारा संस्थान की ओर से लगाए गए शिविर में सभी वर्ग के लोगों को राहत मिलती है।

## माधव विवि के रोवर-रेंजर्स ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** समाज सेवा और नेतृत्व विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजस्थान राज्य भारत स्काउट और गाइड मुख्यालय सिरोही की ओर से माधव विश्वविद्यालय के 38 वें रोवर-रेंजर्स शिविर में पांच रोवर-रेंजर्स ने भागीदारी की। माधव विवि के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. राजीव मथुरा और स्ट्रेंथ डॉ. भावेश कुमावत ने ग्रीन रिजर्व रोवर-रेंजर्स का हौसला बढ़ाया। सहायक प्रोफेसर वी रोवर लीडर तोफिक खान, निर्भानसिंह और सहायक प्रोफेसर ममता कुमारी ने सहायक गाइड की भूमिका निभाई। माधव विश्वविद्यालय के अध्यक्ष राजकुमार राणा ने छात्रों की सक्रियता भागीदारी के डॉ के पद पर रहते हुए भविष्य में भी ऐसे शिविरों में बढ-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# गांधीनगर अंडर ब्रिज की 'राह' हुई 'आसान', दूर होगा 'व्यवधान'

## अधिकारियों ने किया मौका निरीक्षण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** गांधीनगर ओवर ब्रिज के बाद अब लोगों को अंडर ब्रिज की सौगात मिलने वाली हैं। अंडर ब्रिज के लिए भी रेलवे ने कमर कस ली है। इसी के चलते शुक्रवार को पालिकाध्यक्ष मगनदान चारण के साथ अधिकारियों ने मौका निरीक्षण किया। अंडर ब्रिज निर्माण के बारे में विचार विमर्श किया। सब कुछ ठीक रहा तो शीघ्र ही अंडर ब्रिज को आकार देने का कार्य शुरु हो जाएगा। गांधीनगर में ओवर ब्रिज बनने से शहर से कनेक्टीवीटी में तेजी आई। जिससे लोगों को राहत मिली। लेकिन, बुजुर्ग, दिव्यांग पैदल पुल नहीं चढ़ पा रहे है। ठेला चलाने वाले, साइकिल से बाजार जाने वाले व्यक्तियों को ओवरब्रिज पर चढ़ने में काफी कठिनाई हो रही हैं। जिससे वह सहज व सुगम राह के चलते चार किमी दूर लुनियापुरा अंडर ब्रिज से आवागमन करने को विवश हैं। इस समस्या को लेकर जनप्रतिनिधियों व रेलवे संस्थाओं द्वारा अंडर ब्रिज की मांग की जाती रही। लगातार चले प्रयासों का सार्थक व सुखद परिणाम सामने आया। जिसके चलते रेलवे के अजमेर मंडल के उच्चाधिकारी, स्थानीय रेलवे अधिकारी, पालिकाध्यक्ष चारण, पार्षद व भाजपा नेताओं ने ब्रिज बनने के लिए उचित स्थान तथा भूमी का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने अंडर ब्रिज के निर्माण के बीच कुछ स्थान पर सीवरेज लाइन व चेंबर आने की आशंका जताई। राजा कोठी की कुछ भूमि का उपयोग करने को कहा। जिस पर पालिकाध्यक्ष ने एलएंडटी व रूडीप के अधिकारियों को मौके पर बुलाया। रेलवे व रूडीप के अधिकारियों से चर्चा की। अंडर ब्रिज के निर्माण में आने वाली अड़चनों को जल्द दूर करने के लिए समझाइश की। अधिशासी अधिकारी से दूरभाष पर बात की। राजा कोठी की तीन बीघा भूमि जो पालिका के नाम मोटेशन की गई है। उसमें से जनहित को ध्यान में रखते हुए अंडर ब्रिज के उपयोग के लिए रेलवे को उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। इस दौरान रूडिप के अधिशासी अभियंता पुष्पेन्द्र सिंह, सहायक अभियन्ता दिवान, एलएंडटी के पीएम दिवाकर, रेलवे डिवीजन अधिकारियों, रेल्वे सहायक अभियंता आरएस वर्मा, पालिका के कनिष्ठ अभियंता छगनलाल मेघवाल, मंडल अध्यक्ष मनीष सिंघल, पार्षद रितेष चौहान, राजेंद्र गहलोत, दीपक कुमार, मोहन बंजारा, इमामुददीन, अभिषेक मेरु, जनप्रतिनिधि निलेश राणा, दिनेश कुमार आदि उपस्थित थे। पालिकाध्यक्ष के प्रयासों के चलते जल्दी ही अंडर ब्रिज का निर्माण होने की राह खुली सकती है।पार्षद रितेशसिंह चौहान ने आरटीआई के माध्यम से पालनपुर की ओर गेट 132 पर प्रस्तावित अंडर ब्रिज की स्वीकृत ड्राइंग व दस्तावेज अजमेर मंडल से प्राप्त किए। ड्राइंग में साफतौर पर अंडर ब्रिज का निर्माण 2021 में होना बताया गया। अजमेर से पालनपुर की ओर जितने भी डिवीजन में अंडर ब्रिज निर्माण प्रस्तावित थे। उस सूची में भी आबूरोड रेलवे स्टेशन पर गेट संख्या 132 का नाम अंकित था। सूचना प्राप्त होने के बाद पार्षद ने रेल मंत्री व उत्तर पश्चित रेलवे के महाप्रबंधक से ब्रिज के लिए पत्राचार किया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष, सांसद से भी हस्तक्षेप करने का आग्रह किया गया। प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ व सांसद लुंबाराम को बीके संस्थान में पालिकाध्यक्ष चारण व पार्षद चौहान ने रेल मंत्री,व महाप्रबंधक रेलवे को भेजे पत्र की प्रति दी।



# तखतगढ़ के परिसीमांकन एवं वार्डो के प्रारूप में संशोधन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** पालिका तखतगढ़ के परिसीमांकन एवं वार्डो के प्रारूप प्रकाशन के तहत प्रकाशित प्रारूप क में वार्ड संख्या 23 के सीमा विवरण में सहवन से वार्ड संख्या 22 का सीमा विवरण अंकित हो गया है। वार्ड संख्या 23 का सीमा विवरण, वार्ड संख्या 24 के सम्मुख अंकित हो गया। इस संबंध में अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, तखतगढ़ से प्राप्त रिपोर्ट एवं उपखण्ड अधिकारी, सुमेरपुर के माध्यम से प्राप्त संशोधित प्रारूप क के अनुसार पूर्व में प्रकाशित नगर पालिका तखतगढ़ के प्रारूप क में वार्ड संख्या 22, 23 एवं 24 के सीमा विवरण को पढ़ा जाए। जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने बताया कि वार्ड संख्या-22 के इस वार्ड की सीमा गोगरा रोड चौथमल जोशी के मकान होते हुए वीसाजी भुबाजी सुथार के नोहरे से शांतिलाल सुथार का मकान लेते हुए जवान लौहार का मकान लेते हुए रामदेवजी गली नुक्कड़ वरजू बाई वाडी होते हुये सुथार, गली में प्रवेश कर आमने-सामने मकान लेते भैरुबाग गली नम्बर-02 में प्रवेश कर आमने-सामने के मकान लेते हुए एवं सम्पूर्ण रामदेव गली लेते हुये आमने-सामने मुख्य बाजार की आमने-सामने दुकान लेते हुए जाडो की बगीची होते हुए लालचन्द कुन्दनमल जैन की दुकान की कतार लेते हुए लक्ष्मी मेडीकल एवं पूर्व में मनोज नाम के कार्यालय तक। इसी प्रकार वार्ड संख्या-23 में इस वार्ड की सीमा पादरली चौक जगदम्बा कॉम्पलेक्स से प्रारम्भ कर गोगरा रोड तक मुख्य सड़क की कतार के मकानात लेते हुए बजरंगसिंह जोधा के मकान से सैनिक बस्ती में प्रवेश कर दिनेश सुथार हनुमानसिंह के मकानात सामान्तर कतार लेते हुए नवीन बालिका विद्यालय ब्रह्माकुमारी, मनोहरसिंह जोधा से बगदाजी माली तक व आमने-सामने की सैनिक बस्ती को लेकर जैसाराम लौहार नरपतसिंह की गली सागरदान के मकान तक में आमने-सामने के मकानात लेते चतरदान व वैरसिंह भूरसिंह के मकान तक एवं पादरली रोड तक के आमने-सामने के मकानात लेते हुए पादरली रोड के खेताराम सुथार के गली में प्रवेश कर दीपाराम नाई, मोहन सुथार व धीसूदास पुरुषोत्तमदास के मकान की सम्पूर्ण गली लेते हुए अम्बाजी मन्दिर बसी बस्तियों को लेते हुए जगदम्बा काम्पलेक्स होते हुए चक्की गली में प्रवेश कर आमने-समाने के मकानात लेते हुए सुन्धामाता किराणा स्टोर के घर तक। उन्होंने बताया कि वार्ड संख्या-24 में इस वार्ड की सीमा पादरली रोड चौथाराम धांची के मकानात होते हुए सैनिक बस्ती में हनुमान मंदिर से प्रारंभ कर हीरसिंह, बंशीदास वैष्णव से हमीरराम देवासी तक की गली के आमने-सामने के मकानात लेते हुए पदारली रोड से ममलेश्वर महादेव तक के मुख्य सड़क के मकानात बाड लेते हुए शिवम विहार कॉलोनी में जगदीश रावल के मकानात एवं पीके फार्म हाउस तथा सर्वोदय नगर में बसी बस्तियों के महादेव नगर के मकानात लेते हुए वालजी रावल कुए तक के पूर्व के मकानों की कतार लेते हुए भवरीबाई गिरधारीसिंह शंकरलाल घांची प्रभुराम कुम्हार की गली लेते हुए गणपत भीमाजी नाई के मकानात तक की आमने-सामने की गलियों के मकान लेते हुए गली तक है।

## बांगड़ कॉलेज में आयोजित हुआ रोजगार मेला

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार राजस्थान दिवस समारोह के अवसर पर जिला रोजगार कार्यालय की ओर से जिला प्रशासन के सहयोग से एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन राजकीय बांगड़ कॉलेज के परिसर में शुक्रवार को किया गया है। जिला रोजगार अधिकारी मनीष थोरी ने बताया कि शिविर में इस कार्यालय की ओर से 15000 एसएमएस, विभिन्न समाचार पत्रों एवं शहर में होर्डिंग से प्रचार-प्रसार किया गया। शिविर के दिन लगभग 900 आशार्थियों के द्वारा शिविर में भाग लिया गया। जिसमें से निजी क्षेत्र के 14 नियोजकों (प्राइवेट लिमिटेड फालना., महाराजा उम्मेद मिल्स, जोब प्लेसर्स, दी मारूती इंस्टीट्यूट, लघु उद्योग भारती, डागूर प्लेसमेंट, आर एस सिक्योरिटी जयपुर, आदित्य बिड़ला सनलाइफ, बालाजी ट्रेडिंग कम्पनी इत्यादि) के द्वारा 295 का प्राथमिक चयन किया गया।



## बेडा में तीन दिवसीय जीवन कौशल प्रशिक्षण संपन्न

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** दूसरा दशक परियोजना के तहत राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय (कताई-बुनाई), बेडा में तीन दिवसीय गैर-आवासीय जीवन कौशल प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में 55 किशोरियों ने भाग लिया और विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा एवं गतिविधियों के माध्यम से सीखने का अवसर प्राप्त किया। शिविर के दौरान सम्प्रेषण, अभिव्यक्ति, किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक एवं मानसिक बदलाव, जेंडर, दोस्ती एवं नशे से बचाव जैसे विषयों पर समूह चर्चाएँ आयोजित की गई। इन चर्चाओं को और प्रभावी बनाने के लिए समूह कार्य, गीत, खेल, फिल्म के माध्यम से किशोरियों को विषयों को सहजता से समझने में मदद मिली। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण का संचालन सुश्री रतन कंवर और पदम कंवर की ओर से किया गया। जबकि इखवेलो प्रभारी दिलीप ने इसमें सहयोग प्रदान किया। कार्य' म का उद्देश्य किशोरियों में आत्मविश्वास विकसित करना और उन्हें अपने अधिकारों व जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक बनाना था।



## चौहान राजपूत महासभा होली स्नेह मिलन समारोह 30 को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** चौहान राजपूत महासभा बाली व वीर शिरोमणि मुंजाजी ट्रस्ट सेवाड़ी का सामूहिक होली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम 30 मार्च को दोपहर 3 बजे मुंजाजी स्मारक स्थल सेवाड़ी पर होगा। मीडिया प्रभारी एडवोकेट शैलेन्द्रसिंह चौहान ने बताया कि महासभा अध्यक्ष प्रतापसिंह और ट्रस्ट अध्यक्ष मनोहरसिंह के सानिध्य में कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर चौहान बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। कार्य' म में समाज हित के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी और सभी एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देंगे।

## हनुमान जन्मोत्सव 12 को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खिंवाडा।** कस्बे में 12 अप्रेल को खिंवाडा व्यापार संघ, खेडा देवी ग्रुप, बालाजी ग्रुप व रविन्द्रसिंह दलपतसिंह उदावत परिवार के संयुक्त तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव समारोह मनाया जाएगा। खेड़ा देवी ग्रुप अध्यक्ष रोकड़चंद सेवग ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर 12 अप्रेल सुबह एक वरघोड़ा निकाला जाएगा। जो बालाजी मन्दिर प्रांगण से शुरु होगा।

## वकील मंडल ने की सांसद की सदस्यता रद्द करने की मांग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** वकील मंडल की ओर से शुक्रवार को एसडीएम सिद्धार्थ सान्दू को ज्ञापन देकर समाजवादी पार्टी सांसद रामजीलाल की सदस्यता रद्द करवाने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि समाजवादी पार्टी सांसद रामजीलाल ने मेवाड़ महाराणा सांगा के बारे में राज्यसभा में अमर्यादित व असंसदीय शब्दों का प्रयोग करने से आमजन की जनभावनाएं आहत हुई है। वकील मंडल देसूरी ने ज्ञापन में बताया कि ऐसे व्यक्ति को जिम्मेदार पद पर रहने का कोई औचित्य नही है। उन्होंने मांग की है कि ऐसे सांसद की सदस्यता रद्द की जाए। फिरोज खान उपाध्यक्ष, राजेंद्रसिंह गहलोत कोषाध्यक्ष, लालाराम मीणा सचिव, पंकज कुमार पुस्तकालय अध्यक्ष, श्रवणसिंह सोलंकी, सुधीर श्रीमाली, विजयराज चौधरी, दिनेश माली, चंदनसिंह सोलंकी, नारायणसिंह, भवानीसिंह, मुकेशपुरी, वीरेंद्रसिंह, भवरी चौधरी, लाभेश दवे, मनोहरदास, प्रदीपसिंह सोलंकी, प्रदीप मीणा, लाभूराम देवासी, अजीतसिंह, देवदत्त सहित अधिवक्ता मौजुद रहे।



## पृष्ठ 1 का शेष....

### म्यांमार-थाईलैंड में....

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण और जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज के अनुसार, मध्य म्यांमार में 7.7 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। भूकंप का केंद्र सागाइंग शहर से 16 किमी (10 मील) उत्तर-पश्चिम में 10 किमी की गहराई पर था। म्यांमार, थाईलैंड, बांग्लादेश, भारत और दक्षिण-पश्चिम चीन समेत 5 देशों में असर देखा गया। यहां के कई इलाकों में तेज झटके महसूस किए गए। भारत में कोलकाता, इंफाल, मेघालय और ईस्ट कार्गो हिल में इसके झटके महसूस किए गए। बांग्लादेश में ढाका, चटगांव समेत कई हिस्सों में 7.3 तीव्रता के झटके आए। म्यांमार में 12 मिनट बाद फिर 6.4 तीव्रता का आफ्टरशॉक आया। म्यांमार में एतिहासिक शाही महल मांडले पैलेस के कुछ हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। वहीं, सागाइंग क्षेत्र के सागाइंग टाउनशिप में एक पुल भूकंप में पूरी तरह नष्ट हो गया। राजधानी नेपीता के अलावा क्यौकसे, प्यिन ऊ ल्विन और श्वेबो में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। इन शहरों की आबादी 50 हजार से ज्यादा है।

### प्रदेश को समृद्ध और विकसित....

पिछली सरकार का शासन था भ्रष्टाचार का पर्याय-मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के शासन में महिला उत्पीड़न, पेपर लीक की घटनाएं, बिजली की किल्लत, जल जीवन मिशन में घोटाले, ईआरसीपी के नाम पर राजनीति एवं आर्थिक कुप्रबंधन जैसे मामलों से प्रदेश अराजकता और अव्यवस्था की गिरफ्त में रहा। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने अपने कार्यकाल के अंतिम वर्ष में केवल जनता को दिखाने के लिए इन्वेस्टमेंट समिट किया था। जबकि हमारी सरकार ने अपने कार्यकाल के पहले ही साल में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन किया। साथ ही, इस समिट में हुए एमओयू को भी धरातल पर उतारा जा रहा है।

हमने राज्य में बढ़ाई विकास की रफ्तार-शर्मा ने कहा कि राजस्थान विकास की पटरी पर तेजी से दौड़ रहा है। हमारी सरकार किसान, युवा, मजदूर, महिला के उत्थान के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही है। हमने किसानों को 2027 तक दिन में बिजली देने का लक्ष्य रखा है, साथ ही उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए भी विभिन्न नीतियां जारी की हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वाराजल जीवन मिशन में 12 लाख ग्रामीण परिवारों को नल से जल, पेपर लीक प्रकरणों में गिरफ्तारी, राइजिंग राजस्थान समिट में 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू, राम जल सेतु लिंक परियोजना तथा यमुना जल समझौते जैसे जनता से किए गए प्रत्येक वादे को पूरा किया जा रहा है। सुशासन हमारे देश और प्रदेश की प्रगति की कुंजी-मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन हमारे देश और प्रदेश की प्रगति की कुंजी है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के अनुसार अच्छा शासन वही है, जो लोगों की आकांक्षाओं और उम्मीदों के अनुसार काम करे। इसी को ध्येय मानते हुए हमारी सरकार आमजन की बेहतरी और कल्याण के लिए काम कर रही है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि 30 मार्च 1949 को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ही वृहद् राजस्थान का गठन हुआ था। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सनातन संस्कृति की परंपरा को कायम करते हुए हर वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को राजस्थान दिवस मनाए जाने की सराहनीय पहल की है। उन्होंने कहा कि सुशासन लोकतंत्र की रीढ़ है और अच्छी नीति व नीयत के साथ ही सुशासन स्थापित होता है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट के अन्तर्गत 35 लाख करोड़ के निवेश एमओयू हुए हैं, जिससे प्रदेश विकास के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि राजस्थान वीरों की भूमि है।मुख्यमंत्री की पहल पर साप्ताहिक कार्य' मों के माध्यम से राजस्थान दिवस का वृहद स्तर पर आयोजन हो रहा है, जिसके अन्तर्गत विभिन्न वर्गों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री के भगीरथ प्रयासों से डबल इंजन की सरकार प्रदेश में प्रगति के पथ पर नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। इस अवसर पर

मुख्यमंत्री ने जिला कलक्टर चित्तौड़गढ़ आलोक रंजन, जिला कलक्टर डूंगरपुर अंकित कुमार सिंह, शासन सचिव कार्मिक के.के. पाठक, महानिदेशक साइबर क्राइम शरद कविराज, महानिदेशक बीकानेर रेंज ओमप्रकाश को अटल ई-गवर्नेंस स्टेट अवार्ड से सम्मानित किया।इस दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी किया। कार्य' म में विधायक अशोक कोठारी, लादूलालपितलिया, गोपाल लाल शर्मा, गोपी चन्द मीणा, उदयलाल भड़ाना, जब्बर सिंह सांखला, लाला राम बैरवा,शत्रुघ्न गौतम, प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास वैभव गालरियासहित अन्य अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। वहीं, विभिन्न जिलों से जनप्रतिनिधि एवं लाभार्थी वीसी के माध्यम से जुड़े।

आमजन को मिली सौगातें-मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं के दिशा-निर्देश जारी करने के साथ ही 10 हजार करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।उन्होंने नगरीय विकास विभाग से संबंधित डेलीगेशन के आदेश, फायर एनओसी प्राप्त करने की प्रक्रिया के सरलीकरण, नए जिलों में डीएमएफटी के गठन, हरित अरावली विकास परियोजना, अन्नपूर्णा भण्डार,रजिस्ट्रार कार्यालय सप्ताह में 2 दिन सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक खुलने के दिशा-निर्देश जारी किए। इस अवसर पर सभी जिलों की पंचगौरव पुस्तिका का विमोचनभी किया गया। इससे स्थानीय क्षमताओं और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

## बैद्यनाथ महादेव मंदिर का मेला, गेर एवं प्रसादी का आयोजन आज



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** बाली नगर के बड़ा तालाब के निकट स्थित बैद्यनाथ महादेव मंदिर का मेला, गेर एवं प्रसादी का आयोजन 29 मार्च को होगा। । महादेव मंडल के दिनेश वैष्णव ने बताया की मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संत महापुरुषों की सद्प्रेरणा व महादेव के सभी कार्यकर्ताओं के अथक प्रयास से मेला महोत्सव एवं भोजन प्रसादी का मंगल आयोजन आयोजित हो रहा है। इस दिन सुबह 9 बजे महाआरती होगी। 10 बजे के बाद महा प्रसादी का आयोजन होगा। शाम 3 बजे से 6 बजे तक गेर नृत्य मेला आयोजित होगा। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से गेर दल भाग लेकर अपनी प्रस्तुति देंगे।


**आज़ादी का अमृत महोत्सव**

E mail:-palikaabu@yahoo.in
फोन न. 02974-235172

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, आबूपर्वत, सिरोही (राज0)**

क्रमांक / न.पा.भूमि / हस्ता0/2025/8714 — दिनांक :- 27.03.2025

**आपत्ति आमंत्रण-पत्र**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न प्रार्थी अपने होटल/भूखण्ड के सम्पत्ति नामान्तरण कराने हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसकी विवरण निम्न प्रकार है :-

| आवेदनकर्ता का नाम | मौजा/स्थान पटटा संख्या/भूखण्ड संख्या विक्रय विलेख दिनांक | चतुर्दशी दिशा | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| श्री अशोक भम्भाणी पुत्र स्व. श्री हरुमल भम्भाणी तुलसी भवन, देलवाड़ा, आबूपर्वत | (1) नगरपालिका द्वारा जारी पटटा सं. भूमि/2/79/84/1984 दिनांक 11.04.1984 (2) वसीयतनाम दिनांक 25.02.2014 | **उत्तर में** :-खुली भूमि है **दक्षिण में** :- गिरीनारी महाराज का मकान व खुली भूमि है। **पूर्व में** : खुली भूमि व रास्ता है। **पश्चिम में** : खुली भूमि व सड़क है। | आवेदित स्थल मौजा तुलसी भवन, देलवाड़ा जिसका कुल क्षेत्रफल 201.10 वर्गमीटर है। |

अतः अगर किसी को इस विषय में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति मय सबूत दस्तावेज के जो इस मामले से संबंधित हो इस सूचना की प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा उक्त अवधि की कार्य समाप्ति के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही होगी। यह सूचना आज दिनांक 27.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मुद्रा से जारी की गई।

आयुक्त
नगरपालिका आबूपर्वत

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (भूमि आवंटन व नियमितिकरण) नगर परिषद् सिरोही (राजस्थान)**

क्रमांक : नपसि/भूमि/90-क/1525 — दिनांक : 24.03.2025

**-: लोक सूचना :-**

निम्न आवेदको द्वारा नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

| क्र. स. | नाम आवेदक | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती भवन पत्नि सुरेश कुमार श्रीमती रेखा देवी पत्नि देवेन्द्र कुमार सुथार निवासी झुपडी रोड सिरोही पटवार हल्का गोल आवेदित स्थल- माण्डवा, तह व जिला सिरोही | माण्डवा | खसरा सं. 1110/840 | औद्योगिक प्रयोजनार्थ 0.2500 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आपेक्ष है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समस्त दस्तावेजों के साथ अपने आपेक्ष प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आपेक्ष के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आपेक्ष नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 24.03.2025 को जारी की गई।

प्राधिकृत अधिकारी (भूमि आवंटन व नियमतिकरण) सिरोही

**राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम**
कार्यालय मुख्य प्रबन्धक, आबूरोड आगार

**निविदा**

निगम के अधिनस्थ केन्द्रीय बस स्टैण्ड आबूरोड पर स्थित केन्टीन स्टाल/फास्ट फुड /जनरल स्टोर/सुलभ शौचालय/यात्रियों हेतु जलपान सुविधा हेतु ठहराव स्थल) लाईसेन्स फीस पर दिये जाने हेतु लाईसेन्सी नियुक्त किया जाना है जिसकी निविदा प्राप्त करने/जमा कराने की अन्तिम दिनांक 03.04.2025 है तथा निविदा प्राप्त करने का समय 12.00 बजे तक एंव निविदा जमा कराने का समय 15.00 बजे तक निर्धारित है। इस सम्बन्ध में विस्तृत विवरण निगम की वेब साईट **www.rsrtc.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है। **UBN No.: RTC2425SLOB00879**

राज.संवाद/सी/24/14140 — विज्ञापन संख्या 304/2024-25 — मुख्य प्रबन्धक

**राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम**
कार्यालय मुख्य प्रबन्धक, आबूरोड आगार

**निविदा**

निगम के आबूरोड आगार के वित्त कार्यालय में मैन विद मशिन का ठेका (अनुबन्ध) पर निगम की शर्तों पर दिया जाना है। इच्छुक प्रार्थी अपना आवेदन मय दर के निगम कार्यालय में दिनांक 03.04.2025 तक बन्द लिफाफे में समय 15:00 बजे तक प्रस्तुत कर सकता है तथा उसी दिन 16:00 बजे उपस्थित बिडदाताओ के समक्ष खोले जायेगे।

इस सम्बन्ध में विस्तृत विवरण निगम की वेब साईट **www.rsrtc.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है।

**UBN No.: RTC2425SSSS00881**

राज.संवाद/सी/24/14149 — विज्ञापन संख्या 308/2024-25 — मुख्य प्रबन्धक

**राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम**
कार्यालय मुख्य प्रबन्धक, आबूरोड आगार

**निविदा**

निगम के अधिनस्थ केन्द्रीय बस स्टैण्ड आबूरोड पर स्थित कार्यालय में साख्यिकी शाखा में एक मशीन विद मैन आगार कार्यालय के (साख्यिकी शाखा) के कार्य करने हेतु अनुबन्ध पर जाने हेतु नियुक्त किया जाना है जिसकी निविदा प्राप्त करने/जमा कराने की अन्तिम दिनांक 03.04.2025 है तथा निविदा प्राप्त करने का समय 12.00 बजे तक एंव निविदा जमा कराने का समय 14.00 बजे तक निर्धारित है।

इस सम्बन्ध में विस्तृत विवरण निगम की वेब साईट **www.rsrtc.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है। **UBN No.: RTC2425SSSS00884**

राज.संवाद/सी/24/14150 — विज्ञापन संख्या 309/2024-25 — मुख्य प्रबन्धक

**कार्यालय उपखण्ड अधिकारी, जालोर जिला जालोर (राज.)**

क्रमांक/निर्वा./न.प./ परिसीमांकन /2025/297 — दिनांक : -27.03.2025

**-: आपत्ति आमन्त्रण सूचना :-**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमान् निदेशक एवं विशिष्ठ सचिव महोदय, स्वायत शासन विभाग, राजस्थांन, जयपुर के कार्यालय पत्रांक एफ.10() चुनाव / जन/स्वाश./2024/6079 दिनांक 22.11.2024, पत्रांक एफ.10(0) चुनाव / जन/स्वाश./24/526 दिनांक 30.12.2024, पत्रांक एफ. 10(0) चुनाव /जन/ डीएलबी / 2024/5651-5690 दिनांक 18.03.2025 एवं श्रीमान् जिला निर्वाचन अधिकारी व (कलक्टर) महोदय, जालोर के पत्रांक / चुनाव/2025/1359-72 दिनांक 24.03.2025 द्वारा दिये गये निर्देशानुसार नगर परिषद, जालोर के वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर कुल 40 वार्डो का सीमावृद्धि / पुनर्गठन / परिसीमांकन निर्धारण कर प्रस्ताव तैयार किये गये है। उक्त वार्डो के परिसीमांकन का वार्डवार विवरण नगर परिषद / उपखण्ड कार्यालय, जालोर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दिया गया है। अतः निर्धारित कार्यक्रमानुसार नगर परिषद जालोर के वार्डो के सीमावृद्धि /पुनर्गठन/परिसीमांकन के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्ति लिखित रूप में कार्यालय समय में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। सूचित रहें।

**आपत्ति प्रस्तुत करने का स्थान : उपखण्ड कार्यालय, जालोर**
**आपत्ति प्रस्तुत करने की अवधि : दिनांक 28.03.2025 से 17.04.2025**
**आपत्ति प्रस्तुत करने का समय : कार्यालय समय प्रातः 09.30 बजे से सायं 06.00 बजे तक कार्य दिवस में (राजकीय अवकाश के अलावा)**

उपखण्ड अधिकारी, जालोर

**Office Of The Vikas Adhikari Panchayat Samiti Pindwara (Sirohi)**

SR. No./PSP/2025/2532 — Dated 27.03.2025

**-:: Notice Inviting Bid ::-**

Bids for Procurement for development works in concerned GP's of Panchayat Samiti Pindwara at Office of the concerned GP's Office of Panchayat Samiti Pindwara are invited from interested bidders from dated 28.03.2025 upto Dated 03.04.2025 & 07.04.2025 (According to NIT).Concerned Detail Perscribed in UBN No.Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://www.sppp.rajasthan.gov.in) of the state Rajasthan.

**UBN No.: PIZ2425WSOB00225, PIZ2425WSOB00226 & PIZ2425WSOB00227**

Vikas Adhikari
Panchayat Samiti Pindwara

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, शिवगंज जिला - सिरोही**

क्रमांक : न.पा.शि./ भू.उप.परि./2024-25/6990 — दिनांक : 28.03.2025

**|| आपत्ति विज्ञप्ति पत्र ||**
**(भू-उपयोग परिवर्तन संशोधित नियम 2021 एंव 2024 के अन्तर्गत)**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि पालिका क्षेत्र के निम्न विवरण के अनुसार आवेदको के द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन के लिये पत्रावली पेश कर भू-उपयोग परिवर्तन चाहा गया है जो भू-उपयोग परिवर्तन कमेटी द्वारा प्रस्तावित है साथ ही किसी भी व्यक्ति विशेष या अडौस पडौस को कोई भी आपत्ति ऐतराज हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित रूप में मय दस्तावेजो के 15 दिवस के भीतर कार्यालय समय में पेश कर सकते हैं।

**|| पत्रावली विवरण ||**

| क्रम संख्या | नाम पत्रावली विवरण | स्थान विवरण | नाप | दस्तावेज अनुसार भूमि का उपयोग | भू-उपयोग जो चाहा गया है |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्रीमती झुमियादेवी पत्नि मनोज कुमारजी, जाति-सोनी, निवासी- छावणी-शिवगंज तहसील-शिवगंज, जिला-सिरोही (राज.) | रावलों का वास, शिवगंज | 721.00 वर्गफीट | आवासीय प्रयोजनार्थ | वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ |

**अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका, शिवगंज**

राजस्थान सरकार
**कार्यालय निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी, (एस.डी.एम.) सिरोही**
(erosdmsirohi146@gmail.com, contact - 02972-222220)

क्रमांकः– चुनाव / वार्ड गठन / 2025 / 1653 — दिनांक – 27.03.2025

**–: आपत्ति आमन्त्रण सूचना :–**

स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान जयपुर की अधिसूचना क्रमांक– प.8(ग)( )नियम /डीएलबी / 2024 / 5066 व 6079 दिनांक 22.11.2024 के अनुसार जनगणना वर्ष 2011 के आधार पर नगर निकायो में वार्डो का पुनः निर्धारण किया गया है जिसके अनुसार नगर परिषद क्षेत्र सिरोही में वार्डो की संख्या 35 का निर्धारण किया गया हैं, उक्त अधिसूचना की पालना में नगर परिषद सिरोही द्वारा 35 वार्डो के प्रस्ताव तैयार किये गये हैं जिनके सीमाकंन का वार्ड वार विवरण नगर परिषद सिरोही /निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (एसडीएम) कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया गया हैं। अतः नवगठित वार्डो के पुनर्गठन / पुनर्सीमाकन के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 28 मार्च 2025 से 17 अप्रेल 2025 के मध्य अपनी आपत्ति लिखित रुप में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी
(एस.डी.एम.) सिरोही

राज.संवाद / सी / 24 / 14130

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (भूमि आवंटन व नियमितिकरण) नगर परिषद् सिरोही (राजस्थान)**

क्रमांक : नपसि/भूमि/90-क/1652 — दिनांक : 27.03.2025

**-: लोक सूचना :-**

निम्न आवेदको द्वारा नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

| क्र. स. | नाम आवेदक | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री मनोज कुमार पुत्र अचलारामजी सालवी निवासी शहजी की वाडी सिरोही आवेदित स्थल- शिवगंज रोड सिरोही | सिरोही। | खसरा सं. 942, 945 | आवासीय प्रयोजनार्थ 1541.33 वर्गमीटर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आपेक्ष है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समस्त दस्तावेजों के साथ अपने आपेक्ष प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आपेक्ष के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आपेक्ष नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 27.03.2025 को जारी की गई।

प्राधिकृत अधिकारी (भूमि आवंटन व नियमतिकरण) सिरोही

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER P.H.E.D. DN. SOJAT CITY**
E-mail :- eephedsojat@yahoo.com, Ph. No. 02960-222148, Fax No. :- 02960-222148

No. PHE/TA/NIT/2024-25/7289-7302 — Date :- 25.03.25

**निविदा सूचना संख्या : 128/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से विभिन्न कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के पंजीकृत संवेदकों के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेंडरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदायें प्राप्त करने हेतु आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित वेबसाईट **http://sppp.rajasthan.gov.in** NIB Code No. **PHE2425A5545** UNB No. **PHE2425WSOB12155** पर देखा जा सकता है।

(M.K. Meena)
EXECUTIVE ENGINEER
P.H.E.D. DN. SOJAT CITY

**DIPR/C/4390/2025**

**कार्यालय नगर परिषद् सिरोही (राजस्थान)**

क्रमांक : नपसि/भू.उ.प/2024-25/1654 — दिनांक : 27.03.2025

**-: आपत्ति सूचना :-**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि निम्नलिखित प्रार्थी द्वारा सिरोही नगरपरिषद् क्षेत्र में स्थित अपनी भूमि का आवासीय से वाणिज्यिक भू-उपयोग परिवर्तन कराने हेतु आवेदन किया है। अतः इस बाबत किसी को किसी प्रकार की आपत्ति होतो सूचना के 7 दिन में निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा बाद म्याद नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी

| क्र. स. | नाम आवेदक | आवेदित स्थल | क्षैत्रफल | चाहा गया भू-उपयोग परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री रमेश कुमार पुत्र चुन्नीलाल जी माली निवासी- नेहरूपार्क से चौडी गली सिरोही | आवेदित स्थल- ध्रुव मंदिर के आगे सिरोही। पट्टा सं. 27 दिनांक 28.02.2024 | 384 वर्गफीट | मिश्रित प्रयोजनार्थ |

आयुक्त
नगरपरिषद् सिरोही

## सुविचार

पत्थर अगर कीचड़ में मरोगे तो कीचड़ आपको ही लगेगा।

- अज्ञात

## जागरूक संपादकीय

### सांगा पर संग्राम

राणा सांगा पर सड़क से लेकर संसद तक संग्राम है। समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन के राणा सांगा को 'गद्दार' कहने वाले बयान पर विवाद छिड़ा है। राज्यसभा में भी राणा सांगा को लेकर खूब हंगामा बरपा हुआ है। शुक्रवार को राज्यसभा की कार्यवाही जैसे ही शुरू हुई, बवाल हो गया। सत्तापक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। सत्तापक्ष के सदस्य राणा सांगा को लेकर रामजीलाल सुमन के बयान के विरोध में नारेबाजी करने लगे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष से इस पर अपना स्टैंड साफ करने की अपील की और कहा कि मैं नहीं मानता कि ये विचार अकेले रामजीलाल सुमन के हैं। इस पर राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम इस बात से सहमत हैं कि किसी का अपमान करने वाली टिप्पणी नहीं की जानी चाहिए। लेकिन कानून अपने हाथ में लेकर इन्होंने जो किया है, घर पर जाकर तोड़फोड़ करते हैं। दलितों के खिलाफ अत्याचार हम कभी सहन नहीं करेंगे। संविधान कभी किसी के घर को जलाने की इजाजत नहीं देता। आप कानून को हाथ में नहीं ले सकते हैं। बुलडोजर चलाना गलत है। वहीं कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि राणा सांगा इस देश के हीरो थे। आप (सभापति) कहते हैं कि जो बात कार्यवाही से हटा दी गई है, उसे दोहराया नहीं जाता है। आज क्या हो रहा है। यही तो दोहराया जा रहा है। हम मानते हैं कि किसी भी जाति-वर्ग के महापुरुष का अपमान नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन इसकी आड़ में आप किसी दलित के घर में तोड़-फोड़ करोगे, दलित का घर जलाओगे? इसके बाद बीजेपी के सांसद राधामोहन अग्रवाल का गुस्सा दिखा। भाजपा सांसद राधामोहन अग्रवाल ने उग्र तेवर में कहा कि रामजीलाल सुमन ने उसी दिन ये कह दिया होता कि गलती से बोल दिया तो ये मुद्दा खत्म हो गया होता। लेकिन उन्होंने कहा कि मर भी जाएं तो अपनी बात वापस नहीं लेंगे। अब जब तक रामजीलाल सुमन और कांग्रेस पार्टी, दोनों एक साथ खड़े होकर माफी नहीं मांगेंगे, तब तक हम समझौता नहीं करने जा रहे। इसके बाद प्रमोद तिवारी ने कहा कि हम राणा सांगा की वीरता का सम्मान करते हैं। वहीं विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि संविधान किसी को भी किसी का घर जला देने, तोड़फोड़ करने, बुलडोजर चलाकर ध्वस्त करने की इजाजत नहीं देता। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इसे जाति से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। ऐसा नहीं है कि रामजीलाल सुमन दलित हैं इसलिए ऐसा हुआ। यह सेंटीमेंट है। यह एक सांसद के बयान का मुद्दा है। इसका दलित होने से कोई नाता नहीं है। सत्तापक्ष और विपक्ष की इस तकरार में सभापति जगदीप धनखड़ को दखल देना पड़ा।

## इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल 2025

# विरोध के बीच लोकसभा में पारित



विजय कपूर

अगर कोई व्यक्ति नकली पासपोर्ट या वीज़ा का प्रयोग करके भारत में प्रवेश करता हुआ या अंदर रहता हुआ या बाहर जाता हुआ पकड़ा जाता है तो उसे सात वर्ष तक की कैद की सज़ा और दस लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। यह आप्रवास और विदेशियों से संबंधित विधेयक, 2025 का मुख्य प्रावधान है, जिसे 27 मार्च 2025 को लोकसभा में वोइस वोट से पारित किया गया। हालांकि विपक्ष के सदस्यों ने विधेयक में अनेक संशोधन करने के सुझाव दिए थे, लेकिन उनमें से एक को भी सरकार ने स्वीकार नहीं किया। इस विधेयक पर हुई बहस का जवाब देते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि जो लोग भारत में व्यापार, शिक्षा व निवेश के लिए आते हैं उनका स्वागत है, लेकिन जो लोग सुरक्षा के लिए खतरा हैं, उन्हें सख्त कार्यवाही का सामना करना पड़ेगा क्योंकि भारत कोई 'धर्मशाला' नहीं है।

अमित शाह के अनुसार, देश की सुरक्षा व अर्थव्यवस्था को मज़बूत करने, निर्माण व व्यापार को प्रोत्साहित करने, शिक्षा व्यवस्था को ग्लोबल मान्यता हासिल करने और विश्वविद्यालयों को अंतर्राष्ट्रीय सम्मान अर्जित कराने के लिए यह विधेयक आवश्यक है। इससे जो भी विदेशी भारत आएगा उसकी अप-टू-डेट सूचना मिलना सुनिश्चित होगा। जो भी व्यक्ति भारत आएगा उसकी कड़ी निगरानी यह विधेयक सुनिश्चित करता है, ऐसा गृहमंत्री का दावा है। विधेयक पर बोलते हुए अमित शाह ने कहा, तृणमूल और कांग्रेस की पूर्व सरकारों ने पहले असम में और फिर पश्चिम बंगाल में रोहिंग्या व बांग्लादेशियों को गुसपैठ करने दिया। उनके मुताबिक़ घुसपैठ के लिए सुरक्षा बलों पर आरोप लगाए जाते हैं, लेकिन इसके लिए असल दोषी पश्चिम बंगाल में तृणमूल की सरकार और असम में कांग्रेस की पूर्व सरकारें हैं। भारत की बांग्लादेश के साथ सीमा 2,216 किमी लंबी है, जिसमें से 1,653 किमी पर फेंसिंग कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष 563 किमी में से 112 किमी पर भौगोलिक स्थितियों के कारण फेंसिंग संभव नहीं है, लेकिन 412 किमी पर फेंसिंग इसलिए अधूरी है क्योंकि पश्चिम बंगाल की सरकार भूमि नहीं दे रही है। गृहमंत्री के मुताबिक़ जब अगले वर्ष पश्चिम बंगाल में बीजेपी विधान सभा चुनाव जीत जाएगी तो घुसपैठ की समस्या समाप्त हो जाएगी। अमित शाह ने कहा, "अगर बंगाल सरकार आधार कार्ड जारी न करे तो कोई परिंदा भी पर नहीं मार सकता।"

आगे बढ़ने से पहले यहां दो बातों को स्पष्ट करना आवश्यक है। एक, यूआईडीएआई या भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रोद्योगिकी मंत्रालय के तहत भारत सरकार द्वारा स्थापित एक वैधानिक प्राधिकरण है। यह भारत के सभी निवासियों को आधार नामक एक विशिष्ट पहचान संख्या जारी करने के लिए ज़िम्मेदार है। इसका अर्थ यह है कि 12-अंकों वाला व्यक्तिगत पहचान नंबर का आधार कार्ड भारत सरकार की तरफ से यूआईडीएआई जारी करती है और राज्य के नोडल अधिकारी को 30-दिन की निर्धारित




इमेज

अवधि के भीतर केवल किसी की पहचान पुष्टि पर आपत्ति दर्ज करने का अधिकार है। निर्धारित अवधि में अगर यह आपत्ति नहीं आती है तो आधार कार्ड के आग्रह को स्वीकार कर लिया जाता है। दूसरा यह कि भारत के गृह मंत्रालय के अधीन कार्य करने वाली बीएसएफ (सीमा सुरक्षा बल), जोकि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल है, की ज़िम्मेदारी है कि वह भारत की जो पाकिस्तान व बांग्लादेश के साथ सीमाएं हैं उनकी सुरक्षा करे और कोई घुसपैठ न होने दे। सीमा प्रबंधन की पूर्णतः ज़िम्मेदारी भारत के गृह मंत्रालय पर है। गौरतलब है कि झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान भी बीजेपी ने अवैध घुसपैठ का मुद्दा उठाया था बल्कि उसका पूरा चुनाव प्रचार ही इसी मुद्दे पर आधारित था और तब भी विपक्षी दलों ने यही कहा था कि सीमा की सुरक्षा व वहां से घुसपैठ रोकने की ज़िम्मेदारी केंद्र सरकार की है न कि राज्य सरकारों की। केंद्र में 2014 से बीजेपी की सरकार है। बहरहाल, लोकसभा में विपक्ष ने विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजने की मांग की, जिसे सरकार ने यह कहकर ठुकरा दिया कि जिस समय विधेयक को पेश किया गया और जब उस पर विचार किया गया, उसके बीच में सुझाव देने का पर्याप्त समय था। विपक्ष ने सुझाव अवश्य दिए लेकिन उन्हें स्वीकार नहीं किया गया। विपक्ष इस विधेयक पर विस्तृत विचार करने के लिए जेपीसी के पास इसलिए भेजना चाहता था; क्योंकि इसमें कुछ खास विदेशियों को कानून से छूट देने का प्रावधान है साथ ही इमीग्रेशन अधिकारियों को मनमानी शक्तियां प्रदान की गई हैं। इस विधेयक में एक प्रावधान यह भी है कि विवाद के संदर्भ में इमीग्रेशन अधिकारी का निर्णय 'अंतिम व अनिवार्य' होगा। विपक्ष को डर है कि कहीं सरकार अपने आलोचकों को टारगेट करने के लिए इस प्रावधान का दुरूपयोग न करे। क्योंकि इस प्रावधान का अर्थ है कि न अपील, न बहस और न वकील, जो इमीग्रेशन अधिकारी कह दे बस वही ठीक, ऐसा कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी का कहना है। ध्यान रहे कि हाल ही में ब्रिटेन की शिक्षाविद नताशा कौल और अमेरिका की समाजवादी राजनीतिज्ञ क्षमा सावंत को भारत में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई थी। विपक्ष का यह भी कहना है कि विधेयक में कानून व मौलिक अधिकारों के बीच संतुलन का अभाव है। विपक्ष का मोदी सरकार पर आरोप है कि अवैध घुसपैठ को चुनावों में तो मुद्दा बनाया जाता है, लेकिन 11 साल ऑफिस में रहते हुए इस मुद्दे को संबोधित नहीं किया गया है। द्रमुक को लगता है कि जो 90,000 श्रीलंकाई तमिल पिछले तीन दशक से भारत में रह रहे हैं, उनके हित इस विधेयक से प्रभावित होंगे। अगर इस विधेयक की तुलना अन्य देशों के इमीग्रेशन कानूनों से की जाए तो अमेरिका में इमीग्रेशन न्यायाधीश होते हैं और कनाडा में विवादों के निपटारे के लिए इमीग्रेशन एंड रिफ्यूज बोर्ड है। इस प्रकार की कोई व्यवस्था भारत में प्रस्तावित नहीं है, जबकि उसका होना ज़रूरी है। विधेयक में एक प्रावधान यह भी है कि इमीग्रेशन अधिकारी 'क्षतिग्रस्त' पासपोर्ट को ज़ब्त कर सकते हैं, जबकि 'क्षतिग्रस्त' को परिभाषित नहीं किया गया है। इससे यह आशंका बढ़ जाती है कि इमीग्रेशन अधिकारी अपनी मनमर्ज़ी से किसी के भी पासपोर्ट को 'क्षतिग्रस्त' घोषित करके उसे ज़ब्त कर सकते हैं और उनके निर्णय के विरुद्ध अपील भी नहीं की जा सकती। एक अन्य विवादित प्रावधान यह है कि अगर किसी विदेशी पर अवैध हरकत का शक है तो उसे हेड कांस्टेबल गिरफ्तार कर सकता है और उसे दो से सात साल तक की कैद की सज़ा हो सकती है। विपक्ष का सुझाव था कि यह अधिकार कम से कम इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी को दिया जाना चाहिए था। इस सुझाव को भी ठुकरा दिया गया।

## पंचांग

शनिवार, 29 मार्च 2025

- विक्रम संवत् - 2081
- शक संवत् - 1946
- ऋतु - वसंत
- माह - चैत्र
- पक्ष - कृष्ण
- तिथि - अमावस्या 16.29 तक
- वार - शनिवार
- नक्षत्र - उत्तराभाद्रपद 19.28 तक
- योग - ब्रह्म 22.05 तक
- करण - किंस्तुघ्न 26.41 तक
- सूर्योदय - 06.37 (मुंबई)
- सूर्यास्त - 06.50 (मुंबई)
- सूर्योदय - 06.35 (भीनमाल)
- सूर्यास्त - 06.56 (भीनमाल)
- चंद्र राशि - मीन
- अभिजित् मुहूर्त - 12.19 से 13.08
- राहु काल - 09.39 से 11.11
- व्रत, त्यौहार - पंचक, दर्श अमावस्या, खंडग्रास सूर्य ग्रहण, शनि मीन में 21.40
- दिशा शूल - पूर्व

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



## वास्तु शास्त्र

### घर में सुख, समृद्धि लाएं विंड चाइम्स

मधु सिंह

विंड चाइम सिर्फ घर की डेकोरेशन के लिए एक डेकोरेटिव महत्व की चीज ही नहीं है यह इसके अलावा और बहुत कुछ है। यह घर के बरामदे या बागीचे की शोभा बढ़ाती है। इनसे टकराकर जब हवा गुजरती है तो इनसे जो मधुर स्वर निकलते हैं, उससे घर में नकारात्मक वाइब्स दूर होती हैं और हमारे आसपास का वातावरण शांतिपूर्ण और प्रेरक हो जाता है। पवन के झोंके विंड चाइम्स की झनकार को बाहरी तौरपर ही नहीं, हमारे भीतर भी गुंजायमान करते हैं। ये हमारे भीतर भी हवा का एक संगीत निर्मित करती है और हम खुद को प्रकृति के साथ ज्यादा जुड़ा महसूस करते हैं। विंड चाइम्स में बजने वाली ध्वनि एक सुखद ध्वनि से ज्यादा और कुछ है। वास्तुशास्त्र के मुताबिक़ इसका कंपन हमारे भीतर एक नई ऊर्जा का संचार करता है। यह हमारे जीवन में सौभाग्य, सुख, समृद्धि लाता है, नकारात्मक ऊर्जा को दूर करता है और घर में सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करता है। विंड चाइम का उपयोग मानव सभ्यता में हजारों सालों से होता आ रहा है। इसका गहरा आध्यात्मिक अर्थ है। इसकी हर झनझनाहट को ईश्वर या प्रकृति का संदेश माना जाता था। यही वजह है कि विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं में इसका खासा महत्व है। घर और आसपास के माहौल को शांति और सकारात्मक बनाने के लिए अपने गार्डेन, बरामदे या घर के जिस भी हिस्से में हम विंड चाइम लगाना चाहते हैं, उसे लगाने से पहले हमें कुछ बातों पर गौर करना चाहिए। जिस जगह के लिए हम विंड चाइम खरीदना चाह रहे हैं, उस जगह के अनुरूप ही हम मिट्टी, कांच, लकड़ी, धातु या सिरेमिक की विंड चाइम ले सकते हैं। विंड चाइम खोखली नली वाली ही खरीदनी चाहिए, इससे मधुर ध्वनि आती है। पीतल या स्टील की बनी विंड चाइम में रॉड की संख्या 6 से 7 होनी चाहिए। बांस की विंड चाइम में रॉड की संख्या तीन चार होती है। इको फ्रेंडली यह विंड चाइम घर में सकारात्मक ऊर्जा लाती है।

## तारीख विशेष

### मंगल पांडे का विद्रोह

'भारतीय इतिहास' में 29 मार्च, 1857 का दिन अंग्रेज़ों के लिए दुर्भाग्य के दिन के रूप में उदित हुआ। पांचवी कंपनी की चौंतीसवीं रेजीमेंट का 1446 नं. का सिपाही वीरवर मंगल पांडे अंग्रेज़ों के लिए प्रलय-सूर्य के समान निकला। बैरकपुर की संचलन भूमि में प्रलयवीर मंगल पांडे का रणघोष गूंज उठा-

"बंधुओ! उठो! उठो! तुम अब भी किस चिंता में निमग्न हो? उठो, तुम्हें अपने पावन धर्म की सौगंध! चलो, स्वातंत्र्य लक्ष्मी की पावन अर्चना हेतु इन अत्याचारी शत्रुओं पर तत्काल प्रहार करो।" मंगल पांडे के बदले हुए तेवर देखकर अंग्रेज़ सारजेंट मेजर ह्यूसन उसने पथ को अवरुद्ध करने के लिए आगे बढ़ा। उसने उस विद्रोही को उसकी उद्दंडता का पुरस्कार देना चाहा। अपनी कड़कती आवाज़ में उसने मंगल पांडे को खड़ा रहने का आदेश दिया। वीर मंगल पांडे के अरमान मचल उठे। वह शिवशंकर की भांति सन्नद्ध होकर रक्तगंगा का आह्वान करने लगा। उसकी सबल बाहुओं ने बंदूक तान ली। उसकी सधी हुई उंगलियों ने बंदूक का घोड़ा अपनी ओर खींचा और घुड़ड़ घूंsss का तीव्र स्वर घहरा उठा। मेजर ह्यसन घायल कबूतर की भांति भूमि पर तड़प रहा था। उसका रक्त भारत की धूल चाट रहा था। 1857 के क्रांतिकारी ने एक फिरंगी की बलि ले ली थी। विप्लव महायज्ञ के पुरोधा मंगल पांडे की बंदूक पहला 'स्वारा' बोल चुकी थी। स्वातंत्र्य यज्ञ की वेदी को दस्यु-देह की समिधा अर्पित हो चुकी थी। खबरदार, जो कोई आगे बढ़ा! आज हम तुम्हारे अपवित्र हाथों को ब्राह्मण की पवित्र देह का स्पर्श नहीं करने देंगे। ह्यसन को धराशायी हुआ देख लेफ्टिनेंट बॉब वहां जा पहुंचा। उस अश्वारूढ़ गोरे ने मंगल पांडे को घेरना चाहा। पहला ग्रास खाकर मंगल पांडे की बंदूक की भूख भड़क उठी थी। उसने दूसरी बार मुंह खोला और लेफ्टिनेंट बॉब घोड़े सहित भू-लुंठित होता दिखाई दिया। गिरकर भी बॉब ने अपनी पिस्तौल मंगल पांडे की ओर सीधी करके गोली चला दी। विद्युत गति से वीर मंगल पांडे गोली का वार बचा गए और बॉब खिसियाकर रह गया। अपनी पिस्तौल को मुंह की खाती हुई देख बॉब ने अपनी तलवार खींच ली और वह मंगल पांडे पर टूट पड़ा। पांडे की तलवार का ऐसा वार पड़ा कि बॉब का कंधा जड़ से कट गया।

## विनोद कुमार शुक्ल

# मानवीय अंतर्दृष्टि के अप्रतिम कवि

लोकमित्र गौतम

हताशा में एक व्यक्ति बैठ गया था/व्यक्ति को मैं नहीं जानता था/हताशा को जानता था/इसलिए मैं उस व्यक्ति के पास गया/मैंने हाथ बढ़ाया/मेरा हाथ पकड़ कर वह उठ खड़ा हुआ/मुझे वह नहीं जानता था/मेरे हाथ बढ़ाने को जानता था/हम दोनों साथ चले/दोनों एक दूसरे को नहीं जानते थे/साथ चलने को जानते थे। इस कविता में साथ चल सकने की संभावना की जो गहरी अंतर्दृष्टि है, वह हमें हतप्रभ कर देती है। इसी के कारण कविता मनुष्यता का विराट ब्रह्मांड बन जाती है। छत्तीसगढ़ के रायपुर शहर में रहने वाले विनोद कुमार शुक्ल गहरी अंतर्दृष्टि के साहित्यकार हैं। उन्हें वर्ष 2024 के लिए 59वां ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। भारतीय ज्ञानपीठ के मुताबिक़ विनोद जी को हिंदी साहित्य में उनके अद्वितीय योगदान, सृजनात्मकता और अपनी विशिष्ट लेखन शैली के लिए यह पुरस्कार दिया जा रहा है। वह हिंदी के 12वें ऐसे साहित्यकार हैं, जिन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही वह ज्ञानपीठ पुरस्कार पाने वाले छत्तीसगढ़ के पहले लेखक हैं।

सुप्रसिद्ध कथाकार और खुद भी ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रतिभा राय की अध्यक्षता में प्रवर परिषद द्वारा उन्हें पुरस्कार देने का निर्णय लिया गया। चयन समिति में माधव कौशिक, दामोदर मावजो, प्रभा वर्मा, डा. अनामिका, डा. ए. कृष्णा राव, प्रफ्फुल शिलेदार, डा. जानकी प्रसाद शर्मा और ज्ञानपीठ के निदेशक मधुसूदन आनंद शामिल थे। 1 जनवरी 1937 को राजनांदगांव में जन्मे विनोद कुमार शुक्ल पिछले 50 साल से लेखन कर रहे हैं। उनका पहला कविता संग्रह शलगभग जय हिंदश् 1971 में प्रकाशित हुआ था। इसके ठीक दस सालों बाद उनका दूसरा कविता संग्रह 'वह आदमी चला गया' आता है। लेकिन इसके 2 साल पहले उनका चर्चित उपन्यास 'नौकर की कमीज' भी आ चुका और चर्चित हो चुका होता है। इसलिए उनके आठ कविता संग्रहों, छह उपन्यासों और पांच कहानी संग्रहों के बीच यह तय कर पाना बहुत मुश्किल है कि वह मूलतः कवि हैं, उपन्यासकार हैं, कथाकार हैं या बाल साहित्यकार हैं जैसे कि हाल के सालों में उन्होंने पाने बाल साहित्य लेखन से ध्यान खींचा है। विनोद शुक्ल के उपन्यास 'नौकर की कमीज', 'खिलेगा तो देखेंगे' और 'दीवार में एक खिड़की रहती थी' हिंदी के श्रेष्ठ उपन्यासों में शुमार हैं। उनके उपन्यास 'नौकर की कमीज' पर जाने-माने फिल्मकार मणिकौल ने 1999 में 'नौकर की कमीज' नाम से एक फिल्म भी बनाई थी, जिसमें पंकज सुधीर मिश्रा, अनु जोसेफ़ और ओम प्रकाश द्विवेदी ने काम किया था। अपनी एक अलग लेखन शैली के लिए लोकप्रिय विनोद कुमार शुक्ल ने बड़ों के साथ बच्चों के लिए भी लिखा है, 'हरी घास की छप्पर वाली झोपड़ी और बौना पहाड़' उपन्यास समेत बच्चों उनकी कई और किताबें हैं जैसे- 'बना बनाया देखा आकाशा, बनते कहां दिखा आकाश', 'गमले में जंगल', 'पेड़ नहीं बैठता', 'एक चुप्पी जगह'। जिस तरह से हर तरफ उनके लेखन का स्वागत हुआ है,उसी तरह हर सम्मान भी उन पर खूब मेहरबान रहे हैं। अमेरिकन नाबोकॉव अवॉर्ड पाने वाले पहले एशियाई लेखक हैं। कविता और उपन्यास लेखन के लिए गजानन माधव मुक्तिबोध फेलोशिप, रजा पुरस्कार, वीरसिंह देव पुरस्कार, सृजनभारती सम्मान, रघुवीर सहाय स्मृति पुरस्कार, दयावती मोदी कवि शिखर सम्मान, भवानीप्रसाद मिश्र पुरस्कार, मैथिलीशरण गुप्त सम्मान, पं. सुंदरलाल शर्मा पुरस्कार जैसे अनेक पुरस्कार उन्हें लगातार मिलते रहे हैं। उन्हें उपन्यास 'दीवार में एक खिड़की रहती थी' के लिए 1999 में 'साहित्य अकादमी' पुरस्कार भी मिल चुका है। हाल के वर्षों में उन्हें मातृभूमि बुक ऑफ द ईयर अवॉर्ड भी दिया गया है। दुनिया भर की भाषाओं में उनकी किताबों के अनुवाद हो चुके हैं। उनका लेखन सरल भाषा, गहरी संवेदनशीलता और अद्वितीय शैली के लिए जाना जाता है। वह मुख्य रूप से हिंदी साहित्य में अपने प्रयोगधर्मी लेखन के लिए प्रसिद्ध हैं।

उनकी भाषा बहुत ही सहज और सरल होती है, लेकिन उसमें गहरी दार्शनिकता छिपी होती है। वे साधारण जीवन के अनुभवों को इतने अनूठे ढंग से प्रस्तुत करते हैं कि वे असाधारण लगने लगते हैं। दरअसल विनोद जी धीमी गति और धीरजपूर्ण शैली के लेखक हैं। उनकी रचनाएं तेज घटनाक्रम या नाटकीय मोड़ों पर आधारित नहीं होतीं बल्कि उनमें अपनी ही तरह की एक स्थिरता होती है। उनके उपन्यासों में घटनाएं बहुत धीरे-धीरे खुलती हैं, मगर उनकी गूंज लंबे समय तक बनी रहती है। विनोद कुमार शुक्ल के लेखन में जादुई यथार्थवाद की झलक मिलती है, इसीलिए उनके यहां आम जीवन में भी एक प्रकार की अलौकिकता और काव्यात्मकता देखने को मिलती है। उनके पात्र आमतौर पर साधारण लोग होते हैं- किसान, शिक्षक, छोटे कर्मचारी दृ लेकिन वे अपने विचारों, भावनाओं और दृष्टिकोण में असाधारण होते हैं। वे अपने जीवन की छोटी-छोटी चीज़ों में गहरा आनंद और काव्यात्मकता खोजते हैं। हालांकि यह कह पाना आसान नहीं है कि वह कवि ज्यादा अच्छे हैं या गद्यकार लेकिन उनकी भाषा बुनियादी रूप से काव्यात्मक है। इसलिए उनकी गद्य रचनाओं में भी एक विशिष्ट किस्म की काव्यात्मकता है। उनका गद्य अक्सर दृश्यात्मक और जीवंत होता है, जो पाठकों को एक अलग अनुभव देता है। उनकी कहानियों और उपन्यासों में महानगरों की- श्यावलियां बहुत कम मिलती हैं,लेकिन छोटे शहरों और गांवों के बेहद यथार्थपरक चित्रण मिलते हैं। लेकिन वे इसे किसी आदर्शवाद या नॉस्टैल्जिया के चश्मे से नहीं देखते। उनका फोकस मनुष्य और उसकी सहज प्रवृत्तियों पर रहता है। उनके लेखन में एक सूक्ष्म हास्य और व्यंग्य भी देखने को मिलता है, जो न तो कटु होता है और न ही आक्रामक, बल्कि समाज की छोटी-छोटी विडंबनाओं को उजागर करने का माध्यम बनता है। उनके लेखन में प्रकृति और जीवन का अनूठा रिश्ता पूरे मनोवेग से मौजूद होता है। उनकी कृतियों में पेड़, पक्षी, बारिश, और धूप मात्र सजावटी तत्व नहीं होते, बल्कि वे मानवीय भावनाओं के प्रतीक बन जाते हैं।



## गीता सार

**इहैव तैर्जितः सर्गो येषां साम्ये स्थितं मनः।**
**निर्दोषं हि समं ब्रह्म तस्माद्ब्रह्मणि ते स्थिताः॥**
**न प्रहृष्येत्प्रियं प्राप्य नोद्विजेत्प्राप्य चाप्रियम्।**
**स्थिरबुद्धिरसंमूढो ब्रह्मविद्ब्रह्मणि स्थितः॥**

**हिंदी अर्थ –**

जिनका मन सम भाव में स्थित है, उनके द्वारा यहां संसार में ही लय (मुक्ति) को प्राप्त कर लिया गया है, क्योंकि ब्रह्म निर्दोष और सम है, इसलिए वे ब्रह्म में ही स्थित है। जो प्रिय को प्राप्त होकर हर्षित नहीं होता और अप्रिय को प्राप्त होकर उद्विग्न नहीं होता, वह स्थिरबुद्धि, संशयरहित, ब्रह्म को जानने वाला पुरुष परब्रह्म में नित्य स्थित है।

## बोले तो...



बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था भले ही डूब रही हो, लाखों लोगों ने अपनी आजीविका खो दी हो, मुद्रास्फीति नियंत्रण से बाहर हो गई हो, लेकिन बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस और उनके विश्वासपात्रों ने साढ़े सात महीने बहुत अच्छे से गुजारे हैं।

**- मोहम्मद ए. अराफात**



साफ संकेत हैं कि हम पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की भलाई को लेकर चिंतित हैं। लेकिन परेशानी ये है कि भारत और पाकिस्तान के बीच कोई द्विपक्षीय बातचीत नहीं हो रही है, वरना हम अपनी चिंताओं को सीधे पाकिस्तान के सामने बता सकते थे और समस्या का निवारण करने की मांग कर सकते थे।

**- शशि थरूर**



हम पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के साथ व्यवहार पर बहुत बारीकी से नजर रखते हैं। फरवरी 2025 में हिंदू समुदाय के खिलाफ अत्याचार के 10 मामले और सिख समुदाय से संबंधित तीन घटनाएं हुईं। ईसाई समुदाय से संबंधित एक मामला था। एक व्यक्ति पर पाकिस्तान में ईशनिंदा का आरोप लगा था।

**- एस. जयशंकर**

## कुछ अलग | अजब गजब

# ऑनलाइन बिक रहा दो कमरों का घर, छोटे परिवारों के लिए एकदम पर्फेक्ट

आजकल ऑनलाइन सामान बड़ी आसानी से मिल जाते हैं। आप घर बैठे फोन पर कुछ बटन दबाकर ही अपना मनचाहा सामान ऑर्डर कर सकते हैंष पर क्या आप जानते हैं कि अब आप ऑनलाइन घर भी ऑर्डर कर सकते हैं? इन दिनों एक घर के खूब चर्चे हैं, जो एक ऑनलाइन सामान बेचने वाले पोर्टल पर उपलब्ध है। ये 2 कमरों का छोटा सा मकान है जो छोटे परिवारों के लिए पर्फेक्ट है, पर जब आप इसकी कीमत सुनेंगे, तो तुरंत ऑर्डर करने का मन हो जाएगा क्योंकि ये बहुत सस्ते दाम में उपलब्ध है।

रिपोर्ट के अनुसार ऑनलाइन मार्केट प्लेस पर हाल ही में एक छोटा घर बिक रहा है जिसमें 2 कमरे और एक लिविंग स्पेस भी मौजूद है। घर के लिए कहा गया है कि इसे वो लोग भी खरीद सकते हैं, जिनके पास अपने घर तो हैं, पर वो मेहमानों के लिए अलग से एक लिविंग स्पेस चाहते हैं। इसे किराये पर चढ़ाकर पैसे भी कमाए जा सकते हैं।

ये घर 20 फीट की चौड़ाई और 2.4 मीटर की सीलिंग है। चीन से आप इसे फ्री शिपिंग के साथ ऑर्डर कर



सकते हैं। इसके लिए करीब 2 महीने डिलीवर होने में लग जाते हैं। ये प्रोडक्ट समुद्र के रास्ते भेजा जाता है और सीधे ग्राहक के दरवाजे तक लाया जाता है। आप अपने से घर का लुक तय कर सकते हैं क्योंकि इसमें अलग-अलग रंग भी मौजूद हैं। सफेद, काला और भूरा एक्सटीरियर भी मौजूद है।

घर की कीमत

अगर किसी कारण से आपको अपना घर नहीं पसंद आया, तो आप घर को रिटर्न भी कर सकते हैं, कंपनी आपको पैसे भी लौटा देगी, हालांकि, तय समय के अंदर ही घर को लौटाना होगा। अगर आप थोड़ा बड़ा घर भी चाहते हैं, तो वो भी उपलब्ध है। ये 30 फीट और 40 फीट के साइज में भी उपलब्ध हैं। अब चलिए करते हैं कीमत की बात तो 20 फीट वाला घर महज 5.9 लाख रुपए में मिल रहा है। वहीं 30 फीट वाला 8.7 लाख रुपए और 40 फीट वाला घर 9.8 लाख रुपए का मिल रहा है।

## पाठक पाती

### जांच आयोग की रिपोर्टें डाल दीं जातीं ठंडे बस्ते में

जांच आयोगों की रिपोर्टें अक्सर सरकारों द्वारा ठंडे बस्ते में डाल दी जाती हैं। यह एक आम प्रवृत्ति है जिसमें सरकारें जांच आयोगों का गठन करती हैं ताकि वे जनता की आक्रोश को शांत कर सकें, लेकिन जब रिपोर्ट तैयार हो जाती है, तो उन्हें अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है या उनके सिफारिशों पर अमल नहीं किया जाता है। इस समस्या का एक मुख्य कारण यह है कि जांच आयोगों की रिपोर्टें अक्सर सरकारों के लिए असुविधाजनक होती हैं। इन रिपोर्टों में अक्सर सरकारों की नीतियों और कार्यों की आलोचना की जाती है, जो सरकारों के लिए अप्रिय होती है। इसलिए, सरकारें अक्सर इन रिपोर्टों को नजरअंदाज कर देती हैं या उनके सिफारिशों पर अमल नहीं करती हैं। एक अन्य कारण यह है कि जांच आयोगों की रिपोर्टें अक्सर समय के साथ पुरानी हो जाती हैं।

- सुभाष बुड़ावन वाला,रतलाम

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

# यूआईटी आबू को भंग करने एवं क्षेत्र विस्तार रोकने की मांग, दिया ज्ञापन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सरुपगंज।** नगर सुधार न्यास आबू को भंग करने एवं उसके क्षेत्र विस्तार को रोकने की मांग को लेकर शुक्रवार को जनप्रतिनिधियों ने जिला कलक्टर को ज्ञापन दिया। जानकारी के अनुसार बैठक में आबू यूटीआई को भंग करने और उसके प्रस्तावित क्षेत्र विस्तार को रोकने की मांग को लेकर क्षेत्र के सरपंच एवं जन प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलक्टर अल्पा चौधरी को ज्ञापन दिया। नगर सुधार न्यास का विस्तार स्थानीय निवासियों के लिए कई समस्याएं खड़ी कर सकता है। उन्होंने आशंका जताई कि ग्रामीण क्षेत्रों को यूटीआई के दायरे में लाने से छोटे-छोटे निर्माण कार्यों पर भी अनावश्यक रोक लग सकती है। जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। क्षेत्र के विकास में बाधा बनेगा एवं इससे आमजन पर आर्थिक बोझ भी बढ़ेगा। ज्ञापन में बताया कि क्षेत्र की जनता के भारी विरोध और रोष के बारे में अवगत करवाया यदि इतने विरोध के बावजूद यूआईटी विस्तार किया गया तो भारी जनांदोलन की चेतावनी भी दी गई। भाजपा जिला मंत्री भुवनेश राजपुरोहित, भीमाना सरपंच हेमेंद्रसिंह देवड़ा, अचपुरा सरपंच वालकी देवी गरासिया, भारजा सरपंच पुखराज प्रजापत, अचपुरा पूर्व सरपंच अमरसिंह देवल, पंचदेवल सरपंच विपेश गरासिया, भावरी के प्रभुराम चौधरी, भाजपा रोहिड़ा मंडल अध्यक्ष कसनाराम देवासी, पूर्व प्रधान कालूराम जनवा, नितोड़ा के रमेश पुरोहित, लक्ष्मण पुरोहित, कांतिलाल जनवा, सलीम खान, दिनेश माली सहित काफी संख्या में जन प्रतिनिधि मौजूद रहे।





**आबूरोड।** सरपंच संघ की ओर से पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावार के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर आबूरोड पंचायत समिति की ग्राम पंचायतों को यूआईटी क्षेत्र में शामिल नही करने की मांग की। ज्ञापन के अनुसार यूआईटी के नवीन प्लान 2045 के तहत पंचायत समिति के आबूरोड, सांतपुर, खड़ात, मानपुर, क्यारिया, रेडवाकला, चन्द्रावती, कुई, तरतोली, आकराभटटा, गणका, दुनाकाकर, सांगना, सियावा, वासड़ा, मावल, दानवाच, आमथला, कारोली, आम्बा, उमरणी, पाण्डुरी, मोरथला, खारा, ओर, डेरना, मुदरला, किवरली, वाडा, तलवारो का नाका, मूंगथला, झामर, भक्योरजी, धामसरा, मीरगढ़, सुरपगला, आवल, भैसासिंह के राजस्व ग्रामों को यूआईटी क्षेत्र में शामिल करना प्रस्तावित है। इन पंचायतों में अधिकतर ग्रामीण आदिवासी एवं गरीब तबके के लोग रहते है। यूआईटी क्षेत्र होने से इन ग्रामीणों को हर छोटे कार्य के लिए नगर सुधार न्यास कार्यालय जाना पड़ेगा। ग्राम पंचायत के निवासी के लिए मुश्किल होगा। इन सभी ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों द्वारा नगर सुधार न्यास क्षेत्र में शामिल नहीं होने के लिए सर्वसम्मति से ग्राम सभाओं में प्रस्ताव भी लिए गए है। ज्ञापन में सभी ग्राम पंचायतो के राजस्व ग्रामों को यूआईटी क्षेत्र में शामिल नहीं करने की मांग की गई हैं। ज्ञापन देते समय दिनेश राणा भैसासिंह, ईश्वर कुमार वाडा, काली देवी सुरपगला, बर्फी देवी ओर, दिनेश कुमार आमथला, भारमाराम मुदरला, दोलाराम सियावा, रमेश कुमार किवरली, हंजा देवी धामसरा, जीवाराम, भगाराम आदि मौजूद थे।

# विप्र समाज का होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

*श्याम बाबा की झांकी व भजन संध्या से माहौल रहा भक्ति मय*

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** ब्राह्मण समाज का होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन गुरुवार देर शाम परशुराम भवन ब्रह्मपुरी में किया गया। श्याम बाबा की झांकी, दरबार सजाकर भजन संध्या का आयोजन किया गया। प्रवक्ता गोपाल शर्मा के अनुसार समाज के अध्यक्ष अमित जोशी, गोपाल शर्मा, अलका शर्मा, कल्पना छंगाणी, शकुंतला वाजपेयी, ओमप्रकाश शर्मा ने समाज के आराध्य देव भगवान परशुराम की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भजन गायक जगदीश आचार्य एंड पार्टी की ओर से राजू भजनी, विशाल कुमार, प्रदीप ठाकुर, दिनेश कुटल ने प्रस्तुति दी। यूनुस दरबार ने शानदार भजनों की प्रस्तुति दी। समाज के वरिष्ठ कमल मिश्रा, रामनिवास शर्मा, उमेश छंगानी सभी का अभिनंदन किया। ज्योतिर्मय शर्मा, मनीष परसाई, ब्रजमोहन शर्मा, दिलीप पांडे, मुकेश मिश्रा की टीम ने गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। समाज के अध्यक्ष अमित जोशी ने कहा कि शहर का सबसे बड़ा और विद्वान समाज होकर भी अगर हम अपनी ताकत को नहीं प्रदर्शित कर पाएंगे तो हमारी आने वाली पीढियां के लिए यह राह कठिन होगी। मनमोहन शर्मा, गणेश आचार्य, कैलाश शर्मा, नीरज शर्मा, प्रवीण वैष्णव, अनिल जोशी, हेमेंद्र शर्मा, बनवारी ओझा, संतोष भारद्वाज, प्रवीण शर्मा, मनोज शास्त्री, आलोक गौड़, दशरथ वैष्णव ने विचार व्यक्त किए। पार्षद रवि शर्मा, सुमित जोशी, रमेश वैष्णव, सुनील खोत, संजय शर्मा, संदीप शर्मा, राकेश पुरोहित, निमेष रावल, निखिल जोशी, राजन वशिष्ठ, संजीव, मनीष शर्मा,जगदीश मिश्रा, आशीष मिश्रा, अभिषेक शर्मा, हरीश शर्मा, पुनिल छंगाणी, अनुराग पारासर, रजत पाण्डे, योगेश मिश्रा, धर्मेंद्र गौतम, महेश शर्मा, मधुपांडे, कल्पना छगाणी,कानन शर्मा, मालती शर्मा, एडवोकेट दुर्गेश शर्मा, सीमा त्रिवेदी, शोभा जोशी, अलका शर्मा, प्रीति वाजपेयी, उषा मिश्रा, मधु पांडे, दीपा परसाई, चित्र आचार्य, रेखा आचार्य, रीटा शर्मा, रंजीता शर्मा, सुमन शर्मा, प्रफुल्ल भारद्वाज, सुधीर जोशी समेत बड़ी संख्या में विप्र बंधु उपस्थित थे।



## जिलास्तरीय इको क्लब प्रभारी आमुखीकरण कार्यशाला शुरु



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** स्काउट कार्यालय में दो दिवसीय जिलास्तरीय ईको क्लब प्रभारी कार्यशाला का शुभारंभ समाज कल्याण विभाग के उप निदेशक राजेंद्र कुमार पुरोहित के मुख्य आतिथ्य, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी गणपतसिंह देवड़ा की अध्यक्षता, पूर्व साक्षरता अधिकारी ओमप्रकाश जीनगर के विशिष्ठ आतिथ्य में किया गया। मुख्य अतिथि पुरोहित ने कहा कि इको क्लब प्रभारी उपस्थित हुए हैं वे अपने विद्यालय में इको क्लब के माध्यम से पौधे लगाकर उनकी रक्षा के लिए स्काउट गाइड को नियुक्त करें। देवड़ा ने कहा कि पर्यावरण को बचाना अति आवश्यक है। पर्यावरण के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। जीनगर ने कहा कि व्यक्ति के जनमदिन सालगिरह महापुरुषों की जयंती पर भी पौधे लगाकर पर्यावरण को वो बढ़ावा दिया दिया जा सकता है। सीओ एमआर वर्मा ने अतिथियों का स्वागत कर सम्पूर्ण जानकारी दी। कमल किशोर पुरोहित, लीटर ट्रेनर स्काउट बाबूलाल सैनी, मनोज नालियां ने भी पर्यावरण सरंक्षण पर विस्तार से जानकारी दी।

## अलविदा जुम्मे की नमाज अदा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** मोमीनों ने रमजान मे अलविदा जुम्मे की नमाज अदा की। जामा मस्जिद, छोटी मस्जिद, मदिना मस्जिद, मुल्तानिया मस्जिद, लुनियापुरा, आकराभटटा मस्जिद मे नमाज अदा की गई। जामा मस्जिद के मौलाना मेराज अहमद अशरफी, छोटी मस्जिद के इमामुल हसन, मदिना मस्जिद के हाजी हन्नान नूरी, मुल्तानिया मस्जिद के रिजवान कादरी ने रमजान माह का आखरी खुत्बा पढ़ा। इस दौरान बड़ी संख्या में मौमीन मौजूद रहे।

## सैनिक कल्याण विभाग का वेब पोर्टल हुआ लाईव

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** राज्य सरकार द्वारा सैनिकों व उनके आश्रितों की सुविधा के लिए सैनिक कल्याण विभाग का ऑटोमेशन ऑनलाईन सैनिक वेलफेयर मैनेजमेंट वेब पोर्टल 12 जनवरी से प्रारम्भ कर दिया गया है। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय भीम द्वारा बताया कि अब कार्यालय में आने वाले सभी आगंतुकों सेवानिवृत्त सैनिक, सेवारत सैनिक, सैनिक वीरांगनाएं सैनिक के माता-पिता एवं अन्य आश्रितों को अपनी एसएसओ आईडी से पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। पंजीकरण के लिए जन आधार कार्ड/आधार कार्ड, मूल डिस्चार्ज बुक, पीपीओ की प्रति, सैन्य सेवा से संबंधित दस्तावेज, आश्रितों के भाग-2 आदेश को पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है।

# माउंट आबू का नाम आबूराज रखने की मांग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रेवदर।** माउंट आबू के प्राचीन नाम आबू पर्वत को पुनः रखा जाने को लेकर ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि माउंट आबू का नाम प्राचीन काल में आबू पर्वत था अंग्रेजों के समय में उसको बदल कर माउंट आबू नाम रख दिया, जबकि आबू पर्वत पर काफी संख्या में महान संतो ने तपस्या की है। अनेक तपों स्थली भी है और प्राचीन गुफा, मंदिर भी है। आबू पर्वत पवित्र और धार्मिक स्थल है पर अब वहां मास, मदिरा खुले आम बिकता है और अब माउंट आबू पर काफी लोग अय्याशी करने आते हैं और वहां का माहौल वातावरण दूषित हो रहा है। इसलिए इन सब पर पाबंदी लगे और फिर से आबूराज नाम रखा जाए। इस दौरान हनुमान प्रसाद अग्रवाल, गंगासिंह देवड़ा, काशीराज, पोपटलाल चौधरी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष हरीश लोहार, रेवदर ग्राम प्रशासक अजबाराम चौधरी, रणजीत राजपुरोहित, अमराराम मेघवाल, अरविंद पुरोहित, पूरण राव, नरेंद्र बंजारा, भरत चौधरी, अरविंद वैष्णव, सागरमल सोनी, गोदाराम चौधरी, अनिल वैष्णव, कानाराम चौधरी, तरुण अग्रवाल, जीतू सिंह, कीर्तिमानसिंह, नरेश लोहार, मानक जैन, रवि दवे, ईश्वर घांची, सुरेश ओड, लीला राम प्रजापत, हड़मत सिंह देवड़ा, माना राम चौधरी, आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।




## आखिरी अलविदा जुमे की अदा की नमाज



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंडार।** कस्बे में शक्रवार को रमजान पाक महीना का आखिरी अलविदा जुमे की नमाज मस्जिदों में अदा की गई। इस दौरान रमजान के आखिरी जुमे की नमाज अदा करने के लिए मस्जिदों में रोजेदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। नमाज में अल्लाह की इबादत में हजारों सिर एक साथ झुके। मस्जिदों में रोजेदार जुम्मा की नमाज अदा करके मुल्क में खुशहाली अमन वचन के साथ अल्लाह से खुद को हर बुराई से बचने की दुआ की। मस्जिद में इमाम मौलाना सदिक अकबरी ने रोजेदारों को अलविदा जुमे की नमाज अदा कराई। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर बधाइयां दी। शब ए कद्र की रात भर चला इबादत का दोर गुरुवार की रात को शब ए कद्र की रात को लेकर मस्जिद को बेहतरीन रोशनी से सजाया गया था। साथ ही रात्रि में मजलिस का आयोजन हुआ जिसमें मस्जिद के मौलाना सदिक अकबरी ने इस रात की फजीलत बयान करने के साथ मोमीन लोगों ने रात भर इबादत कर अपने गुनाह से माफी मांगी।

## जावाल की जनता के साथ हुआ धोखा!

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कालन्द्री।** ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रतन माली ने प्रेस नोट जारी कर कहा की भाजपा सरकार और यहां के स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने जिस तरह से जावाल पालिका जैसी स्वयात्त शासन संस्थाओं को समाप्त कर फिर से पंचायत बनाकर आम जनता के साथ कुठराघात किया है। ऐसे निर्णय लेकर भाजपा सरकार ने अपनी कार्यक्षमता की कमजोरी को छुपाने के लिए ऐसा गैर जिम्मेदाराना निर्णय लिया है।

# नवीन तकनीकी ज्ञान के साथ शोध के नए आयाम स्थापित करेः शर्मा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** नाथद्वारा नाथद्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि गोविंद शर्मा पूर्व चीफ नेशनल रिसर्च डेवलमेंट कॉरपोरेशन न्यू दिल्ली, विशिष्ट अतिथि डॉ कमल हिरन, मनीष जैन, डॉ राघवेंद्रसिंह भदौरिया, अध्यक्षता निदेशक दीपेश पारीख ने की। मुख्यवक्ता गोविंद शर्मा ने कहा कि नवीन तकनीकी ज्ञान और उस पर शोध से नए आयाम स्थापित किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि अपनी पढ़ाई के साथ सृजनात्मक क्षमता बढ़ावा देकर नए आइडियाज को लेकर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बौद्धिक संपदा अधिकारों से अवगत कराया।

डॉ हिरन ने आईपीआर के माध्यम से अपने नए विचारों को पेटेंट के माध्यम से कैसे सुरक्षित रख सकते है। पेटेंट फाइल करने के तरीकों के बारे में ओर विभिन्न प्रकार के पेटेंट पब्लिकेशंस के बारे विस्तृत चर्चा की। डॉ भदौरिया ने कहा कि दवाई को कैसे खोजा जा सकता है एवं उसकी पेटेंट प्रणाली के बारे में बताते हुए नई दवाइयों की मान्यता की प्रकिया के बारे में जानकारी दी। मनीष जैन ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के कार्य कलापों के बारे मे जानकारी दी।

कार्यशाला मे समन्वयक डॉ पंकज राठी, एनआइबीम प्राचार्य डॉ रंजना शर्मा, लॉ कॉलेज प्राचार्य डॉ हरीश कुमार पीआरओ धर्मेश पालीवाल समेत विद्यार्थी मौजूद थे।



## बजरी माफिया द्वारा नदी पेटे में खोदे गए गड्ढे में गिरकर भैंस की दर्दनाक मौत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** आमेट क्षेत्र तहसील के ढेलाणा गांव के पास बहने वाली चन्द्र भागा नदी में बजरी माफियाओं अवैध रूप से बजरी खनन करने के बाद नदी में बने बड़े-बड़े गड्ढे में गिरकर एक गर्भवती भैंस की दर्दनाक मौत हो गई।काश्तकर गणेश पिता घीसा जी रेगर निवासी ढेलाणा ने बताया की रोज की तरह शु' वार को भी मेरी गर्भवती भैंस को में चन्द्र भागा नदी किनारे चरने के लिए छोड़कर आ गया।थोड़ी देर बाद ही ग्रामीणों ने सुचना दी कि मेरी भैंस बजरी माफियाओं द्वारा अवैध रूप से नदी में किये गए खनन के बाद बने गहरे गड्ढे में गिरकर उसकी दर्दनाक मौत हो गई।जिससे मुझे करीब 1 लाख रुपये की आर्थिक हानि हुई।बता दे की विगत एक महीने से बजरी खनन माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग को लेकर उपखण्ड अधिकारी, खनिज अभियंता तथा जिला कलेक्टर से भी मुलाकात करने के बाद भी कोई कार्यवाही नही हुई। भैंस की मौत के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फुट पड़ा।तथा उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन देकर बजरी खनन के खिलाफ कार्यवाही करने और भैंस मालिक को मुआवजा दिलाने की मांग की। इस मौके पर रानी रेगर, हजारीलाल, मोहनलाल, खेमराज,बाबूलाल,माधुलाल आदि उपस्थित थे।

## विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने बस दुर्घटना में घायल विद्यार्थियों का हाल जाना

**राजसमंद।** राजसमंद कुरज से कपासन जा रही रवींद्रनाथ टैगोर महाविद्यालय की बस के चापाखेड़ी पेट्रोल पंप के पास दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना पर विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने गहरी संवेदना व्यक्त की। दुर्घटना में बस में सवार 20-25 विद्यार्थियों में से 4-5 को गंभीर चोटें आई हैं। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने तुरंत आरके चिकित्सालय, राजसमंद पहुंचकर घायलों का कुशलक्षेम पूछा और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने चिकित्सालय प्रशासन को निर्देशित किया कि घायलों को हरसंभव चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाए। इस दौरान विधायक दीप्ति ने परिजनों से भी मुलाकात कर उन्हें हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने जिला प्रशासन से भी अपील की कि दुर्घटना के कारणों की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके।



## राजे ने शोक संतप्त परिवार को दी सांत्वना

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया शुक्रवार दोपहर को कसार गांव पहुंची। जहां भाजपा के वरिष्ठ एवं जुझारू नेता सेवंत्री के सरपंच विकास दवे के हृदयघात से निधन पर उनके निवास स्थान पर पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की। पंडित उमेश द्विवेदी, पिता दुर्गा शंकर द्विवेदी,पत्नी रीना दवे एवं माता पुष्पा देवी सहित शोक में डूबे परिवार को सांत्वना देकर इस कठिन घड़ी में हिम्मत रखने की बात कहीं। निर्मल आचार्य खीवाड़ा, ओम मंत्री, विजय कौशिक, भामाशाह बाबू भाई राठौड़ चारभुजा, ऋषिराष्ट्रीय चौहान, नाथूलाल गुर्जर, राजेश दवे, गोपाल गुर्जर, संगीता चौहान, पूर्व विधायक रणवीरसिंह भिंडर, प्रहलादसिंह चुंडावत, भानु पालीवाल, अनोपसिंह, कमला जोशी, मनीष दवे, हार्दिक दवे, पंडित भरत पानेरी,पंडित जितेंद्र शर्मा, भानु पालीवाल, ओमप्रकाश बोहरा, निलेश व्यास ,प्रभु प्रकाश, प्रशांत व्यास, मनोज शर्मा, मांगीलाल शर्मा एवं परमानंद दवे आदि मौजूद थे।



## आप इतिहास नहीं जानते तो इतिहास की बात न करेंः मेवाड़

**राजसमंद।** लोकसभा में राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने वीर शिरोमणि महाराणा सांगा पर सपा के सांसद द्वारा दिए गए बयान पर प्रति' या देते हुए आपत्ति जताई है। सांसद मेवाड़ ने कहा वे संसद में अपने पूर्वज महाराणा सांगा के बारे में बोलना चाहती हैं। सपा के सांसद ने महाराणा सांगा के लिए बेहद ही हल्के शब्दों का प्रयोग किया है। सांगा को किसी के प्रमाण की जरूरत नहीं है। सांगा ने दो बार इब्राहीम लोदी और एक बार बाबर को भी हराया था। अस्सी घावों के बावजूद सांगा लड़ते रहे और लड़ते-लड़ते अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। सांसद ने आगे कहा कि, अगर आप इतिहास नहीं जानते तो इतिहास की बात न करें। जिसका जब मन करता है तब महाराणा प्रताप, रानी पद्मिनी, मीरा मां को लेकर कुछ भी कह देते हैं। जब यह बात राज्यसभा में उठी थी। तब अन्य सांसदों को इसके खिलाफ बोलना चाहिए था।

## कार्यालय ग्राम पचांयत,सनपुर पंचायत समिति सिरोही

क्रमांक : ग्रा.प.स./2024-25/114 | दिनांक -28/03/2025

### निविदा/बोली आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सनपुर कार्यकारी एजेन्सी को स्वीकृत निम्न कार्य श्रम एवं सामग्री सहित पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों जो पंचायतीराज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, नगर निगम /परिषद/पालिका एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत है से वर्क टेंडर आमंत्रित किया जाता है : -

| क्र. स. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि (2%) | निविदा फार्म विक्रय करने की अंतिम तिथि व समय | निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि व समय | निविदा खोलने की तिथि व समय | यूनिक बिड नम्बर (UBN) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पुरणगिरीजी की गौशाला के पास ट्यूबवैल विद्युत मोटर व अन्य कार्य, सनपुर | 3.15 लाख | 6301 रु. | दिनांक 29.03.2025 से दिनांक 04.04.2025 को सायं 6 बजे तक | दिनांक 29.03.2025 से दिनांक 07.04.2025 को दोपहर 2 बजे तक | दिनांक 08.04.2025 प्रातः 11.00 बजे तक | PJA2425W SLB00192 |
| 2 | विरोजना महादेव मंदिर के पास ट्यूबवैल वैधन मय विद्युत स्थापना कार्य, काकेन्द्रा | 3.43 लाख | 6866 रु. | | | | PJA2425W SLB00193 |
| 3 | उपस्वास्थ्य केन्द्र काकेन्द्रा में ट्यूबवैल वैधन मय विद्युत स्थापना कार्य, काकेन्द्रा | 3.08 लाख | 6163 रु. | | | | PJA2425W SLB00194 |

निविदा की शर्ते :-

1. धरोहर राशी का डीडी / बैंकर चेक सरपंच ग्राम पंचायत सम्बन्धित ग्राम पंचायत के पक्ष में देय हो, प्रस्तुत करना होगा।
2. सशर्त निविदा स्वीकार नही होगी तथा निविदा पर निर्णय ग्राम पंचायत स्तरीय निविदा कमेटी के पास सुरक्षित होगा।
3. निविदा फार्म ग्राम पंचायत सनपुर से 200/- रूपये शुल्क नकद / ग्राम पंचायत के नाम डीडी जमा करवाकर प्राप्त किया जा सकता है अथवा उपापन पोर्टल https://sppp.rajasthan.gov.in/ से डाउनलोड किया जाकर निविदा शुल्क प्रथक डी डी संलग्न किया जाकर निर्धारित तिथी एवं समय तक ग्राम पंचायत में जमा करवाया जा सकता है।

नितु कुंवर (प्रशासक)
ग्राम पंचायत सनपुर
पंचायत समिति सिरोही

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सनपुर
पंचायत समिति सिरोही

# जैसलमेर-बाड़मेर में टू-लेन हाइवे की घोषणा



▶▶ 1237.71 करोड़ रुपए की स्वीकृति

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर। केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को राजस्थान में नई सड़कें बनाने की घोषणा की है। ये सड़कें भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास जैसलमेर और बाड़मेर जिलों में बनेंगीं।**

## नितिन गडकरी का ट्वीट



■ नितिन गडकरी ने ट्वीट करके लिखा, "राजस्थान के जैसलमेर और बाड़मेर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-70 और राष्ट्रीय राजमार्ग-11 के मौजूदा कनेक्शन को मजबूत/चौड़ा करने के साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्ग-11 के म्याजलार-जैसलमेर खंड और मुनाबाव-तनोट के सुंदरा-म्याजलर-अंबासिंह की ढाणी रोड भाग से पक्की सड़क के साथ दो-लेन का मजबूत और चौड़ीकरण करने के लिए 1237.71 करोड़ रुपए की लागत के साथ स्वीकृति दी गई है। प्रस्तावित संरेखण राष्ट्रीय राजमार्ग-25 और राष्ट्रीय राजमार्ग-68 के साथ संपर्क स्थापित करेगा और राष्ट्रीय राजमार्ग-70 से भी जुड़ेगा, जिससे क्षेत्रीय परिवहन नेटवर्क में और वृद्धि होगी। गडकरी ने कहा, 'यह परियोजना महत्वपूर्ण रणनीतिक महत्व रखती है क्योंकि यह अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास स्थित है, जो हमारे सुरक्षा कर्मियों की सीमावर्ती क्षेत्रों में तेजी से पहुंचने की क्षमता को बहुत बढ़ाएगी। यह परियोजना सड़क लोकप्रिय पर्यटन स्थल खुरी रेत के टीलों से भी होकर गुजरेगी और इससे मार्ग के किनारे स्थित अनेक गांवों को लाभ मिलेगा, तथा क्षेत्र के समग्र विकास और संपर्क में योगदान मिलेगा। गौरतलब है कि जैसलमेर-बाड़मेर बॉर्डर एरिया में भारत माला प्रोजेक्ट के तहत सड़क निर्माण हुआ है। इसमें डेजर्ट नेशनल पार्क की वजह से कई जगह दिक्कत आ रही थी। हाल ही में डेजर्ट नेशनल पार्क की NOC मिलने के बाद कई जगह बाकी रही सड़क का निर्माण अब पूरा होगा। इसके तहत शुक्रवार को राजस्थान में नई सड़कें बनाने की घोषणा की है।

### सांसद ने जताया आभार

इस ऐलान के बाद जैसलमेर-बाड़मेर से सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने नितिन गडकरी का आभार जताते हुए ट्वीट कर लिखा, "माननीय मंत्री नितिन गडकरी जी का बाड़मेर-जैसलमेर संसदीय क्षेत्र में सीमांत थारवासियों को इस स्वीकृति की सौगात देने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार।' गौरतलब है कि यह परियोजना सड़क लोकप्रिय पर्यटन स्थल खुहड़ी के रेत के टीलों से भी होकर गुजरेगी और इससे मार्ग के किनारे स्थित अनेक गांवों को लाभ मिलेगा, साथ ही क्षेत्र के समग्र विकास और संपर्क में योगदान मिलेगा।

### डीएनपी एरिया की वजह से दिक्कत

जैसलमेर-बाड़मेर बॉर्डर एरिया में भारत माला प्रोजेक्ट के तहत सड़क निर्माण हुआ है। इसमें डेजर्ट नेशनल पार्क की वजह से विभाग की NOC नहीं मिल रही थी। इस वजह से कई जगह दिक्कत आ रही थी। हाल ही में डेजर्ट नेशनल पार्क की NOC मिलने के बाद कई जगह बाकी रही सड़क का निर्माण अब पूरा होगा। इसके तहत शुक्रवार को राजस्थान में नई सड़कें बनाने की घोषणा की है। जिसमें भारत माला सड़क परियोजना का ये हिस्सा भी शामिल है। संसदीय क्षेत्र के क्षेत्रवासियों की प्रमुख मांग पर मेरे भारत सरकार के सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ मुलाकात के दौरान अवगत कराने पर सीमांत संसदीय क्षेत्र के बाड़मेर और जैसलमेर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-70 और राष्ट्रीय राजमार्ग-11 की कुल लंबाई है।

## जैसलमेर में लाखों की लूट

■ सांखला के हरबूजी मंदिर में चोरी, लोगों में आक्रोश

**जैसलमेर।** जैसलमेर जिले के मोहनगढ़ क्षेत्र के सांखला गांव स्थित हरबूजी मंदिर में चोरों ने लाखों रुपयों की चोरी को अंजाम दिया। यहां मंदिर में रखी छह क्विंटल की भारी तिजोरी को काटकर उसमें से चंदे का लाखों रुपया लेकर चोरी हो गया। सांखला गांव निवासी जगन्नाथ सिंह ने बताया की मंदिर में छह क्विंटल लोहे की तिजोरी रखी हुई थी। जिसको देर रात चोरों ने खोलना चाहा। मगर तिजोरी चोरों से नहीं खुलने के कारण चोरों ने तिजोरी को लोहे की धारदार व नुकीली चीज से काट कर उसमें रखा पैसा लेकर फरार हो गए है। मंदिर में रखी तिजोरी को साल में दो बार खोला जाता है। तिजोरी को माघ महीने में वह भाद्रपद महीने में खोला जाता है। जनवरी में तिजोरी को खोला था, उसमें लगभग चार लाख के करीब रूपए निकले थे।

# फाइनेंसरों से परेशान युवक ने की आत्महत्या

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** बाड़मेर में एक युवक ने ब्याज पर रुपए लेकर सवारी टैंपो की मरम्मत करवाई, लेकिन जब ब्याज की रकम चुका नहीं पाया तो सूदखोर वसूली के लिए घर आने लगे। इससे युवक ने बंद पड़ी फैक्ट्री में फंदा लगाकर जान दे दी। घटना बाड़मेर रीको थाना इलाके उतरलाई रोड कलजी के पालिया में बंद पड़ी फैक्ट्री में बीती रात की है। पुलिस ने शुक्रवार को परिजनों की रिपोर्ट पर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई की जा रही है।



रीको थानाधिकारी मनोज कुमार ने बताया- बलदेव नगर निवासी वीर सिंह (38) पुत्र हड़वंत सिंह ने गुरुवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे उतरलाई रोड पर कलजी के पालिया के पास बंद फैक्ट्री में फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रात में हॉस्पीटल की मॉर्च्युरी में शिफ्ट करवाया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के पास में दो-तीन डायरियां मिली है। जिसमें फाइनेंस के रुपयों के लेन- देन का ब्योरा मिला है। चचेरा भाई बोला- आरोपियों ने घर आकर धमकी दी थी। मृतक के चचेरे भाई पंकज सिंह पुत्र सवाई सिंह ने बताया- फाइनेंस करने वाले लक्ष्मण सिंह निवास लक्ष्मी नगर, जालम सिंह, कानसिंह महाबार, भैराराम काफी समय से वीर सिंह को प्रताड़ित कर रहे थे। दो दिन पहले उन्होंने घर पर आकर धमकियां दी थी। उस समय वीर सिंह घर पर नहीं था। उसके परिवार को वीर सिंह को मारने की धमकियां दी गई। इससे आहत होकर वीर सिंह ने फांसी का फंदा लगा लिया है। मृतक टैंपो ड्राइवर था और सवारियों को लाने-ले जाने का काम करता था। इसके टैंपो से डायरियां बरामद हुई है, जिसमें लेन- देन का हिसाब लिखा है। थानाधिकारी बोले- रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रहे है रीको थानाधिकारी मनोज कुमार ने बताया- शुक्रवार को परिजनों ने रुपए फाइनेंस करने वाले तीन-चार जनों के खिलाफ रिपोर्ट दी है। उनकी रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि कितने रुपए का लेन-देन है। फिलहाल इसकी जांच की जा रही है।

# खाद्य सुरक्षा टीम की मोहनगढ़ कस्बे में दबिश

▶▶ आठ फूड प्रोडक्ट के सैंपल जुटाए

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर की खाद्य विभाग की टीम ने शुक्रवार को मोहनगढ़ कस्बे में मिलावटी सामान बिकने के शक में कई दुकानों पर दबिश दी। इस दौरान करीब आठ फूड प्रोडक्ट के सैंपल लिए व एक्सपायर हो चुके फूड प्रोडक्ट को मौके पर ही नष्ट करने की कार्रवाई की। जिले के फूड सेफ्टी ऑफिसर किशनाराम कड़वासरा के नेतृत्व में त्योहारी सीजन को देखते हुए कार्रवाई से



दुकानदारों में हड़कंप मच गया। टीम ने भगर, साबूदाना, सूजी, नमक और मिठाई की दुकान से कलाकंद सहित कुल आठ सैंपल जांच के लिए सीज किए।

### ▶▶ जिले में चल रहा विशेष अभियान

इस मौके पर फूड सेफ्टी ऑफिसर किशनाराम कड़वासरा ने बताया- आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण एच गुइटे एवं जिला कलेक्टर प्रतापसिंह के निर्देशन में अभियान चलाया जा रहा है। सीएमएचओ डा. राजेंद्र कुमार पालीवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी किशना राम कड़वासरा द्वारा टीम के साथ आगामी नवरात्रा के त्योहार के मद्देनजर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मोहनगढ़ में निरीक्षण एवं सैंपलिंग की कार्रवाई की गई। इस दौरान मोहनगढ़ में विभिन्न किराना दुकान पर 12 किलो भगर, सात किलो दलिया, पांच किलो मसाला आदि अवधिपार सामग्री को मौके पर ही नष्ट करवाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी किशनाराम कड़वासरा ने बताया की किराना दुकानों से भगर, साबूदाना, सूजी, नमक के नमूने और मिठाई की दुकान से कलाकंद सहित कुल आठ सैंपल लिए गए। इन सैंपल को जांच के लिए जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला, जोधपुर भिजवाया जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# जसोल के राणी भटियाणी मंदिर पहुंचे गजसिंह

■ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की पूजा, विकास कार्यों की सराहना की

**बालोतरा।** जोधपुर के पूर्व राजघराने के गजसिंह द्वितीय ने तिलवाड़ा स्थित श्री रावल मल्लीनाथ श्री राणी रूपादे संस्थान के अधीनस्थ श्री रावल मल्लीनाथ मंदिर, थान मल्लीनाथ में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। अश्व पालकों को प्रोत्साहित करने और मेले के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु पृथ्वीसिंह कोलू द्वारा संपूर्ण अश्व प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ अश्व के लिए प्रथम विजेता हंसदेव को एक किलोग्राम चांदी, द्वितीय विजेता दिलजीत को आधा किलोग्राम चांदी और तृतीय विजेता भरत केशरी को पाव किलोग्राम चांदी का पुरस्कार प्रदान किया गया।



### ▶▶ भोजनशाला का अवलोकन और सामाजिक सरोकार

मंदिर दर्शन के बाद गजसिंह द्वितीय ने महंत गणेशपुरी महाराज के सान्निध्य में श्री राणी भटियाणी मंदिर संस्थान, जसोल द्वारा मेलार्थियों के लिए निःशुल्क संचालित 'जसोलधाम भोजनशाला' का अवलोकन किया। उन्होंने संस्थान अध्यक्ष रावल किशन सिंह जसोल द्वारा किए जा रहे समाजहित के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पशु मेले में भोजन, जल, अश्व प्रतियोगिता के लिए डोम एरिना और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से जो सेवाएं दी जा रही हैं, वे प्रशंसनीय हैं। साथ ही उन्होंने विलुप्त हो रही श्री मल्लीनाथ पशु मेले की परंपराओं को पुनर्जीवित करने के प्रयासों को समर्थन देने की प्रतिबद्धता जताई।

### अखिल भारतीय मारवाड़ी अश्व प्रतियोगिता

अखिल भारतीय मारवाड़ी अश्व संस्था, जोधपुर के तत्वावधान में महाराजा श्री गजसिंह द्वितीय की अध्यक्षता में आयोजित अश्व प्रतियोगिता में देशभर के अश्व एवं अश्व पालकों ने भाग लिया। सिद्धार्थ सिंह रोहिट, आनंद सिंह देसू, कुंवर अमित विक्रम सिंह जोजावर, कुंवर धनंजय सिंह विजयपुर, ठाकुर घनश्याम सिंह पाटौदी, डाक्टर नरेंद्र मेड़तिया, डॉक्टर परीक्षित पुरोहित निर्णायक पैनल में शामिल रहे, जिन्होंने विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं की घोषणा की। विजेताओं को नकद राशि, ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र भेंट किए गए। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 5,000, 3,000, 2,000 एवं 1,000 रुपए की नकद राशि के साथ ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। बेस्ट अश्व शो प्रतियोगिता हेतु आयरिश ट्रॉफी विजेता हंसदेव (मालिक मेघराज सिंह) को 11,000 रुपए, ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

# वाहन चोरी के चार आरोपी गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले की गिराब थाना पुलिस ने वाहन चोरी के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पिकअप गाडी पचपदरा थाना इलाके से चोरी करके दुधोड़ा लेकर आए थे। पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि दुधोड़ा से गोरड़िया रोड पर चार संदिग्ध व्यक्ति खड़े हैं और उनके पास एक पिकअप गाडी हैं। थानाधिकारी देवी सिंह के अनुसार- आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि एक-दो दिन पहले रात में पचपदरा थाने इलाके से पिकअप गाडी चोरी करके गोरड़िया में प्रेम सिंह को देने के लिए लेकर आना बताया। इस पर पुलिस टीम ने वाहन को जब्त किया गया। आरोपी प्रेमसिंह पुत्र हरपाल सिंह निवासी गोरडिया, दिनेश सिंह पुत्र झबर सिंह निवासी जसोल, श्रवण पुत्र हरीराम निवासी मेवानगर जसोल, भैराराम उर्फ राणा पुत्र रेशाराम निवासी गुगरोट सिवाना बालोतरा को गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस ने पचपदरा थाने को अग्रिम कार्रवाई करने के लिए सूचना दी है। कार्रवाई में एएसआई रणजीत सिंह, कॉन्स्टेबल देवाराम, सुरेश कुमार, बालाराम और नेपाल सिंह शामिल रहे।



# राजस्थान दिवस पर कलेक्ट्रेट में विशेष आयोजन

**बालोतरा।** बाड़मेर जिला कलेक्टर कार्यालय में राजस्थान दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजस्व अपील अधिकारी नवदीप कुमार और अतिरिक्त जिला कलक्टर डा. गुंजन शर्मा के नेतृत्व में सभी कार्मिकों ने शपथ ली। कार्मिकों ने राजस्थान की महान परंपराओं का सम्मान करने का संकल्प लिया। उन्होंने राज्य को समृद्ध, स्वच्छ, स्वस्थ, हरित और आत्मनिर्भर बनाने की प्रतिज्ञा की। शपथ में महिलाओं, युवाओं, किसानों, श्रमिकों और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा का वादा किया गया। कार्मिकों ने राज्य की विरासत के संरक्षण के साथ विकास को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। राज्य के विकास में निरंतर योगदान और नवाचार के लिए प्रतिबद्धता जताई।

# पचपदरा में बाइक चोर गिरफ्तार

**बालोतरा।** पचपदरा पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने घर के अंदर खड़ी बाइक चुरा की थी, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। थानाधिकारी अमराराम खोखर ने बताया कि बालकराम ने 23 मार्च को बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें उसने बताया कि रात में उसने घर के अंदर



बाइक खड़ी कर दी थी। सुबह जब वो उठा तो उसे बाइक गायब मिली। उसने आस-पास काफी तलाश की, लेकिन नहीं मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कराई। थानाधिकारी अमराराम खोखर के नेतृत्व में पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। सूचनाओं के आधार पर पुलिस ने गुड़ानाल निवासी श्रवण पुत्र वंसाराम भील को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर ली है।

# व्यापार जगत

# 5800 के पार जा सकते एचएएल के शेयर !

▶▶ एक महीने में 38% उछला शेयर का दाम

**मुंबई।** एयरोस्पेस एंड डिफेंस इंडस्ट्री की कंपनी हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के शेयर शुक्रवार को तीन पर्सेंट से अधिक चढ़कर 4294 रुपए पर पहुंच गए हैं। पिछले 10 ट्रेडिंग सेशंस में से नौ में महारत्न कंपनी के शेयरों में तेजी देखने को मिली है। पिछले एक महीने में हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स के शेयरों में 38 पर्सेंट की तेजी देखने को मिली है। एचएएल के शेयर इस साल मार्च में निफ्टी पीएसई इंडेक्स में बेस्ट परफर्मिंग स्टॉक रहा है। मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि डिफेंस कंपनी के शेयरों में और तेजी आ सकती है और इसके शेयर 5800 रुपए के पार जा सकते हैं।



### 5814 रुपए तक का टारगेट

महारत्न कंपनी हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड का कवरेज करने वाले 16 एनालिस्ट्स में से 15 ने कंपनी के शेयरों को खरीदने की सलाह दी है। केवल एक एनालिस्ट ने कंपनी के शेयरों को सेल रेटिंग दी है। ब्रोकरेज हाउस ULJK फाइनेंशियल सर्विसेज ने हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के शेयरों के लिए 5814 रुपए का टारगेट दिया है। वहीं, ब्रोकरेज हाउस निर्मल बंग ने डिफेंस कंपनी के शेयरों के लिए 5509 रुपए का टारगेट दिया है। फिलिप सिक्योरिटीज ने कंपनी के शेयरों के लिए 5500 रुपए और मॉर्गन स्टैनली ने 5292 रुपए का टारगेट दिया है। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के शेयरों के लिए 5000 रुपए का टारगेट दिया है।

### पांच साल में 1500% से ज्यादा चढ़े

हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के शेयर पिछले पांच साल में 1500 पर्सेंट से अधिक उछल गए हैं। डिफेंस कंपनी के शेयर 27 मार्च 2020 को 262.58 रुपए पर थे। एचएएल के शेयर 28 मार्च को 4294 रुपए पर पहुंच गए हैं। पिछले चार साल में महारत्न कंपनी के शेयरों में 750 पर्सेंट से अधिक की तेजी देखने को मिली है। वहीं, पिछले तीन साल में एचएएल के शेयर 450 पर्सेंट से ज्यादा चढ़ गए हैं। दो साल में एचएएल के शेयरों में 210 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 5675 रुपए है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 3045.95 रुपए है।

तीन महीने में 15 रिकॉर्ड

# 12 महीने में भारत की इकॉनमी से दोगुना मार्केट कैप

**नई दिल्ली।** सोने की कीमत गुरुवार को पहली बार 3100 डॉलर प्रति औंस के पार पहुंच गई। पिछले 12 महीने में इसका मार्केट कैप सात ट्रिलियन डॉलर बढ़ा है जो भारत की जीडीपी से करीब दोगुना है। इसका मार्केट कैप 21 ट्रिलियन डॉलर के करीब पहुंच चुका है जो चीन की इकॉनमी से ज्यादा है। सोने की कीमत इस साल के पहले तीन महीने में ही 15 बार अपना रेकॉर्ड तोड़ चुकी है। ग्लोबल इकॉनमी में अनिश्चितता बढ़ने से सोने की कीमत बढ़ी है। दुनिया के दो सबसे बड़ी इकॉनमी वाले देशों अमेरिका और चीन के बीच व्यापार को लेकर तनाव बढ़ता जा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऑटो आयात पर 25% टैरिफ लगाने की घोषणा की है जिससे सोने की चमक बढ़ गई है। जानकारों का मानना है कि सोने की कीमतें अभी और बढ़ेंगी। MCX में चार अप्रेल की डिलीवरी वाला सोना दोपहर 2.30 बजे 372 रुपए यानी करीब 0.42 फीसदी तेजी के साथ 88,756 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर ट्रेड कर रहा था। दिन के कारोबार में यह 89,060 रुपए तक गया। तीन अक्तूबर की डिलीवरी वाला सोना 91,372 रुपए तक गया। सोने की कीमत में इस साल अब तक लगभग 16 प्रतिशत की तेजी आई है। इसकी मुख्य वजह भारत, चीन, पोलैंड और तुर्की जैसे देशों के केंद्रीय बैंकों द्वारा सोने की भारी खरीदारी और भू-राजनीतिक तथा आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों द्वारा सुरक्षित निवेश की तलाश है।



# गिरावट के साथ बंद बाजार सेंसेक्स 191 अंक लुढ़का

**नई दिल्ली।** सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स और निफ्टी गिरावट के साथ बंद हुआ है। 30 संवेदी सूचकांक वाला सेंसेक्स 191.51 अंक या फिर 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,414.92 अंक पर बंद हुआ है। वहीं, निफ्टी 72.60 अंक या फिर 0.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,519.35 पर बंद हुआ है। बता दें, सेंसेक्स का इंट्रा-डे हाई 77,766.70 और निफ्टी का इंट्रा-डे हाई 23,649.20 अंक रहा है। सेंसेक्स की टॉप 30 कंपनियों में से 20 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ बंद हुआ है। इंडसइंड बैंक के शेयर तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ क्लोज हुआ है। महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, एनटीपीसी, टाइटन के शेयरों की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। दूसरी तरफ कोटक बैंक, हिन्दुस्तान यूनिलीवर जैसे 10 कंपनियों के शेयर बढ़त बनाने में सफल रहे हैं। बीएसई में 206 कंपनियों के शेयरों में अपर सर्किट लगा है। वहीं, 344 कंपनियों के शेयरों में लोअर सर्किट लगा है। निफ्टी में 98 कंपनियों के शेयरों में अपर सर्किट लगा है। वहीं, 132 कंपनियों के शेयरों में लोअर सर्किट लगा है।



# क्या फिर ब्याज दरों में कटौती करेगा आरबीआई!

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक नौ अप्रेल को लगातार दूसरी बार ब्याज दरों में कटौती कर सकता है और इस साल अगस्त में एक और छोटी कटौती की संभावना है। अगर ऐसा होता है, तो यह आरबीआई के इतिहास का सबसे छोटा रेट कट साइकल होगा। यह जानकारी रॉयटर्स के एक सर्वे में सामने आई है, जिसमें अर्थशास्त्रियों से राय ली गई थी। बता दें रेपो रेट कट से आम आदमी को सीधे तौर पर लोन की सुविधा सस्ती मिलती है, ईएमआई कम होती है और अप्रत्यक्ष रूप से आर्थिक विकास से रोजगार व आय के अवसर बढ़ते हैं। हालांकि, बचत पर रिटर्न कम होने जैसे नुकसान भी हो सकते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक नौ अप्रेल को लगातार दूसरी बार ब्याज दरों में कटौती कर सकता है और इस साल अगस्त में एक और छोटी कटौती की संभावना है। अगर ऐसा होता है, तो यह आरबीआई के इतिहास का सबसे छोटा रेट कट साइकल होगा। यह जानकारी रॉयटर्स के एक सर्वे में सामने आई है, जिसमें अर्थशास्त्रियों से राय ली गई थी। बता दें रेपो रेट कट से आम आदमी को सीधे तौर पर लोन की सुविधा सस्ती मिलती है, ईएमआई कम होती है और अप्रत्यक्ष रूप से आर्थिक विकास से रोजगार व आय के अवसर बढ़ते हैं। हालांकि, बचत पर रिटर्न कम होने जैसे नुकसान भी हो सकते हैं। रॉयटर्स पोल के मुताबिक 54 में से 60 अर्थशास्त्रियों का मानना है कि आरबीआई सात-नौ अप्रेल की एमपीसी की बैठक में रेपो रेट 25 बेसिस पॉइंट (0.25%) घटाकर 6% कर देगा। एक अर्थशास्त्री को लगता है कि 50 बेसिस पॉइंट (0.5%) की बड़ी कटौती हो सकती है। वहीं, पांच अर्थशास्त्रियों का मानना है कि अभी कोई बदलाव नहीं होगा। इंडिया रेटिंग्स का अनुमान है कि FY26 में कुल 75 बेसिस पॉइंट (0.75%) की कटौती हो सकती है। बैंकों ने पहले ही लिक्विडिटी बढ़ाने के लिए 64,000 करोड़ सिस्टम में डाले हैं। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि इसका असर अर्थव्यवस्था पर पूरी तरह दिखने में कुछ महीने लगेंगे। यस बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री इंद्रनील के मुताबिक, "अगर रेट कट का फायदा पूरी इकोनॉमी तक पहुंचाना है, तो बैंकिंग सेक्टर में लिक्विडिटी सकारात्मक होनी चाहिए।"



# उठापटक के बीच उछला फोर्स मोटर्स का स्टॉक

▶▶ तीन साल में दिया 720% रिटर्न

**नई दिल्ली।** शेयर मार्केट में उतार-चढ़ाव के बीच फोर्स मोटर्स के शेयरों में आज जबरदस्त उछाल आया। कंपनी के शेयर 7.5% बढ़कर 9,444.85 रुपए पर पहुंच गए। कंपनी को सोने का एक बड़ा कॉन्ट्रैक्ट मिला है। इस कारण उसके शेयरों में तेजी आई है। पिछले एक साल में कंपनी के शेयरों में 22% की बढ़त हुई है। इस दौरान कंपनी ने अपने सेक्टर से 17% बेहतर प्रदर्शन किया है। पिछले तीन साल में कंपनी ने 720% का ज़बरदस्त रिटर्न दिया है। Trendlyne के अनुसार, फोर्स मोटर्स ने एक साल के रिटर्न में निफ्टी, सेंसेक्स, सेक्टर और इंडस्ट्री को भी पीछे छोड़ दिया है। कंपनी ने बताया कि उसे सुरक्षा बलों को 2,978 फोर्स गुरखा लाइट व्हीकल्स सप्लाई करने का ऑर्डर मिला है। कंपनी अलग-अलग तरह की जनरल सर्विस गाड़ियां बनाती हैं। फोर्स मोटर्स कई साल से रक्षा क्षेत्र को अपनी गुरखा LSV सप्लाई कर रही है। ये गाड़ियां बहुत मजबूत होती हैं और दुर्गम इलाकों में चलने में सक्षम हैं। इनकी सबसे बड़ी खासियत ये है कि इन्हें जरूरत के हिसाब से बदला जा सकता है। फोर्स इंडिया का 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 10,272.65 रुपए है जो उसने पिछले साल 29 अप्रैल को छुआ था।

## आप का राशिफल 29 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। बिगड़ा कार्य बनेगा। शुभांक-3-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। शुभ कार्यों में व्यय होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शुभांक-4-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। मेहमानों का आगमन होगा। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-3-5-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-4-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। संतान पक्ष की समस्या खत्म होगी। अपने काम पर नजर रखिए। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-1-3-5

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। धन लाभ की संभावना। शुभांक-4-6-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन लेन-देन में सतर्क रहें। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान हैं अत: वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें। शुभांक-2-6-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंग। शुभांक-6-8-9

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य में गिरावट से चिंता रहेगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। शुभांक-4-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेंगे। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं। शुभांक-3-6-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आय के नये स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंग। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी। महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति होगी। शुभांक-2-4-7

# जीत की तलाश में गुजरात और मुंबई

## ▶▶ दोनों टीमों के बीच अब तक आईपीएल में 5 मुकाबले हुए



**अहमदाबाद।** जैसे-जैसे आईपीएल 2025 का कारवां आगे बढ़ता जा रहा है, वैसे-वैसे ही टूर्नामेंट का रोमांच भी बढ़ रहा है। 29 मार्च को आईपीएल 2025 का नौवां मुकाबला गुजरात टाइटन्स (जीटी) और मुंबई इंडियंस (एमआई) के बीच खेला जाएगा। दोनों ही टीमों ने आईपीएल में अपना आगाज हार के साथ किया है, वहीं इस मैच को जीतने पर गुजरात और मुंबई दोनों की ही निगाहें हैं। गुजरात टाइटन्स और एमआई के बीच ये मैच, शाम 7.30 बजे अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। तो जानते हैं गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस में से कौन किस पर भारी पड़ सकता है। सबसे पहले जान लेते हैं कि गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के बीच कितनी बार भिड़ंत हुई और कौन कितनी बार बाजी मार चुका है। दोनों टीमों के हेड टू हेड आंकड़े की बात की जाए तो इसमें गुजरात की टीम थोड़ी आगे नजर आती है। गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के बीच इंडियन प्रीमियर लीग में अब तक 5 मुकाबले हुए हैं, जिनमें जीटी ने 3 और एमआई ने 2 मैच जीते हैं। दोनों टीमों के बीच एक भी मुकाबला बिना किसी रिजल्ट के नहीं रहा है। इन मैचों में दोनों टीमों का हाईएस्ट स्कोर देखें, तो गुजरात टाइटंस का हाईएस्ट स्कोर 233 और मुंबई इंडियंस का 218 हाईएस्ट स्कोर रहा है। वहीं इन मुकाबलों में जीटी का मुंबई इंडियंस के खिलाफ सबसे कम स्कोर 168 रन है तो वहीं मुंबई का जीटी के खिलाफ सबसे कम स्कोर 152 है। अब बात करते हैं दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग 11 की, तो सबसे पहले देखते हैं जीटी की प्लेइंग 11, गुजरात टाइटन्स आईपीएल 2025 में शुभमन गिल के नेतृत्व में खेलेगी।

### जीटी की संभावित प्लेइंग टीम

- शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), साई सुदर्शन, ग्लेन फिलिप्स, राहुल तेवतिया, वाशिंगटन सुंदर, राशिद खान, मोहम्मद सिराज, साई किशोर, कैगिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा। जबकि शाहरुख खान और महिपाल लोमरोर इम्पैक्ट प्लेयर हो सकते हैं।
- आईपीएल 2025 के पहले मैच में शुभमन गिल, साई सुदर्शन के साथ पारी की शुरुआत करते नजर आएंगे। इंग्लैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज जोस बटलर नंबर 3 पर बल्लेबाजी कर सकते हैं और नंबर 4 पर ग्लेन फिलिप्स या राहुल तेवतिया को भेजा जा सकता है।
- एमआई की संभावित टीम
- इस मैच में मुंबई की प्लेइंग 11 में सबसे बड़ा बदलाव छठे नंबर पर देखने को मिलेगा, जहां कप्तान हार्दिक पांड्या की वापसी होगी। एक मैच के प्रतिबंध के कारण बाहर रहे पांड्या अब टीम का नेतृत्व करेंगे। उनकी वापसी के चलते रॉबिन मिन्ज को बाहर बैठना पड़ सकता है।

प्लेइंग 11 रोहित शर्मा, रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), विल जैक्स, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या (कप्तान), नमन धीर, मिशेल सेंटनर, दीपक चाहर, सत्यनारायण राजू, ट्रेंट बोल्ट शामिल हो सकते हैं। जबकि रॉबिन मिंज और विग्नेश पुथुर इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर खेल सकते हैं। इस मैच में मुंबई की प्लेइंग 11 में सबसे बड़ा बदलाव छठे नंबर पर देखने को मिलेगा, जहां कप्तान हार्दिक पांड्या की वापसी होगी। एक मैच के प्रतिबंध के कारण बाहर रहे पांड्या अब टीम का नेतृत्व करेंगे। उनकी वापसी के चलते रॉबिन मिन्ज को बाहर बैठना पड़ सकता है।

ये तो रहा टीम और प्लेइंग 11 का लेखा-जोखा अब आते हैं, पिच रिपोर्ट पर। नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच की सतह आम तौर पर सपाट होती है और बाउंस सही होता है, जो इसे स्ट्रोक खेलने के लिए बहुत अनुकूल बनाता है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच पर आम तौर पर बल्लेबाजों को फायदा होता है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में वैसे तो कई पिच हैं, लेकिन इसकी मेन पिच काली कपास मिट्टी से बनी है, जिसे Black Soil Pitch कहा जाता है। इस तरह की पिच गेंद को अच्छा उछाल देती है, जो बल्लेबाजों को रन बनाने में बहुत मदद करती है। अगर गेंदबाजी के नजरिए से की बात करें, तो इस पिच पर शुरू में तेज गेंदबाजों को मदद मिलती है, लेकिन जैसे जैसे बॉल पुरानी होती जाती है, तो स्पिनर को मदद मिलने लगती है और वो अच्छे विकेट भी निकाल लेते हैं। अब तक नरेंद्र मोदी स्टेडियम में कुल 37 आईपीएल मुकाबले खेले गए हैं। पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 16 मैच जीते। चेज करने वाली टीम ने 20 मैच जीते। 1 मैच का कोई रिजल्ट नहीं निकला।

# प्वॉइंट्स टेबल में बड़ा फेरबदल

## आरसीबी टॉप पर, एलएसजी लंबी छलांग के साथ पहुंची दूसरे नंबर पर

**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जायंट्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को आसानी से हरा दिया। इस तरह ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को सीजन की पहली जीत मिली। इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ लखनऊ सुपर जायंट्स को हार का सामना करना पड़ा। बहरहाल, लखनऊ सुपर जायंट्स की जीत के बाद प्वॉइंट्स टेबल में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है।



### सनराइजर्स हैदराबाद को बड़ा झटका

- इस करारी के बाद पैट कमिंस की कप्तानी वाली सनराइजर्स हैदराबाद को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, अब सनराइजर्स हैदराबाद प्वॉइंट्स टेबल में छठे नंबर पर खिसक गई है। इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद टॉप पर काबिज थी। वहीं, पैट कमिंस की कप्तानी वाली सनराइजर्स हैदराबाद की हार का फायदा रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु को मिला। अब रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु टॉप पर पहुंच गई है। जबकि ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जायंट्स बेहतर नेट रन रेट के कारण दूसरे नंबर पर पहुंच गई है। इसके बाद तीसरे नंबर पर पंजाब किंग्स है। वहीं, चेन्नई सुपर किंग्स प्वॉइंट्स (सीएसके) टेबल में चौथे नंबर पर है। अक्षर पटेल की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) पांचवें नंबर पर काबिज है। साथ ही कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) सातवें नंबर पर है। हालांकि, इस समय टॉप पर काबिज रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु (आरसीबी) से सातवें नंबर पर काबिज कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर के बराबर 2-2 प्वॉइंट्स हैं, लेकिन नेट रन रेट के आधार पर टीमें आगे-पीछे है। इसके अलावा हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस (एमआई), गुजरात टाइटंस (जीटी) और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को सीजन की पहली जीत का इंतजार है।

# पूरन गेंदबाजों का निकाल रहे चूरन

**नई दिल्ली।** निकोलस पूरन आईपीएल का सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में मात्र 18 गेंदों में फिफ्टी लगा दी है। उन्होंने आईपीएल इतिहास में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए दूसरा सबसे तेज अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है। मजे की बात यह है कि आईपीएल में लखनऊ के लिए सबसे तेज फिफ्टी लगाने का रिकॉर्ड भी पूरन के ही नाम है। उन्होंने साल 2023 में आरसीबी के खिलाफ मैच में 15 गेंद में फिफ्टी पूरी कर ल ी थी। आईपीएल में सबसे तेज अर्धशतक लगाने के मामले में निकोलस पूरन सबसे आगे निकल गए हैं। इस सीजन पूरन से पहले सबसे तेज फिफ्टी का रिकॉर्ड ट्रेविस हेड के नाम था। ट्रेविस हेड ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 21 गेंद में अर्धशतक पूरा किया था। वहीं मिचेल मार्श ने भी दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 21 गेंद में ही फिफ्टी पूरी की थी।



# आईपीएल 2025 में चमके पुथुर, निगम और वर्मा

## मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स को कराया फायदा

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 में मुंबई ने विग्नेश पुथुर, दिल्ली ने विपराज निगम और हैदराबाद ने अनिकेत वर्मा को काफी सस्ते में टीम में शामिल किया था। तीनों ने ही अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। आईपीएल 2025 में विग्नेश पुथुर, विपराज निगम और अनिकेत वर्मा को उनकी टीमों ने बहुत कम पैसे खर्च कर टीम में शामिल किया था। तीनों ही खिलाड़ियों ने अभी तक अपनी-अपनी टीमों के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। मुंबई इंडियंस ने लेफ्ट ऑर्म रिस्ट स्पिनर विग्नेश पुथुर को सिर्फ 30 लाख रूपये में टीम में शामिल किया था। वहीं दिल्ली कैपिटल्स ने विपराज निगम को सिर्फ 50 लाख रूपये में टीम में शामिल किया था। टीम के पहले ही मैच में विपराज ने जबरदस्त पारी खेली थी। विपराज की यह पारी तब आई जब उनकी टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए मुश्किल में पड़ गई थी। सनराइजर्स हैदराबाद ने सिर्फ 30 लाख में अनिकेत वर्मा को टीम में शामिल किया था। अनिकेत ने अभी तक टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है।



## म नो रं ज न

# ‘कृष 4’ में ऋतिक को नई जिम्मेदारी

कृष फ्रेंचाइज़ी बच्चों से लेकर बड़ों तक की फेवरेट रही है। अब मच अवेटेड ‘कृष 4’ की भी तैयारी शुरू हो गई है। ‘कृष 4’ में ऋतिक रोशन सुपरहीरो के किरदार में तो नजर आएंगे ही वहीं वे इस फिल्म के निर्देशन की कमान भी संभालेंगे। ऋतिक रोशन के पिता और फिल्म मेकर राकेश रोशन ने इसकी अनाउंसमेंट कर दी है। इसी के साथ ‘कृष 4’ को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट भी पीक पर पहुंच गई है। ऋतिक रोशन ‘कृष 4’ के साथ डायरेक्शन में डेब्यू करने जा रहे हैं। अपनी मैग्नेटिक स्क्रीन प्रेजेंस और अपने काम के प्रति डेडीकेशन के लिए जाने जाने वाले, ऋतिक के निर्देशन में कदम रखने से फैंस बेहद खुश हैं। राकेश रोशन ने ऋतिक के डायरेक्शन मे डेब्यू की अनाउंसमेंट करते हुए इमोशनल पोस्ट शेयर की है। ‘25 साल पहले एक्टर के तौर पर किया लॉन्च अब डायरेक्टर के तौर पर’ राकेश रोशन ने बेटे ऋतिक संग अपनी तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है, “ डुग्गू 25 साल पहले मैंने तुम्हें एक एक्टर के रूप में लॉन्च किया था, और आज फिर 25 साल बाद तुम्हें दो फिल्म निर्माताओं आदित्य चोपड़ा और मेरे द्वारा हमारी सबसे महत्वाकांक्षी फिल्म कृष 4 को आगे बढ़ाने के लिए एक निर्देशक के रूप में लॉन्च किया जा रहा है। इस नए अवतार के लिए तुम्हें ढेरो शुभकामनाएं, विद गुड विशेज एंड ब्लेसिंग्स! “ वहीं राकेश रोशन ने मीडिया से बातचीत में कहा, “ “मैं कृष 4 के निर्देशन की कमान अपने बेटे ऋतिक रोशन को सौंप रहा हूं जिन्होंने इस फ्रैंचाइज़ी को शुरू से ही मेरे साथ जिया, महसूस किया और इसके सपने देखे हैं ऋतिक के पास कृष की यात्रा को अगले दशकों तक दर्शकों के साथ आगे ले जाने का एक क्लियर और बहुत ही महत्वाकांक्षी विज़न है। मुझे इससे ज़्यादा गर्व की अनुभूति नहीं हो सकती कि वह एक ऐसी फ़िल्म के लिए निर्देशन की टोपी पहने हुए हैं, जिसका मतलब एक परिवार के रूप में हमारे लिए दुनिया है। कृष ने दुनिया भर के दर्शकों का मनोरंजन किया है और ऋतिक अब इस सुपरहीरो सागा के अगले चैप्टर्स को लाएंगे और इतने साल पहले मेरे द्वारा बनाए गए विज़न को और ज्यादा ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।”







# सनी-सल्लू की घिबली आर्ट्स की तस्वीरें वायरल

आजकल घिबली आर्ट्स बहुत ज्यादा ट्रेंड में है। कई बॉलीवुड सेलेब्स के घिबली आर्ट्स बन रहे हैं। सनी देओल के जाट लुक से लेकर सलमान खान के राम मंदिर घड़ी तक का इमेज बना है।घिबली आर्ट्स से कई बॉलीवुड सेलेब्स की फोटोज बनी हैं। बॉलीवुड फिल्मों से लेकर उनके किरदारों तक सभी की फोटोज बनाई गई हैं। ये सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। सनी देओल की फिल्म जाट सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। जाट के आने से पहले उसका घिबली आर्ट्स बना दिया है। इसमें सनी देओल बहुत क्यूट लग रहे हैं। शाहरुख खान बॉलीवुड के फेवरेट एक्टर्स में से एक हैं। उनके कभी खुशी कभी गम के एक सीन का घिबली आर्ट्स बना है। जिसमें वो भागते हुए नजर आ रहे हैं। शाहरुख खान की फिल्म देवदास भी हिट साबित हुई थी। ये फोटो उन्हीं की फिल्म का एक सीन है। सलमान खान इन दिनों सिकंदर के प्रमोशन में लगे हुए हैं। सलमान ने हाल ही में राम मंदिर वॉच पहने हुए फोटो शेयर की थी। अब उनकी फोटो का भी घिबली आर्ट बन गया है। भूल भुलैया में राजपाल यादव ने छोटा पंडित का किरदार निभाया था। आज भी उन्हें उसी लुक से जाना जाता है। प्रभास की जब भी बात आती है तो उनकी बाहुबली याद आ जाती है। शिवलिंग कंधे पर लेकर जाते हुए नजर आए थे। उनके उस सीन का भी आर्ट बना दिया गया है। तारे जमीन पर आमिर खान की हिट फिल्मों में से एक है। ये फोटो आमिर और दर्शील सफारी की तारे जमीन पर से है।

# भाईजान की भगवा घड़ी पर ऐतराज

अभिनेता सलमान खान की श्री राम मंदिर घड़ी पर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने सख्त ऐतराज जताया है। मौलाना के मुताबिक शरिया में किसी भी मुसलमान को गैर-मुसलमानों के धार्मिक प्रतीकों, इमारतों या मंदिरों का प्रचार करने की अनुमति नहीं है और ऐसा करना हराम माना गया है। दरअसल, सलमान खान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर तीन तस्वीरें शेयर कीं। सलमान इस दौरान अपने हाथ में एक खास घड़ी पहने हुए हैं, जिसमें अयोध्या के श्री राम मंदिर की तस्वीर अंकित है। सलमान ने कैप्शन में लिखा, “ईद पर सिनेमाघरों में मिलते हैं।” अब ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने इसे पाप समान बताया है। वीडियो जारी कर उन्होंने बताया कि मैं शरिया के दृष्टिकोण से इस मामले को स्पष्ट करना चाहता हूं। सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सलमान खान एक मशहूर मुसलमान हैं और हिन्दी फिल्मों में अपने अभिनय की वजह से जाने जाते हैं। लाखों की तादाद में उनके चाहने वाले हैं। राम मंदिर के प्रचार के लिए एक घड़ी बनाई गई है। सलमान खान ने प्रचार के लिए उस घड़ी को पहन रखा है। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि वह सबसे पहले मुसलमान हैं। रजवी ने आगे कहा, “इस्लामी कानून किसी भी मुसलमान को गैर-मुसलमानों के धार्मिक प्रतीकों, इमारतों या मंदिरों का प्रचार करने की अनुमति नहीं देता है। यदि कोई मुसलमान इस तरह के प्रचार में शामिल होता है-चाहे वह मंदिर का हो या ‘राम संस्करण’ वाली घड़ी पहनकर तो शरिया के अनुसार, वह अपराध कर रहा है और उसे पाप माना जाता है। यह कार्य हराम है और उसे इससे बचना चाहिए। मैं सलमान खान को नसीहत देना चाहता हूं कि वह अपने हाथों से राम नाम एडिशन की घड़ी उतार दें।” बता दें कि सलमान खान की फिल्म सिंकदर सिनेमाघरों में ईद पर 30 मार्च को रिलीज हो रही है।



# ‘फौजी’ बने इमरान हाशमी

बॉलीवुड एक्टर इमरान हाशमी को पिछली बार सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 में देखा गया था। फिल्म में इमरान विलेन बने नजर आए थे। नेगेटिव रोल में भी उन्होंने सभी को काफी इंप्रेस किया था। पिछले काफी वक्त से इमरान हाशमी अपनी अपकमिंग फिल्म ग्राउंड जीरो को लेकर चर्चा में छाए हुए थे। फिल्म के मेकर्स ने अब इसका ऑफिशियल टीजर शेयर कर दिया है। टीजर में इमरान को ‘फौजी’ बने हुए देखा जा सकता है। इमरान की फिल्म ग्राउंड जीरो का टीजर 1 मिनट 11 सेकंड का है। इस टीजर में एक्टर एक रिलय लाइफ हीरो बने हुए नजर आ रहे हैं। इमरान ने ग्राउंड जीरो में एक आर्मी ऑफिसर का किरदार निभाया है। टीजर में इमरान के दमदार डायलॉग हैं, जो सभी का ध्यान अपनी ओर खींचते हैं। साहस और बलिदान की कहानी दिखाता हुआ ये टीजर काफी पसंद किया जा रहा है। टीजर की शुरुआत में ही कश्मीर के मुद्दे को उठाया गया है। कश्मीर में अशांत माहौल दिखाया गया है, जहां दिन दहाड़े आर्मी ऑफिसर को गली मार दी जाती है। इमरान हाशमी की फिल्म ग्राउंड जीरो की कहानी रियल लाइफ स्टोरी पर बेस्ड है।



# खतरों के खिलाड़ी में गोविंदा की भांजी

रोहित शेट्टी होस्टेड शो खतरों के खिलाड़ी इन दिनों चर्चा में बना है। शो का 15वां सीजन जल्द ही शुरू होने वाला है। शो को लेकर अभी तक ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है। लेकिन शो में कौन-कौन से कंटेस्टेंट्स होंगे इसे लेकर खबरें हैं। शो में गोविंदा की भांजी और कृष्णा अभिषेक की कजिन रागिनी खन्ना के होने के चांसेस हैं। रागिनी को शो के लिए अप्रोच किया गया है। वहीं टीवी स्टार्स ग्रेसी गोस्वामी को भी शो के लिए अप्रोच किया गया है। हो सकता है ग्रेसी का नाम फाइनल हो जाए। इसके अलावा बिग बॉस ओटीटी विनर 2 एल्विश यादव को भी शो का ऑफर दिया गया है। वहीं बिग बॉस 18 की फाइनलिस्ट चुम दरंग को भी शो ऑफर हुआ है। टीवी की डीवाज एरिका फर्नांडिस और सुरभि ज्योति को शो के लिए अप्रोच किया गया है। वहीं बॉलीवुड एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत को भी ऑफर दिया गया है। जल्द ही चीजें फाइनल हो जाएंगी। इसके अलावा गुम हैं किसी के प्यार के फेम एक्टर भाविका शर्मा और हितेश भारद्वाज को भी शो के लिए अप्रोच किया गया है। बिग बॉस 18 फेम ईशा सिंह और अविनाश मिश्रा को भी ऑफर मिला है। झनक एक्टर कृषाल अहूजा की भी मेकर्स के साथ बातचीत चल रही है।



# किशोरी बाल मेले में सास्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खौड।** राजकीय कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में गुरुवार को किशोरी बाल मेले का आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि शिक्षा विभाग उप निदेशक प्रकाशचद सिंगाड़िया ने कहा कि बालिका शिक्षा कि आज के समय में जरूरत है। उन्होंने कहा कि बालिका पढेगी तो दो घर सुधरेंगे। जला शिक्षा अधिकारी राहुल राजपुरोहित ने कहा की आर्थिक स्थिति से पिछड़ी हुई बालिकाएं यहां रहकर अध्ययन करती है। इसलिए छात्रावास की बालिकाओं को मेहनत व लगन के साथ अध्ययन कर आगे बढ़ने में लक्ष्य प्राप्त करना चाहिए। पीईईओ मनाराम मीणा ने आवासीय विद्यालय की सशैक्षणिक गतिविधियों के प्रशंसा की। वार्डन सुमन चारण ने बताया कि बाल मेले में कक्षा 6 से 8 तक रानी ब्लॉक के 507 बालक बालिकाओं




ने भाग लिया। जिसमें गणित व विज्ञान आधारित 42 स्टोले सजाकर की प्रदर्शनी की गई। रानी पचायत समिति सदस्य सुमित्रा राजपुरोहित, समाजसेवी वेनाराम परमार, एपीसी प्रवीणसिंह चारण, पाली बालिका शिक्षा प्रभारी लक्ष्मणराम चौधरी, रानी शिक्षा विभाग आरपी आसाराम मीणा, ताज मोहम्मद पठान, पीईईओ मनाराम मीणा, प्रधानाध्यपक पूजा शर्मा, वार्डन सुमन चारण, वार्डन लीला मेघवाल, सेवानिवृत अधिकारी जवाहरलाल परिहार, सुन्दरलता परिहार, गुलाब कंवर आदि मौजूद थे।

# कोलर में पिपलेश्वर महादेव का मेला एक को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिंवाड़ा।** समीपवर्ती कोलर गांव में पिपलेश्वर महादेव का एक दिवसीय धार्मिक मेला एक अप्रेल को भरा जाएगा।पिपलेश्वर महादेव मेला समिति के जगदीश शर्मा व अरावली क्षेत्रिय विकास समिति कोलर नगर अध्यक्ष कैलाश पंवार ने बताया कि मेले की पूर्व संध्या पर 31 मार्च को एक शाम महादेव के नाम भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें माधुरी वैष्णव बालोतरा, नरेश राव उदयपुर एण्ड पार्टी सहित एक दर्जन भजन कलाकार महादेव मंडित भजनों की प्रस्तुति देंगे। वही मेले के दिन एक अप्रेल को सुबह एक वरघोड़ा निकाला जाएगा। जो गांव के विभिन्न मार्गो से होकर गुजरेगा। इस अवसर पर देवासी परिवार की ओर से महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

# नि:शुल्क नेत्र जांच और परामर्श शिविर में 201 मरीज लाभांवित





जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** रुपमुनि सार्वजनिक धर्मशाला नाडोल में अमृत आंखों का अस्पताल एवं फेको लेजर सेन्टर बाली एवं पेंशनर समाज उपशाखा नाडोल के संयुक्त तत्वावधान में विशाल नेत्र जांच शिविर एवं नि:शुल्क नेत्र जांच और परामर्श का आयोजन किया गया। जिसमे 201 मरीजों की जांच की गई एवं आंपरेशन योग्य मरीजों को बाली ले जाया गया। शिविर मे डॉ. प्रवीण यादव, भरतसिंह राठौड़ मेनेजर, पुखराज रांकावत, शोरभ भट, सुधीर चौधरी, भीखाराम सहित सेवाएं दी। शिविर को सफल बनाने में पेंशनर समाज उपशाखा नाडोल के अध्यक्ष परमानन्द जोशी, सचिव उमाशंकर बोहरा, कोषाध्यक्ष टिकमचंद भगनागर उपाध्यक्ष, पेपसिह राठौड उपाध्यक्ष, हंसाराम मारू, सह सचिव लक्ष्मीनारायण वैष्णव, जगदीशसिंह राजपुरोहित, हेमन्त जैन एवं समस्त पेंशनर समाज उपशाखा नाडोल के सदस्यों का योगदान रहा। आने वाले समय में बड़ा शिविर रखने की भी घोषणा की गई। अमृत आंखों का अस्पताल एवं फेको लेजर सेन्टर, अंधता निवारण समिति की ओर से शिविर मे मरीजों को नि:शुल्क दवाई वितरण की गई। पेंशनर समाज उप शाखा अध्यक्ष परमानन्द जोशी ने आगनतुओं का आभार व्यक्त किया।

# संस्कार केंद्र का वार्षिकोत्सव, आयोजन हुए



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** विद्या भारती विद्यालय आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक खुडाला फालना के विवेकानंद सरस्वती संस्कार केंद्र के वार्षिकोत्सव में मुख्यवक्ता आदर्श शिक्षा संस्थान के सचिव सुरेश मालवीय ने बताया कि हमारी आने वाली पीढ़ी देशभक्त व राष्ट्रसेवक बने इस हेतु शिक्षा के साथ संस्कार जरूरी है। विद्या भारती विद्यालय संस्कार केंद्र के माध्यम से शिक्षा सेवा संस्कार हेतु सेवा बस्ती में संस्कार के केंद्रों का संचालन करती है। आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक खुडाला फालना द्वारा संचालित इंद्रा कॉलोनी के संस्कार केंद्र के वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि रचना जैन व विशिष्ट रेखा कंवर ने मां भारती, ओम व मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यं म का शुभारंभ किया। वार्षिकोत्सव सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ मां भारती की वंदना.....से किया गया। छोटे छोटे के नन्हें-नन्हें भैया बहिनों देश भक्ति सामूहिक गीत....... कार्यं म के माध्यम से दर्शकगणों से खूब तालियॉ बटोरी। भैया बहिन द्वारा ताली योग की प्रस्तुति दी गई। सामूहिक नृत्य चिरमी......, राजस्थानी नृत्य धरती धोरा री..... आदि की बहिनों ने प्रस्तुति देकर अलग अलग राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर को सबके समक्ष रखा। बाल विवाह अभिशाप नाटिका द्वारा भैया बहिनों ने समाज में फैली कुरीतियों को सबके समक्ष रखा। संस्कार केंद्र की सहशैक्षिक गतिविधियों प्रथम रहे भैया बहिनों को पुरस्कृत किया गया। संस्कार केंद्र प्रभारी गणपत नायक ने उपस्थित अतिथियों का परिचय व स्वागत करवाया। इस अवसर पर आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक खुडाला फालना के प्रधानाचार्य मनोहर रावल, आचार्य सुरेश कुमार, दिनेश कुमार, रमेश कुमार, अनीषा, सपना, भावना, निकिता शर्मा, ललिता सहित अभिभावक, प्रबुद्धजन सहित नगर के सैकड़ों दर्शकगण उपस्थित रहे। आभार संचालिका वंदना राव ने करवाया।

# भाचुन्दा को ग्राम पंचायत का दर्जा दिलवाने की मांग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** भाचुंदा को ग्राम पंचायत का दर्जा दिलवाने की मांग को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों ने पाली पहुंचकर जिला कलक्टर को ज्ञापन दिया। ग्रामीणों ने बताया कि भाचुन्दा व बड़गांवड़ा को जोड़कर नई पंचायत बनाने का प्रावधान चल रहा है। जबकी भाचुन्दा की आबादी बड़गांवड़ा से ज्यादा है। भाचुन्दा में ग्राम पंचायत बनाने के लिए लाइट एवं पानी तक की सम्पूर्ण व्यवस्था है। जबकी बड़गांवडा की सड़क लम्बे समय से बदहाल एवं क्षतिग्रस्त हो रखी है। जिस पर लोगों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भाचुन्दा की उपतहसील तख्तगढ में दी गई है। ऐसे में राजस्व कार्य के लिए तखतगढ़ जाने के लिए लोगों को



आसानी रहेगी। अभी ग्राम पंचायत अनोपुरा में यह तीन ग्राम शामिल हैं। इस दौरान बरकत अली, उप सरपंच बाबूसिंह, गणपतसिंह, वीरसिंह, भंवरसिंह पुरोहित, मोहनलाल घांची आदि मौजूद थे।

# राज्यपाल हरिभाउ बागड़े दो दिवसीय पाली दौरे पर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** राजस्थान राज्यपाल हरिभाउ बागड़े 29 मार्च को दो दिवसीय पाली जिले के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित यात्रा कार्य' मानुसार राजस्थान राज्यपाल हरिभाउ बागड़े 29 मार्च को दोपहर 02:05 बजे राजकीय हैलीकॉप्टर द्वारा अजमेर से प्रस्थान कर पाली 02:30 बजे राजकीय कन्या महाविद्यालय हैलीपेड पर पहुंचेंगे। वे 02:40 पर सर्किट हाउस पहुंचेंगे। वे दोपहर 03:20 पर सड़क मार्ग से कलेक्ट्रेट मीटिंग हॉल के लिए रवाना होंगे तथा जिला स्तरीय अधिकारियों से बातचीत करेंगे। वे दोपहर 04:35 बजे पाली से सड़क मार्ग द्वारा सोनाणा खेतलाजी जूनीधाम देसूरी के लिए रवाना होंगे तथा सायं 05:55 बजे पहुंचकर सोनाणा खेतलाजी मंदिर के दर्शन करेंगे एवं आयोजित समारोह में भाग लेंगे। वे शाम 7 बजे सोनाणा खेतलाजी से प्रस्थान कर 07:25 पर रणकपुर लाल बाग होटल पहुंचेंगे जहां वे रात्रि विश्राम करेंगे। वे 30 मार्च को सुबह 9 बजे रणकपुर से रवाना होकर 9:15 पर रणकपुर जैन मंदिर पहुंचेंगे जहां वे रणकपुर जैन मंदिर के दर्शन करेंगे। इसके पश्चात वे सुबह 9:45 बजे रणकपुर से उदयपुर हवाई अड्डे के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

# नमक की खानों को फिर से स्थापित करने की मांग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** खारवाल (खारोल) समाज के संयुक्त प्रतिनिधि मंडल ने समाज के कोटा संभाग अध्यक्ष सत्यनारायण खारवाल के नेतृत्व में नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। चेनाराम खारवाल सुमेरपुर ने बताया कि खारवाल खारोल समाज संयुक्त प्रतिनिधि मंडल ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का सम्मान किया। समाज की विभिन्न समस्याओं के निराकरण करने एवं विकास करवाने के साथ रिफाइनरी से प्रभावित 198 नमक की खानों को पुनः स्थापित करने, नमक उत्पादकों का पुनर्वास करने, रिफाइनरी स्थापना वर्ष 2013 से नमक उत्पादकों हुई प्रति वर्ष आय की हानि नुकसान का आंकलन कर भुगतान करने, नमक उद्योग से संबंधित अन्य समस्याओं का राजस्थान सरकार से समाधान करवाने, रिफाइनरी से प्रभावित नमक उत्पादकों के परिवारों एवं स्थानीय लोगों को राजस्थान सरकार द्वारा प्रत्यक्ष रोजगार नीति बनाकर एचआरआरएल



रिफाइनरी पचपदरा में स्थायी रोजगार प्रदान करने के साथ राजस्थान राज्य के खारवाल समाज को केंद्र ओबीसी सूची में दर्ज करवाने। गुजरात में खारवाल खारोल समाज को आरक्षण सूची में शामिल करवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपे। जिस पर लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से इन समस्याओ का निराकरण करवाने का आश्वासन दिया।

# अवकाश के दिन भी खुले रहेंगे उप पंजीयन कार्यालय

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग ने आदेश जारी कर पंजीयन कार्यालय शनिवार-रविवार एवं 31 मार्च को अवकाश के दिन भी रजिस्ट्री होगी। पंजीयन एवं मुद्रांक कार्यालय के उप महानिरीक्षक भागीरथ चौधरी ने बताया कि विभाग द्वारा निकाले गए आदेश के तहत राजस्व अर्जन के लक्ष्यों को पूरा करने के लिये राजकीय अवकाश शनिवार-रविवार एवं 31 मार्च को कार्यालय खुले रहेंगे।

# दो दिवसीय वर्षगांठ महोत्सव 31 से

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** नगर के जाखानगर आंगनवाड़ी के पास स्थित मेलडी मां व बहुचर मां मंदिर का द्वितीय दो दिवसीय वार्षिक महामहोत्सव उपासक दीपिका भुआजी के सानिध्य में 31 मार्च व 1 अप्रैल को आयोजित होगा। मेलडी माता नवयुवक मंडल के सदस्यों ने बताया कि महोत्सव में पहले दिन सवेरे हवन किया जाएगा। खेड़ादेवी मंदिर, भैरू चौक से मैन बाजार होते हुए मंदिर परिसर तक वरघोड़ा निकाला जाएगा। रात में दशहरा मैदान में मांडवा (रमेल) भजन संध्या आयोजित होगी। गुजरात म्युजिल ग्रुप के नरेश कटारिया, अमित महिसागर प्रस्तुतियां देंगे। मंच संचालन प्रवीण वैष्णव करेंगे। महोत्सव के दूसरे दिन 1 अप्रैल को सवेरे महाप्रसादी का आयोजन होगा। रात में भजन संध्या आयोजित होगी। जिसमें गुजरात के प्रसिद्ध गायक कलाकार राज गढ़वी, रानी की अनिमा जांगिड़, पाली के रमेश सुथार, डांसर कल्पित चौधरी जोधपुर प्रस्तुतियां देंगे। महोत्सव में संत खुशाल भारती,



सुरज कुंड धाम के अवधेशानंद महाराज, कानुपरा के श्रवण गिरी, मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, सिरोही-जालोर सांसद लुम्बाराम चौधरी, कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, बाली विधायक पुष्पेन्द्रसिंह राणावत, हरिशंकर मेवाड़ा आदि शिरकत करेंगे।

# कलक्टर ने राजस्थान स्थापना दिवस पर शपथ दिलवाई

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** राजस्थान स्थापना दिवस के विविध आयोजन के क्रम में जिला कलक्टर कार्यालय में जिला कलक्टर एल एन मंत्री ने आज राजस्थान स्थापना दिवस को लेकर राज्य के महान एवं गौरवशाली परम्पराओं के पालन एवं विकास व खुशहाली के लिए शपथ दिलाई। उल्लेखनीय है कि व 30 मार्च को अवकाश होने कारण व कार्मिक विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार शुक्रवार को शपथ दिलाई गईं। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ बजरंग सिंह, सीईओ जिला परिषद मुकेश चौधरी व अन्य व अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। इसी प्रकार अन्य सभी कार्यालयों में भी राजस्थान दिवस की शपथ दिलाई गईं।



# सात साल की सकीना टांक ने रखा पहला रोजा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** इस्लाम में रोजा 10 साल की उम्र के बाद फर्ज माना जाता है, लेकिन बाली कस्बे की सात साल की मासूम सकीना टॉक ने अपनी जिद और इबादत के जज़्बे छोटी उम्र में ही बच्ची ने पूरे दिन रोजा रखा। परिवार सकीना ने अपनी रखने की जिद की कि अभी उसके ऊपर मासूम ने जवाब दिया रोजा रखूंगी। उसकी इस उमर फारूक छीपा व परिवार से सभी को चौंका दिया। इबादत में डूबी इस बिना कुछ खाए-पिए के अनुसार मामी पापा से रोजा थी। जब मां ने समझाया रोजा फर्ज नहीं है तो कि अल्लाह के लिए में लगन को देखते हुए पिता ने उसे रोजा रखने की इजाजत दी। परिवार और समाज के लोगों ने सकीना के रोजे रखने की सराहना।



# राजस्थान स्थापना दिवस: आगामी तीन दिनों तक आयोजनों की रहेगी धूम

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष में जिला मुख्यालय पर शनिवार को युवा एवं रोजगार उत्सव एवं बांगड़ कॉलेज में 12 से 2 बजे आयोजित किया जाएगा। आयोजित कार्यक्रम जिला परिषद सभागार के स्थान पर बांगड़ महाविद्यालय हॉल में दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित होगा। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं मुख्य आयोजना अधिकारी रहेंगे। कार्यक्रम बांगड महाविद्यालय में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आयोजित होगा। कार्यं म रोजगार उत्सव (7000 नियुक्ति पत्र वितरण), रोजगार मेला का आयोजन जिला मुख्यालय पर, स्किल नीति का विमोचन, युवा नीति का विमोचन, द्रोणाचार्य अर्वाडियों को भूमि आवंटन के लिए दिशा-निर्देश, निजी क्षेत्र में रोजगार पर रुपए 10,000 की सहायता के लिए योजना के दिशा-निर्देश जारी करना, अटल ज्ञान केन्द्र के दिशा-निर्देश जारी करना, नई किरण नशा मुक्ति केन्द्र के दिशा-निर्देश जारी करना, मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान, बच्चों को बैग एवं युनिफोर्म का डीबीटी होगा।

### रंगारग प्रस्तुतियां व कवि सम्मेलन में होगा काव्यपाठ

30 मार्च को राजस्थान दिवस के उपलक्ष में सांस्कृतिक संध्या रतनचंद लोढ़ा बाल निकेतन स्कूल में शाम 6 से रात्रि 10 बजे तक आयोजित होगी। कार्यक्रम में राजस्थानी लोक कलाकारों एवं स्थानीय कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुति एवं कवि सम्मेलन भी होगा। सांस्कृतिक संध्या में दीप प्रज्जवल, अतिथियों का स्वागत, स्वागत गीत एवं लंगा गायन मिट्ठू खां लंगा पार्टी, घूमर एवं तेरहताली नृत्य श्रीमती लीला देवी पादरला, कालबेलिया नृत्य राजस्थान संगी नाटक अकादमी के कलाकारों द्वारा, मयूर नृत्य जितेन्द्र पाराशर डीग भरतपुर एवं पाली जिले के स्थानीय कलाकरों की ओर प्रस्तुतियां दी जाएगी। इसी प्रकार कवि सम्मेलन में डॉ कविता किरण, डॉ कैलाश चंद्र मण्डेला, श्रीमती आशा पाण्डे, मूरलीधर गौड़, डॉ राम अकेला, श्रीमती तृप्ती पांडे, प्रमोद भंसाली एवं शंकर शिवन द्वारा काव्य पाठ किया जाएगा। शाम को लोढा स्कूल में एक लघु प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

### रन फॉर फिट राजस्थान का आयोजन

रविवार को सुबह 7 बजे रन फॉर फिट राजस्थान दौड़ बांगड स्कूल से अम्बेडकर सर्किल से वापस बांगड स्कूल होगा । जिसमें एनसीसी, स्काउट दौड़ रूट के तहत बांगड स्कूल से प्रारम्भ होकर अम्बेडकर सर्कल से पुनः बांगड़ स्कूल पर समापन होगा। विजेताओं को जिला प्रशासन की ओर से पुरस्कार दिए जाएंगे एवं सरस डेयरी द्वारा अल्पाहार की व्यवस्था की जाएगी।

### *निवेश उत्सव का होगा आयोजन*

*इसी प्रकार 31 मार्च को निवेश उत्सव का आयोजन दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक किया जायेगा जो जिला स्तर पर भी आयोजित किया जायेगा। इसमें राईजिंग राजस्थान में 3 लाख करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट की ग्राउण्ड ब्रेकिंग, लॉजिस्टिक, डेटा सेंटर एवं टेक्सटाइल पॉलिसी का विमोचन, राइजिंग राजस्थान निवेश प्रस्तावों की मॉनिटरिंग/ट्रेकिंग के लिए मोबाइल एप, राजस्थान फाउण्डेशन के 14 नए चेप्टर्स की शुरूवात के आदेश जारी करना, राईजिंग राजस्थान का न्यूज लेटर का विमोचन आदि आयोजन किए जाएंगे। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र रहेंगे।*

# बाली उप कारागृह का किया निरीक्षण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** तालुका विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश डॉ. सिम्पल शर्मा ने उप कारागृह बाली का निरीक्षण किया। डॉ. शर्मा वर्तमान में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश के पद पर कार्यरत हैं। निरीक्षण के दौरान उप कारागृह में 86 बंदी निरुद्ध पाए गए। न्यायिक अधिकारियों ने जेल में संचालित विधिक सेवा क्लिनिक की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। सभी बंदियों को निःशुल्क कानूनी सहायता और अधिवक्ता उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई। उप कारागृह इंचार्ज गुलाब पुरी, मुख्य प्रहरी कानाराम गुर्जर एवं रामावतार आदि मौजूद थे।



# धूमधाम से मनाएंगे हनुमान जन्मोत्सव



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** मुख्य बाजार स्थित महावीर हनुमान मंदिर परिसर में हनुमान जन्मोत्सव समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें सर्वसम्मति से हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। तय कार्यं म अनुसार 11 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर मंदिर परिसर मुख्य बाजार में रात को संगीतमय सुन्दर काण्ड पाठ किया जाएगा। दूसरे दिन हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। सवेरे शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद महाआरती तथा महाप्रसादी का आयोजन होगा। बैठक में विनोद अग्रवाल, चत्रभुज शर्मा, दिलीप अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, गिरीश कुमार, पोपटलाल जैन, सतीष अग्रवाल आदि उपस्थित रहें।

# ग्राम विकास अधिकारी राठौड़ हुए सेवानिवृत्त

**देसूरी।** पंचायत समिति सभागार में शुक्रवार ग्राम विकास अधिकारी गणेशाराम राठौड़ सेवानिवृत्त होने पर विकास अधिकारी भोपालसिंह जोधा ने सम्मान कर विदाई दी। देसूरी ग्राम विकास अधिकारी संघ अध्यक्ष अचलसिंह सोलंकी, घीसाराम चौधरी, उम्मेदसिंह राणावत, ढलाराम चौहान, रूपसिंह चारण, प्रवीण सोनल,मांगीलाल चौहान, राकेश कुमार, रामेश्वर कुमार, अशोक कुमार समेत प्रशासक चंद्रशेखर मेवाड़ा, सुखलाल ने राठौड़ को विदाई दी। राठौड़ ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाना व आमजन के कार्य को शीघ्रता से करना मेरा लक्ष्य था। नारलाई प्रशासक शेखर मीणा, जयदेवसिंह चारण, दौलत राईका,घीसुलाल मेघवाल, सोहनलाल जांगिड़, राजूराम सीरवी, सुखलाल, राजेश मेवाड़ा, अतिरिक्त विकास अधिकारी ललित व्यास, सहायक विकास अधिकारी रमेशदास वैष्णव,सहायक अभियंता कुंभसिंह भाटी, लेखा अधिकारी भगवानसिंह, धर्मेंद्रसिंह मेड़तिया, ललित मेवाड़ा, कमलेश भाना, राजकुमार सुथार, श्रवण वैष्णव, प्रहलादसिंह सोलंकी,मंच संचालक राजेंद्रसिंह राजपुरोहित ने किया ।



# भाजपा जिलाध्यक्ष भंडारी ने नियुक्त किए मंडल अध्यक्ष

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ व संगठन पर्व के प्रदेश चुनाव अधिकारी नारायण पंचारिया के निर्देश पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ रक्षा भंडारी ने सिरोही जिले के 9 मंडलों के मंडल अध्यक्षों की घोषणा की। भाजपा जिला प्रवक्ता रोहित खत्री ने बताया कि अक्षय चौहान को आबूपर्वत, मुकेशसिंह डाभी को सियावा, गणेश बंजारा को गिरवर, हार्दिक देवासी को कृष्णगंज, अजीतसिंह देवड़ा को पालड़ी एम, ताराराम कुमावत को शिवगंज, कांतिलाल जणवा को रोहिड़ा, जवानाराम देवसी को झाड़ोली, दशरथसिंह राव को भाखर का मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया।



**पोसालिया।** रुखाड़ा निवासी अजीतसिंह देवड़ा को पालडी एम मंडल अध्यक्ष नियुक्त करने पर स्वागत किया गया। नेता प्रतिपक्ष लक्ष्मण परिहार, दिलीप अग्रवाल, सुमेरसिंह राव, प्रकाश माली, विक्रम माली आदि भाजपा के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।



**तलहटी।** भाखर मण्डल अध्यक्ष पद पर दशरथसिंह राव कारोली की घोषणा की गई। जिससे भाखर सहित ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में एक नये जोश का संचार हुआ हैं। जगह जगह नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश कोठारी, पूर्व पालिकाध्यक्ष सुरेश सिंदल, संयम उपाध्याय की उपस्थिति में स्वागत किया। उधर, गिरवर मण्डल अध्यक्ष गणेश बंजारा का भी क्षेत्रवासियों ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया।



**पिण्डवाड़ा।** झाडोली मंडल अध्यक्ष पद पर जितेंद्र देवासी को नियक्त करने पर विधायक समाराम गरासिया के नेतृत्वमें मंडल के सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने देवासी का सम्मान किया। भाजपा जिला महामंत्री नरपतसिंह राणावत, रोहिड़ा सरपंच पवन राठौड़, रोहिड़ा पूर्व मंडल अध्यक्ष कालूराम माली, मंडल महामंत्री कालूराम सेन, मन की बात के जिला सहसंयोजक चेतन दवे, मंडल उपाध्यक्ष हिम्मत रावल, राकेश रावल, वागेन्द्र देवासी, शिवलाल गहलोत, पूर्व कोषाध्यक्ष शंकरलाल देवासी, प्रवीण मीणा, पूर्व मंडल महामंत्री एडवोकेट अर्जुन पुरोहित, मंडल महामंत्री पुखराज मीणा एवं भूताराम गरासिया आदि मौजूद थे।



**आबूरोड।** आबूरोड ग्रामीण गिरवर मण्डल में गणेश बंजारा की दोबारा नियुक्ति की गई। बंजारा की नियुक्ति से कार्यकर्ताओ व क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। कार्यकर्ताओ ने संगठन का आभार जताते हुए कहा कि बंजारा द्वारा संगठन में किए गए कार्य व समर्पण का परिणाम है, जिससे फिर से नियुक्ति हुई है। बंजारा ने जिलाध्यक्ष, जिला नेतृत्व व प्रदेश नेतृत्व सभी आभार जताया। वहीं भाखर मंडल अध्यक्ष पद पर दशरथ सिंह राव की नियुक्ति की गई। भाजपा के वरिष्ठ पार्षद अर्जुनसिंह, पार्षद अमर सिंह भाटी, भाजपा के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी सतीश अग्रवाल ने सम्मान किया।

## वीडियो वायरल कर दी प्रदेश सरकार को आंदोलन की चेतावनी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सरुपगंज।** जनता जल योजना कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष मोटाराम मेघवाल ने शुक्रवार को एक वीडियो वायरल कर राजस्थान सरकार को आंदोलन की चेतावनी दी। मेघवाल ने वीडियो वायरल कर बताया कि राजस्थान जनता जल योजना कर्मचारी संघ के तत्वावधान में नारायणलाल मीणा सहसंगठन मंत्री एवं छोगाराम श्याम कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष की अध्यक्षता में एवं प्रदेश के जिला अध्यक्षों की मौजूदगी में जलभवन जयपुर में बैठक का आयोजन किया था। इसमें प्रस्ताव लिया था यदि सरकार हमारी मांगे 15 दिन के अंदर अंदर नहीं मानी तो 16 अप्रैल को आक्रोश रैली एवं प्रदर्शन किया जाएगा।

## अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** अन्दौर एवं पालड़ी एम सहित उपखंड क्षेत्र में लगातार गोवंश पर धारदार हथियार से हमले हो रहे है। इससे ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। तीन दिन पूर्व आल्फा में गोवंश पर हमला कर घायल कर दिया। इस पर सूचना पर गोसेवक मौके पर पहुंचे तथा निजी वाहन के माध्यम से नंदी को गोशाला पहुंचाकर उसका उपचार शुरु करवाया। गजानंद सेवा समिति अध्यक्ष मंगल कुमार मीणा ने बताया गो सेवा से जुड़े गोमाता प्राणी सेवा समिति अंदौर अध्यक्ष भरत प्रजापति ने बताया कि 22 मार्च को गोवंश पर धारदार हथियार से हमला कर उसे लहुलुहान कर दिया। मामले की रिपोर्ट पालड़ी एम थाने में दी थी, लेकिन आरोपी का पता नहीं चला। इइसके बाद गुरुवार शाम को एक नंदी लहूलुहान हालत में गांव में घूमता दिखाई दिया। सभी ने एकराय होकर उसको पकड़कर उपचार के लिए गोशाला पहुंचाया। समिति के सदस्यों ने थाने में रिपोर्ट देकर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है। नरपतसिंह, हिम्मत कुमार, रमेश कुमार मेघवाल, प्रकाश कुमार घांची, सोहन कुमार, कैलाश कुमार ,मुकेश कुमार, मांगीलाल, भरत कुमार मेघवाल आदि मौजूद।

## आदर्श विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रेवदर।** आदर्श विद्या मंदिर प्राथमिक सिरोड़ी में शुक्रवार को विद्यालय का वार्षिकोत्सव 2025 का आयोजन किया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जगसीराम कोली, अध्यक्ष सरदारसिंह देवड़ा, विशिष्ट अतिथि शेरसिंह देवड़ा, शैतानसिंह देवड़ा सरपंच ग्राम पंचायत सिरोड़ी, परबतसिंह देवड़ा, हिदाराम देवासी, यशवंत मालव, लक्ष्मण कोली मंडल अध्यक्ष अनादरा, विनोद सोनी, उड़वारिया सरपंच जेताराम चौधरी, योगेश कुमार, मुख्य वक्ता लकाराम चौधरी जिला सचिव का आतिथ्य रहा। प्रधानाचार्य किशोर कुमार सैन ने अतिथि परिचय व स्वागत करवाते हुए विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। संत राजूगिरी ने कहा कि विद्या भारती बालकों के नैतिक विकास एवं आध्यात्मिक भावनाओं को जागृत करने का कार्य करती हैं।



## न्यूज़ ब्रीफ

### चेन्नई से बाड़मेर वाया जालोर नई रेल शुरु करने की मांग

**सांसद चौधरी मिले रेल मंत्री वैष्णव से**



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** सांसद लुंबाराम चौधरी ने चेन्नई से बाड़मेर वाया जालोर नई रेल सेवा शुरू करने को लेकर गुरुवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सांसद चौधरी ने मंत्री वैष्णव को बताया कि संसदीय क्षेत्र उत्तर पश्चिम रेलवे के तहत समदडी-भीलडी रेल लाइन को ब्रोडगेज में तब्दील हुए करीब पंद्रह वर्ष हो गए है। लेकिन, इस रूट पर यात्री सुविधाओ का नितांत अभाव हैं। जालोर सिरोही के लाखो लोग चेन्नई शहर में रहते है। इन प्रवासियों के लिए सीधी रेल सेवा नही होनें से अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। विशेष कर गर्मियो की छुटियों में यात्रा करने में महिलाओं और बच्चों को काफी परेशानियो का सामना करना पडता है।


प्रथम पुण्यतिथि



हमारे प्रिय
स्व. श्री सोमारामजी
(अध्यापक)
पुत्र श्री स्व. श्री धरमारामजी (डाबी) मेघवाल
निवासी- रेवदर की
प्रथम पुण्यतिथि पर हम परिवारजन उनको भावपूर्ण श्रद्धांजली अर्पित करते है।
स्वर्गवास : 29 मार्च 2024
शोकाकुल परिवार
कालूराम, हकमाराम (भाई), पंखु देवी (पत्नी)
प्रकाश मेघवाल (प्रदेश मंत्री भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा)- विमला (पुत्र-पुत्रवधु),
इंदिरा- छोटेंद्रपाल परिहार (पुत्री-जमाई),
एडवोकेट बलवंत मेघवाल, कमलेश (पुत्र), नव्या (पोती)
एवं समस्त डाबी परिवार रेवदर, जिला-सिरोही मो. 9461001901, 8875584405



सारंगवास खेतलाजी मेला

# हॉर्स शो 30 को, अगले दिन गेर नृत्य की धूम

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** सोनाणा खेतलाजी तीर्थधाम में 30 और 31 मार्च को आयोजित होने वाले 51 वें वार्षिक भव्य लक्खी मेले की तैयारियों का शुक्रवार को ट्रस्ट कमेटी ने जायजा लिया और तैयारियां की समीक्षा की। दो दिवसीय इस मेले में जहां पहले दिन शानदार हॉर्स शो देखने को मिलेगा, वहीं दूसरे दिन गेर नृत्य दलों की धमाकेदार प्रस्तुतियां लोक संस्कृति के रंग बिखेरेंगे।





### ट्रस्ट कमेटी ने मेला स्थल व हॉर्स शो स्थल का लिया जायजा

मेला स्थल व हॉर्स शो स्थल का अध्यक्ष भगाराम चौधरी, सचिव महेश अखावत,कोषाध्यक्ष मूलाराम मेघवाल,उपाध्यक्ष रताराम,सहसचिव अशोक सिंह राजपुरोहित, सहकोषाध्यक्ष दिनेश लोहार सहित ट्रस्ट सदस्य छतरसिंह सोलंकी, खरताराम चौधरी, मांगीलाल चौधरी, रामलाल प्रजापत, कमलेश सोनी, खरताराम मेघवाल, रताराम चौधरी, दिनेश आदिवाल व रमेश चौधरी ने जायजा लिया और समीक्षा कर आवश्यक सुधार किए। इस दौरान भक्त अमरसिंह पंवार, भीमसिंह सिसोदिया व पत्रकार मौजूद थे।

### पहले दिन दिखेगा शौर्य और भक्ति का संगम

मेले की शुरुआत 30 मार्च सुबह 8 बजे मंदिर श्रृंगार और सवा दस बजे वरघोड़ा के साथ होगी, जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेंगे। इसके बाद शाम 4 बजे आयोजित होने वाला हॉर्स शो मुख्य आकर्षण रहेगा। इस शो में परंपरागत शौर्य और घुड़सवारी कौशल का प्रदर्शन किया जाएगा। जिससे मेलार्थियों को राजस्थानी शौर्य और घुड़दौड़ की परंपरा का अनुभव मिलेगा। रात्रि 8 बजे भजन संध्या में प्रसिद्ध गायक सवाई भाट, आशा वैष्णव, नीता नायक, लेहरूदास वैष्णव, शंकर टॉक के भजनों से श्रद्धालु भाव विभोर होंगे।

### भक्तों के लिए विशाल भोजनशाला

मेलार्थियों की भारी संख्या को देखते हुए डेढ़ लाख श्रद्धालुओं के लिए विशाल भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई है। भक्तराज राजेंद्र शांतिलाल लादाजी भंडारी के सानिध्य में विधिवत रूप से भोजनशाला की भट्टी का मुहूर्त किया गया।

### दूसरे दिन गेर नृत्य से सजेगी सांस्कृतिक शाम

31 मार्च को सुबह मंदिर पर ध्वजा चढ़ाने और पूजा-अर्चना के बाद सुबह 9 बजे स्थापना अनुष्ठान होगा। दोपहर 1 बजे गेर नृत्य का आयोजन होगा। जिसमें जालोर, सिरोही, पाली, बाड़मेर सहित विभिन्न जिलों के करीब 60 गेर नृत्य दल पारंपरिक वेशभूषा में लोक संस्कृति की छटा बिखेरेंगे। तपती रेत पर जब ये दल रंग-बिरंगे परिधानों में नृत्य करेंगे, ढोल-नगाड़ों की गूंज और पारंपरिक गीतों के सुरों से समूचा परिसर भक्तिरस में डूब जाएगा।

### महोत्सव में शामिल होंगे ये अतिथि

इस मेले में पशुपालन एवं डेयरी, गोपालन एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत, पंचायत राज, ग्रामीण विकास एवं आपदा प्रबंधन राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, विधायक एवं पूर्व ऊर्जा राज्य मंत्री पुष्पेंद्रसिंह राणावत तथा पूर्व जिला परिषद सदस्य गुलाब चौधरी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।



### भक्ति, शौर्य और संस्कृति का अनूठा संगम

**हर साल की तरह इस बार भी सोनाणा खेतलाजी का लक्खी मेला भक्ति , शौर्य और संस्कृति का अनोखा समागम प्रस्तुत करेगा। पहले दिन हॉर्स शो से शौर्य और वीरता की झलक, तो दूसरे दिन गेर नृत्य से लोक संस्कृति का रंग देखने को मिलेगा। श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए यह दो दिवसीय मेला एक अविस्मरणीय अनुभव साबित होगा।**

# बिजली लोड बढ़ाने की एवज में रिश्वत लेते इंजीनियर गिरफ्तार



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

जसवंतपुरा। बिजली कनेक्शन का लोड बढाने की एवज में सात हजार रुपए की रिश्वत लेते डिस्कॉम जसवंतपुरा में कार्यरत जूनियर इंजीनियर अंकित तिवारी को ट्रेप कर उसे रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मांगीलाल राठौड़ ने बताया कि मुख्यालय के निर्देशानुसार जसवंतपुरा डिस्कॉम में तैनात कनिष्ठ अभियंता अंकित तिवारी के खिलाफ शिकायत मिली थी। परिवादी ने बताया कि उसने अपने कॉम्प्लेक्स में लगे 1 केवी सिंगल फेस कनेक्शन को 15 केवी थ्री फेस में बदलवाने के लिए आवेदन दिया था, लेकिन जेईएन ने इसके बदले 7 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए एसीबी ने मामले का सत्यापन किया। जब यह स्पष्ट हो गया कि आरोपी रिश्वत की मांग कर रहा है, तब जोधपुर रेंज के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) हरेंद्र महावर के सुपरविजन में एएसपी मांगीलाल राठौड़ के नेतृत्व में ट्रेप कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

### रंगे हाथ दबोचा

एसीबी टीम ने जसवंतपुरा के रामसीन रोड स्थित डिस्कॉम कार्यालय में योजनाबद्ध तरीके से ट्रेप व्यवस्था की। जैसे ही आरोपी जेईएन परिवादी से 7 हजार रुपए की रिश्वत ले रहा था, टीम ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। एसीबी ने तुरंत आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया।

### पूछताछ जारी, हो सकते हैं और खुलासे

गिरफ्तारी के बाद एसीबी ने आरोपी कनिष्ठ अभियंता से पूछताछ शुरू कर दी है। अधिकारियों को संदेह है कि यह रिश्वतखोरी का अकेला मामला नहीं हो सकता और अन्य भ्रष्टाचार के मामलों की भी जांच की जा रही है। एसीबी अधिकारियों ने आम जनता से अपील की है कि यदि कोई भी सरकारी अधिकारी या कर्मचारी उनसे किसी भी प्रकार की रिश्वत की मांग करता है, तो तुरंत एसीबी को इसकी सूचना दें। भ्रष्टाचार के खिलाफ यह मुहिम जारी रहेगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# धूमधाम से मनाया मातरमाता मंदिर का वार्षिक मेला

## मातरमाता के जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** सिरणवा पहाड़ी स्थित मातरमाता मंदिर का वार्षिक मेला शुक्रवार को मातरमाता अर्बुदा ट्रस्ट धाम सिरोही द्वारा आयोजित किया गया। मेले में चढ़ावा लेने वाले लाभार्थी परिवार का सम्मान किया गया। समारोह के दौरान भजनों का आयोजन किया गया। जिसमें भजन कलाकार गोयली निवासी प्रकाश माली ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। ट्रस्ट अध्यक्ष बाबूलाल पुत्र मंछाराम सनपुर ने सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया। कार्यकारिणी ट्रस्ट से उपाध्यक्ष नेनाराम माली, महामंत्री हीरालाल, कोषाध्यक्ष मंछाराम, सचिव जयंतिलाल, उप मंत्री सीताराम, उप संरक्षक शंकरलाल, उप सभापति सुरेन्द्रसिंह, सह सचिव राजेश, संगठन मंत्री गुमानसिंह, खेताराम, रामलाल छीपा, प्रचार मंत्री सेसाराम, पर्यावरण मंत्री प्रकाश देवासी, मोहनलाल माली, रमेश कुमार, सलाहकार मगनलाल, सांकलाराम, सुरेश कुमार, कांतिलाल माली, वीसाराम, राजाराम, भूरमल छीपा, केवाराम देवासी, नेमाराम देवासी अर्जुन माली, मोहनलाल बोराणा, हमीराराम देवासी, मोतीराम देवासी, अशोक माली, कानाराम देवासी, भरत माली, वागाराम, प्रदीप माली, महेन्द्र भाई, रडमाराम समेत 36 कौम के भक्त हजारो की संख्या में उपस्थित रहे।





### दिन भर रहा भक्तों का ताता

ट्रस्ट अध्यक्ष बाबूलाल ने बताया कि कल सुबह से ही भक्तों का आना जाना शुरू हो गया था। कई भक्त समूह में माता जी की ध्वजा लेकर पहाड़ी के दुर्गम रास्ते से होते हुए मंदिर प्रांगण में पहुंच रहे थे। पूरे दिन माता और बहनों ने आराध्य देवी के भजनों से मंदिर का वातावरण धर्ममय कर दिया। रास्ते में भक्तों द्वारा शरबत पानी एवं प्रसाद आदि की व्यवस्था की गई थी। पूरे दिन भोजन प्रसादी की व्यवस्था लाभार्थी सुरेश कुमार पुत्र मंछाराम माली सनपुर के द्वारा की गई।

# जवाई में लेपर्ड ने चट्टान पर खड़ी बकरी का किया शिकार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** जवाई सफारी में एक तेंदुए ने अपनी शिकारी कौशल का जीवंत प्रदर्शन किया। शुक्रवार को एक बकरी अपने झुंड से पीछे रह गई। वह चट्टान पर अकेली खड़ी थी। तेंदुए ने पीछे से आकर मात्र 10 सेकंड में बकरी को अपना शिकार बना लिया। वह शिकार को पकड़कर पास की गुफा में ले गया। जवाई लेपर्ड सफारी, जवाई बांध के पास स्थित है। यह देशभर में प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है। यहां सुबह और शाम को जीप सफारी की सुविधा उपलब्ध है। पर्यटक यहां तेंदुओं के अलावा विभिन्न पक्षियों और मगरमच्छों का दीदार कर सकते हैं। पिछले कुछ वर्षों में जवाई सेलिब्रिटीज का पसंदीदा पर्यटन स्थल बन गया है। सचिन तेंदुलकर, अक्षय कुमार, कैटरीना कैफ, विक्की कौशल, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी जैसी हस्तियां यहां आ चुकी हैं। कई विज्ञापन फिल्मों की शूटिंग भी यहां की गई है। जवाई को लेपर्ड कंजर्वेशन रिजर्व का दर्जा मिला हुआ है। यहां के पैरवा, सैणा, जीवदा समेत करीब 20 गांवों में तेंदुओं की 70-80 फैमिली निवास करती हैं।

राजस्थान सरकार

## अपील

मेरे प्रदेशवासियों,

हमारी सरकार ने इस वर्ष से 30 मार्च के स्थान पर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर राजस्थान दिवस मनाने का निर्णय लिया है। जिस वृहद् राजस्थान के उपलक्ष्य में हम राजस्थान दिवस मनाते हैं, वह भारतीय नववर्ष की तिथि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र इंद्रयोग की शुभ घड़ी में अस्तित्व में आया था। सौभाग्य से इस बार भी वही शुभ संयोग बन रहा है।

इस अवसर पर मैं समस्त प्रदेशवासियों को राजस्थान दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। आपसे अपील करता हूं कि आप अपने घरों, प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक स्थलों पर दीपक, मोमबत्तियां या रोशनी के अन्य स्रोतों के माध्यम से राजस्थान की सामूहिक चेतना, सांस्कृतिक गौरव और एकता का प्रकाश फैलाएं। यह रोशनी हमारी गौरवमयी परंपराओं और विरासत के सम्मान के साथ ही हमारी जीवटता, एकता और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ते कदमों का प्रतीक बनेगी।

इस पुनीत अवसर पर मैं प्रदेशवासियों के साथ ही विशेष रूप से मातृशक्ति से भी अनुरोध करता हूं कि वे समाज को रोशन करने की इस पहल में अपने परिवार और समुदाय के साथ इस दीपोत्सव में सहभागी बनकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

आप जगमग रोशनी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करें और हैशटैग #RajasthanDiwas2025 के साथ इस पर्व को जन-जन तक पहुंचाएं।

जय राजस्थान

धन्यवाद।



भजनलाल शर्मा
मुख्यमंत्री, राजस्थान

राजस्थान संवाद

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान सरकार

# पिंडवाड़ा की भूमिका ने विधानसभा में रखी बात

### विकसित भारत युवा संसद, एक भारत श्रेष्ठ भारत संविधान के 11 वें संकल्प पर बोली

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से विकसित भारत युवा संसद का आयोजन देश भर में किया जा रहा है। जिसकी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता राजस्थान विधानसभा में आयोजित की गई। जिसमे कुल 140 युवाओं ने भाग लिया। पिण्डवाड़ा से भूमिका ओझा पुत्री अश्विन कुमार ओझा ने विधानसभा में अपनी बात रखते हुए संविधान का ग्यारहवा संकल्प याद दिलाया कि हमें हमारे भारत को एक भारत व श्रेष्ठ भारत बनाना है व तकनीकी जानने वाला युवा भारत के लिए कार्य करे जो भी खेले वो भारत के लिए खेले हमारे देश के युवा नासा के लिए नहीं, इसरो के लिए काम करे तभी हमारा भारत एक भारत श्रेष्ठ भारत बनेगा। भूमिका के विधानसभा पहुंचने पर पिण्डवाड़ा उपखण्ड क्षेत्र में खुशी की लहर भूमिका के विधानसभा के शानदार भाषण के बाद सभी नगर वासियों ने बधाईयां व शुभकामनाएं प्रेषित की। विप्र फाउंडेशन प्रदेश अध्यक्ष अशोक टाइगर, जिलाध्यक्ष हिम्मत राजपुरोहित, युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मनीष त्रिवेदी, नगर से चिराग पुरोहित, युवा जिला उपाध्यक्ष नकुल ओझा सहित समस्त शुभ चिंतकों ने व परिवार जनों ने भूमिका ओझा को बधाई व शुभकामनाएं दी।

# पाली को हर क्षेत्र में समृद्ध बनाने की विपुल संभावनाएं

## राजस्थान स्थापना दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम



### प्रभारी मंत्री झाबर सिंह ने किया पंच गौरव पुस्तिका का विमोचन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** राजस्थान स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में जिला परिषद में जिला स्तरीय सुशासन समारोह का प्रसारण व आयोजन किया गया। जिसमें प्रभारी एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने जिले के विकास व उत्पादों की पंच गौरव पुस्तिका का विमोचन किया और कार्यक्रम में भाग लिया। जिसमें जिले के विभिन्न विकास की संभावनाओं, कार्या व जानकारी पर प्रकाश डाला गया है। इसमें एक जिला एक उत्पाद में कपड़े की रंगाई छपाई टेक्सटाईल प्रोसेस, एक जिला एक उत्पाद मेहन्दी, एक जिला एक वनस्पति नीम का वृक्ष, एक जिला एक खेल बास्केटबाल, एक जिला एक पर्यटन स्थल रणकपुर जैन मन्दिर को शामिल किया गया है व विकास और उपलब्धियों की संभावनओं को बताया गया है जिनमें पाली जिला समृद्ध बन सकता है। जिला परिषद में आयोजित कार्यक्रम में जिला कलक्टर एलएन मंत्री, पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट, अतिरिक्त जिला कलक्टर अश्विनी सिंह पंवार, सीईओ मुकेश चौधरी, यूआईटी सचिव डॉ पूजा सक्सेना सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी, सुनील भंडारी, हेमन्त चौधरी व आमजन मौजूद रहे। इससे पहले प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने शहर के लाखोटिया उद्यान का जायजा लिया और वहां की जानकारी लेकर समस्याओं को सुना और आवश्यक कदम उठाये जाने के लिए कहा।

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक हेमल पुरोहित द्वारा ई. 3 सारणेश्वर रीको औद्योगिक क्षेत्र सिरोही 307001 से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक हेमल पुरोहित, रजि. न. RAJHIN/2009/28325.फोन नं. 02972-221920. email:- jtsirohi@gmail.com.